डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

# रोज़गार और निर्माण

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल 09.09.2024 से 15.09.2024 ▶ वर्ष-41 ▶ अंक-37 ▶ मूल्य ₹ 10.00

### मुख्यमंत्री ने लोकमाता के सम्मान में कहा अगली मंत्रिपरिषद की बैठक महेश्वर में होगी

# लोकमाता अहिल्या देवी ने राजकोष के अलावा स्वयं के कोष से जन-कल्याण के कार्यों को मूर्तरूप दिया




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता अहिल्या देवी के 300वें जन्मोत्सव वर्ष के आयोजन पर चर्चा की

**भोपाल,** लोकमाता अहिल्या देवी के 300वें जन्मोत्सव वर्ष पर लोकमाता के जन-कल्याण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। सुशासन के साथ राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव की वृद्धि के लिए, लोकमाता अहिल्या देवी के योगदान का हम सभी स्मरण करते हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंत्रिपरिषद की बैठक से पूर्व मंत्रीमंडल के साथियों से चर्चा के दौरान कही। उन्होंने कहा कि मंत्रि परिषद की आगामी बैठक खरगोन जिले के महेश्वर में रखी जाएगी। प्रदेश में लोकमाता अहिल्या देवी के कार्यों से देशवासियों को परिचित कराने के लिए विविध आयोजन किए जाएंगे। लोकमाता अहिल्या देवी ने राजकोष के अलावा स्वयं के कोष से जन-कल्याण के कार्यों को मूर्तरूप दिया। मुख्यमंत्री ने होल्कर परिवार के न्यास (खासगी ट्रस्ट) की व्यवस्था द्वारा पति की ओर से पत्नी को आय का 25 प्रतिशत अंश प्रदान करने की परम्परा की जानकारी भी दी।

### रेल परियोजना को मिली स्वीकृति

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश के मालवा और निमाड़ अंचल के साथ ही अन्य क्षेत्रों की प्रगति के लिए दशकों से लंबित इंदौर-मनमाड़ ब्राडगेज डबल लाइन की स्वीकृति केन्द्रीय कैबिनेट द्वारा दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह 18036 करोड़ रुपये लागत की रेल परियोजना प्रदेश के लिए नई लाइफ लाइन होगी जिससे इकोनॉमिक कॉरिडोर का विकास होगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से प्रदेश के बड़वानी, धार, खंडवा, खरगोन, इंदौर सहित निकटवर्ती जिले लाभान्वित होंगे।

### वार्षिक आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्या देवी ने निजी राशि से देश के अनेक स्थानों में मंदिरों के निर्माण और सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार के कार्य किए। मध्यप्रदेश सरकार ने 14 सदस्यीय समिति गठित की है, जो अहिल्या देवी की जन-कल्याण की भावना के साथ आत्म-निर्भर बनाने के उनके प्रयत्नों को व्यवहार में परिणित करने के संबंध में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय करेगी। संस्कृति विभाग और अन्य विभागों की भागीदारी से सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक गतिविधियों के आयोजन की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

### शहरों में प्रारंभ होंगे गीता भवन केन्द्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक विकासखंड में एक वृंदावन गांव विकसित किया जाएगा। यह गांव स्वावलंबी एवं स्वच्छ और निर्मल होंगे। इनमें सामुदायिक भवन, सार्वजनिक शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी। वनांचल में वनोपज संग्रहण केन्द्र भी होंगे। पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के साथ ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों के उपयोग से ग्राम नए स्वरूप में सामने आएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में गीता भवन प्रारंभ किए जाएंगे, जो वैचारिक अध्ययन केन्द्र भी होंगे। यहाँ पठन-पाठन की व्यवस्था होगी। यहां भारतीय संस्कृति से अवगत करवाने वाली पुस्तकों का संग्रह होगा और विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से साहित्य उपलब्ध करवाया जाएगा।

## संक्षिप्त खबर

### राष्ट्रपति ने प्रदेश के सात शिक्षकों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली,** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस पर विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रदेश के सात शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 प्रदान किया। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा श्रीमती सुनीता गोधा, श्री माधव प्रसाद पटेल, श्रीमती सुनीता गुप्ता तथा उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रो. नीलाभ तिवारी और प्रो. कपिल आहूजा को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा श्रीमती प्रेमलता राहंगडाले और श्री प्रशांत दीक्षित को पुरस्कृत किया गया।

### बच्चे राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय का करें अधिक से अधिक उपयोग

**भोपाल,** बच्चों और किशोरों के लिये राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय और राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी की पहल केन्द्रीय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने की है। ई-पुस्तकालय का उद्देश्य विभिन्न भौगोलिक भाषाओं, शैलियों और शैक्षिक स्तरों पर बच्चों और किशोरों को उच्च गुणवत्ता वाली गैर शैक्षणिक पुस्तकों तक मुफ्त पहुंच प्रदान करना है। राष्ट्रीय डिजिटल लाइब्रेरी का यह एप्लीकेशन, एंड्रॉइड और आईओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय एप्लिकेशन प्रत्येक आयु समूह (3-8, 8-11, 11-14 और 14-18) के लिए उपलब्ध हैं। इस प्लेटफार्म पर कहानियाँ, जीवनियां, क्लासिक वैज्ञानिक कहानियाँ और उपन्यास आदि के साथ वर्गीकृत हजारों पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसमें डिजिटल रीडर्स क्लब, इन्टेरेक्टिव सेशन और मॉनीट्रिंग्स रीडर्स का प्रावधान है।

### रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव से रोज़गार के बढ़ रहे अवसर

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव बड़ी संख्या में रोज़गार के अवसर उत्पन्न कर रही है। हाल ही में 28 अगस्त को ग्वालियर में सम्पन्न कॉन्क्लेव में 15 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधियों सहित 4 हजार से अधिक प्रतिनिधि और निवेशक शामिल हुए। लगभग 400 बॉयर-सेलर मीट हुईं। करीब 8 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनके फलस्वरूप 35 हजार लोगों को रोज़गार प्राप्त होगा। आगामी 27 सितम्बर को सागर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की तैयारियां की जा रही हैं। अक्टूबर माह में रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित की जाएगी।

### भीतर के पृष्ठों पर


- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं


(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

### नई प्रौद्योगिकी के युग में विचार-विमर्श से समावेशी विकास के नए मार्ग प्रशस्त होंगे

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएसआईआर एम्प्री में निर्माण उद्योग विकास परिषद द्वारा आयोजित कांफ्रेंस को वर्चुअली संबोधित किया। अधोसंरचना निर्माण में नवाचारों का समावेश विषय पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री उज्जैन से वर्चुअली जुड़े और उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आर्थिक प्रगति के मार्ग पर रफ्तार के साथ दौड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि अधोसंरचना का काम रीढ़ की हड्डी की तरह होता है, जिस पर आर्थिक और समावेशी विकास की नीतियां आकार लेती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रौद्योगिकी की ताकत को पहचाने, इसका सदुपयोग कर समाज हित में संकल्प को पूर्णता प्रदान करें ताकि इस पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ी भी लाभान्वित हो सके।

## प्रदेश में सरकारी विकास योजनाओं को गति देने के लिये हुआ टीडीआर पोर्टल का निर्माण

**भोपाल,** प्रदेश में सरकारी विकास परियोजनाओं के लिये भूमि प्राप्त करने में आने वाली कठिनाइयों को दूर करने और पारदर्शी बनाने के लिये नगर तथा ग्राम निवेश (टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग) ने हस्तांतरणीय विकास अधिकार पोर्टल (टीडीआर पोर्टल) तैयार किया है। इस पोर्टल को एमपीएसईडीसी द्वारा विकसित किया गया है। पोर्टल को तैयार करने का उद्देश्य योजनाबद्ध और नियंत्रित विकास को प्रोत्साहित करना है।

पोर्टल के माध्यम से भू-स्वामी अपनी भूमि की विकास क्षमता को एक स्थान से दूसरे स्थान पर हस्तांतरित कर सकेंगे। प्रदेश में कोई भी सरकारी एजेंसी, जिसे अपनी परियोजना के क्रियान्वयन के लिये किसी भूमि की आवश्यकता होती है, वह टीडीआर पोर्टल के माध्यम से उस भूमि को प्राप्त करने के लिये आवेदन कर सकती है। इसके बाद जिस भी भू-स्वामी द्वारा शासकीय परियोजनाओं के लिये निःशुल्क भूमि दी जाती है, उसे उसकी समर्पित की गई भूमि के कम से कम दोगुने क्षेत्र के विकास अधिकार की पात्रता मिलती है।

भूमि स्वामी स्वयं इन विकास अधिकारों का उपयोग कर सकता है या टीडीआर बैंक के माध्यम से इन्हें बेच सकता है। इसके अतिरिक्त इस पोर्टल पर आम नागरिकों या किसी निर्माण संस्था द्वारा भी इन्हें खरीदा जा सकता है। टीडीआर पोर्टल के माध्यम से क्रेता और विक्रेता दोनों ही अपनी आवश्यकतानुसार एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं।

## शिक्षा और कॅरियर निर्माण के लिए समाज के युवाओं को देंगे सभी सुविधाएं - मुख्यमंत्री

**भोपाल,** प्रदेश में रहने वाले विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु समुदाय के लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिया जाएगा। प्राचीन काल से घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु जातियों ने साहस और शौर्य के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रवीन्द्र भवन भोपाल में विमुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने कहा कि घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु जातियों के युवाओं और अन्य प्रतिभाओं को शिक्षा के साथ अच्छे भविष्य और कॅरियर निर्माण के लिए राज्य सरकार पूर्ण सहयोग करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन जातियों को एक स्थान का निवासी घोषित करने के उद्देश्य से एक स्थान मान्य करते हुए मूल मुकाम को दर्ज किया जाएगा। इसके अनुसार आवश्यक अभिलेख तैयार करने में मदद मिलेगी। इससे



घुमन्तु और अर्द्ध-घुमन्तु समुदाय की वे जातियां जो वर्तमान में कल्याणकारी योजनाओं के लाभों से छूटी हुई हैं उन्हें भी योजनाओं का लाभ दिया जा सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाट, चारण, बेलदार, पारधी, कुचबंदिया आदि जातियों को भी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कबूतरी, कालबेलिया, सिकलीगर, बांछड़ा आदि जातियों के लिए विशेष योजना बनेगी। गड़रिया, लोहार जाति एवं अन्य जातियों के लिए आवश्यकतानुसार आवास व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देते हुए इन जातियों के नागरिकों को बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाएं दी जाएंगी। युवाओं को आवश्यक प्रशिक्षण का भी लाभ दिया जाएगा।

### आवश्यक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि अग्निवीर और अन्य योजनाओं से लाभान्वित करने पर ध्यान दिया जाएगा। इन जातियों के युवाओं के लिए खेल क्षेत्र में भी आवश्यक प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। संभाग स्तर पर इन जातियों की लोक-संस्कृति को प्रोत्साहन देने के लिए प्रयास किए जाएंगे एवं गीता भवनों से भी समाज की जातियों को जोड़ा जाएगा।




## 31 अगस्त

### अब पेंशन फार्म भरने में होगी आसानी

● सेवानिवृत्त कर्मचारियों को राहत देने के लिए कार्मिक राज्यमंत्री श्री जितेंद्र सिंह ने



सरल पेंशन आवेदन पत्र जारी किया। इसके तहत नौ अलग-अलग फार्म को 'फार्म 6 ए' में मिला दिया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नए एकीकृत फार्म को ऐसा इसलिए बनाया गया है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए इसे भरना आसान होगा। इससे पूरी प्रक्रिया सुव्यवस्थित होगी और इसे भरने में समय भी बहुत कम लगेगा। श्री सिंह ने यह भी कहा कि इस यूजर फ्रेंडली फार्म से लाखों वरिष्ठ नागरिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे वे अपने पेंशन संबंधी मामलों का अधिक आसानी और सुविधा के साथ प्रबंधन कर सकेंगे।

● वर्ष 2025 से हल्के निजी एवं सार्वजनिक वाहनों के लिए नए मानक तय होंगे। वर्ष 2026 से भारी वाहनों के लिए नए नियम प्रभावी होंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के मुताबिक, 31 मार्च 2025 के बाद बने हल्के वाहनों में फ्रंट और बैकसीट के लिए बेल्ट अलार्म सिस्टम आवश्यक होगा। पिछली सीटों पर बैठने वालों के लिए सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है और इसका उल्लंघन करने पर 1,000 रुपये के चालान का प्रावधान है। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क इंजीनियरिंग की खामियों को भी अगले दो साल में दूर किया जाएगा। वर्ष 2026 से सीट बेल्ट अलार्म सिस्टम भारी वाहनों पर भी लागू होगा।

● इजराइल ने गाजा में मानवीय मदद पहुंचाने और बच्चों के पोलियो टीकाकरण के लिए युद्ध विराम पर सहमति जताई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि इजराइल ने 3 दिनों तक युद्ध विराम पर रजामंदी जताई है। इस टीकाकरण अभियान में 6.40 लाख बच्चों को टीका लगाया जाएगा।

## 1 सितम्बर

### हरियाणा में अब पांच अक्टूबर को होगा मतदान

● निर्वाचन आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीख बदल दी है। अब पांच अक्टूबर को मतदान होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। आयोग ने जम्मू कश्मीर में मतगणना की तारीख भी बदल दी है, जो अब हरियाणा के साथ आठ अक्टूबर को ही होगी। हालांकि, नामांकन दाखिल करने और नामांकन पत्रों की जांच पड़ताल की तारीखों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख एक अक्टूबर रखी गई थी।

● ब्रिटेन के एक निजी स्कूल में 'शिक्षक रहित' क्लासरूम की शुरुआत की जा रही है। इस क्लासरूम में शिक्षकों की बजाय केवल एआई द्वारा छात्रों को पढ़ाया जाएगा। पढ़ाई एआई प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हुए कंप्यूटर और वर्चुअल रियलिटी हेड सेट के माध्यम से करवाई जाएगी। क्लासरूम में 20 छात्रों को शामिल किया गया है। हर छात्र को सालाना 27 हजार पाउंड (30 लाख रुपये) फीस देनी होगी। एआई प्लेटफॉर्म पढ़ाने के साथ छात्रों का मूल्यांकन भी करेगा। वह देखेगा कि छात्र किन विषयों में अच्छे हैं और कहां उन्हें मदद की जरूरत है। इसके आधार पर एआई छात्रों के लिए पाठ भी तैयार करेगा।

## 2 सितम्बर

### भारत में बनेंगे नई पीढ़ी के हेलीकॉप्टर इंजन

● सशस्त्र बलों के लिए स्वदेशी मल्टी-



रोल हेलीकॉप्टरों और डेक-आधारित मल्टी-रोल हेलीकॉप्टरों के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और फ्रांस की कंपनी सफल हेलीकॉप्टर इंजन प्राइवेट लिमिटेड के बीच करार हुआ है। इस करार के तहत बनने वाले इंजन का नाम 'अरावली' रखा गया है। इंजन की डिजाइन और उत्पादन के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी स्थापित की जाएगी। नया संयुक्त उद्यम भारत-फ्रांस के बीच वर्तमान सहयोग के क्षेत्र को और विस्तार देगा। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री सीबी अनंतकृष्णन ने कहा कि फ्रांसीसी कंपनी सफल के साथ यह साझेदारी भारत के एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों में तकनीकी आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में हमारी यात्रा का एक महत्वपूर्ण क्षण है।

● केंद्रीय रेलवे मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने 'वंदे भारत स्लीपर कोच' के प्रोटोटाइप संस्करण का अनावरण किया। उन्होंने भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) के परिसर में बताया कि कोच को ट्रैक पर उतारने से पहले कठिन परीक्षण किया जाएगा। अगले तीन महीनों में इस ट्रेन से यात्रियों का परिचालन शुरू करने की तैयारी है। श्री वैष्णव ने यह भी कहा कि बहुत सावधानी बरतते हुए, कई सुरक्षा विशेषताओं के साथ, स्टाफ के लिए सुविधाओं को ध्यान रखते हुए वन्दे चेयरकार, वन्दे स्लीपर, वन्दे मेट्रो और अमृत भारत जैसी 4 ट्रेनों का विन्यास किया गया है। साथ ही साथ यह मध्यम वर्ग की सवारी है इसलिए इसका किराया किफायती होगा। रखरखाव कर्मचारियों के लिए एक अलग केबिन भी बनाया गया है।

● टॉप-100 यूनिवर्सिटी में शामिल ब्रिटेन की साउथेम्पटन यूनिवर्सिटी अपने भारतीय कैंपस में अगले आठ साल में 30 पाठ्यक्रम शुरू करेगी और 5,000 से अधिक छात्रों को दाखिला देगी। अगले सत्र से यहां स्नातक और परास्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। यह यूनिवर्सिटी यूजीसी मानदंडों के तहत भारत में कैंपस स्थापित करने वाली पहली विदेशी यूनिवर्सिटी होगी। साउथेम्पटन कैंपस की तुलना में इस भारतीय कैंपस में ट्यूशन फीस 40 प्रतिशत कम होगी और दाखिले की प्रक्रिया समान होगी।

## 3 सितम्बर

### किसानों के लिए 14 हजार करोड़ की योजनाएं मंजूर

● किसानों की आय में सुधार करने के लिए केंद्रीय कैबिनेट ने कृषि और कृषि से जुड़े



क्षेत्रों के लिए 14 हजार करोड़ रुपये की 7 बड़ी योजनाओं को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इनमें से 2,817 करोड़ रुपये डिजिटल कृषि मिशन के लिए दिए जाएंगे। वहीं, फसल विज्ञान के लिए 3,979 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। डिजिटल कृषि मिशन में एग्री स्टैक और कृषि निर्णय सहायता प्रणाली विकसित की जाएगी। केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि 1,702 करोड़ रुपये स्थायी पशुधन स्वास्थ्य और उत्पादन के लिए दिए जाएंगे। इससे पशु स्वास्थ्य प्रबंधन और चिकित्सा शिक्षा के आधुनिकीकरण डेयरी उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।

● गाजा में छह बंधकों की हत्या के विरोध स्वरूप इजरायल में व्यापक प्रदर्शन हुआ। पीड़ित परिवारों के साथ आम लोगों ने प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से युद्धविराम की मांग करते हुए बंधकों की सुरक्षित रिहाई की मांग की। दूसरी ओर, गाजा में 48 घंटे के दौरान इजरायली सेना की कार्रवाई में 24 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। गाजा में हमास लड़ाकों द्वारा बंधकों की हत्या से इजरायल के लोगों में काफी रोष रहा। इजरायल सरकार की बंधकों की सुरक्षित रिहाई में विफलता के विरोध में कई श्रम संगठनों ने आम हड़ताल का आह्वान किया।

● सरकार ने 23वें विधि आयोग के गठन की अधिसूचना जारी कर दी है। विधि आयोग का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के सेवारत जज इसके अध्यक्ष एवं सदस्य होंगे। आयोग में एक पूर्णकालिक अध्यक्ष और सदस्य सचिव समेत चार पूर्णकालिक सदस्य होंगे। कानूनी मामलों के विभाग के सचिव और विधायी विभाग के सचिव इसके पदेन सदस्य होंगे। उल्लेखनीय है कि 22वें विधि आयोग का कार्यकाल 31 अगस्त 2024 को समाप्त हो गया है।

## 4 सितम्बर

### केंद्र सरकार ने सैन्य परियोजनाओं को दी मंजूरी

● केंद्र सरकार ने देश की रक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने के लिए सशस्त्र सेनाओं के लिए 1.45 लाख करोड़ रुपये के 10 पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। यह फैसला रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लिया गया। इन प्रस्तावों में भारतीय नौसेना के लिए सात हाईटेक युद्धपोतों का निर्माण भी शामिल हैं। भारतीय सेना के पुराने टी-72 टैंकों को मॉडर्न फ्यूचर रेडी काम्बैट व्हीकल्स (एफआरसीवी) से बदलने का प्रस्ताव भी है। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक लड़ाकू वाहनों, वायु अग्नि नियंत्रण रडार, डोर्नियर-228 विमानों, अगली पीढ़ी के तेज गश्ती और अपतटीय गश्ती जहाजों की खरीद की जानी है। इन रक्षा खरीदों से न केवल दुर्गम स्थानों पर पहुंचा जा सकेगा, बल्कि सैन्यबलों की मारक क्षमता भी अचूक होगी।

● केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बताया है कि वर्ष 2025 के पद्म अलंकरणों के लिए 15 सितम्बर तक नामांकन और सिफारिश की जा सकती है। नागरिक खुद के नामांकन सहित दूसरों के नाम की सिफारिश ऑनलाइन कर सकते हैं। मंत्रालय के अनुसार पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिश सिर्फ राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही की जा सकती है। उल्लेखनीय है कि पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में शामिल हैं।

● अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और एशियाई विकास बैंक (एबीडी) के बाद अब वर्ल्ड बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के ग्रोथ के अनुमान को 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। विश्व बैंक के अनुसार कृषि क्षेत्र में सुधार और ग्रामीण मांग में तेजी से भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ रेट तेज बनी रहेगी। विश्व बैंक के वरिष्ठ अर्थशास्त्री रान ली के मुताबिक मानसून में सुधार, निजी खपत और निर्यात बढ़ने से जीडीपी का पूर्वानुमान सुधरा है।

## 5 सितम्बर

### रेलवे अपने कर्मचारियों के लिए जारी करेगा यूएमआईडी कार्ड

● भारतीय रेलवे अपने कर्मचारियों, उनके आश्रितों और पेंशनर्स को यूनिक मेडिकल आइडेंटिफिकेशन (यूएमआईडी) कार्ड जारी करेगा। इसके जरिए बिना रेफरल के रेलवे के चिह्नित अस्पतालों और सभी एम्स में मुफ्त इलाज करवाया जा सकेगा। इस कार्ड का शुल्क 100 रुपये रखा गया है। रेलवे के सेवारत कर्मचारियों, पेंशनर्स और उनके आश्रितों को हेल्थ मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम के जरिए उनके आग्रह करने पर कार्ड मुहैया करवाया जाएगा। इसे कर्मचारी-पेंशनर के डिजीलॉकर में रखा जाएगा। एचएमआईएस एप पर संबंधित कर्मचारी-पेंशनर की प्रोफाइल पर भी कार्ड उपलब्ध होगा। इस कार्ड का रेलवे के सभी अस्पतालों, पैनल में शामिल निजी अस्पताल, डायग्नोस्टिक सेंटर में हर तरह के इलाज में उपयोग हो सकेगा।

● चश्मा लगाने वालों को अब पढ़ते वक्त चश्मे की जरूरत नहीं पड़ेगी। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने 'रीडिंग ग्लास' से छुटकारा दिलाने वाले आई ड्रॉप 'प्रेसवू' को मंजूरी दी है। अक्टूबर के पहले सप्ताह से यह 350 रुपये में उपलब्ध होगी। मुंबई के एंटोड फार्मास्यूटिकल्स की बनाई यह दवा पुतलियों के आकार को कम करके पास की चीजों को देखने में मदद करती है। आई ड्रॉप 40 से 55 वर्ष की आयु के दौरान हल्के से मध्यम प्रेसबायोपिया की समस्या से जूझ रहे लोगों के लिए विशेष फायदेमंद है। जानकारी के अनुसार ड्रॉप्स डालने के 15 मिनट में साफ दिखना शुरू हो जाएगा। इसका असर अगले छह घंटों तक रहता है।

● रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग को ढाई साल हो चुके हैं। इस बीच यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। कुलेबा ने पद छोड़ने के पीछे की वजह नहीं बताई है। कुलेबा के अलावा यूक्रेन के न्याय मंत्री, रणनीतिक उद्योग और पर्यावरण संरक्षण मंत्री ने भी इस्तीफा दिया है। यूक्रेन संसद ने इनका त्याग पत्र स्वीकार कर लिया है। कुलेबा के उत्तराधिकारी के नाम की घोषणा जल्द होने की संभावना है।

## 6 सितम्बर

### अब देश के किसी भी बैंक से ले सकेंगे पेंशन

● श्रम मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने जानकारी दी कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की पेंशन योजना के दायरे में आने वाले पेंशनधारक जनवरी से किसी भी बैंक या उसकी शाखा से पेंशन ले सकेंगे। श्रम मंत्रालय ने बयान में बताया कि श्री मांडविया ने कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) 1995 के लिए एक केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली (सीपीपीएस) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इससे ईपीएफओ के 78 लाख से अधिक ईपीएस-95 पेंशनधारकों को लाभ होने की उम्मीद है। केंद्रीकृत प्रणाली पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में स्थानांतरित करने की आवश्यकता के बिना पूरे देश में पेंशन का निर्बाध वितरण सुनिश्चित करेगी।

● ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) बीमारी के ऐसे-ऐसे प्रकार वैज्ञानिकों के सामने आए हैं, जो मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट (एमडीआर) और एक्स्ट्रीमली ड्रग रेसिस्टेंट (एक्सडीआर) हैं। इस प्रकार की टीबी होने पर अधिकांश एंटी-टीबी दवाएं निरर्थक हो जाती हैं। आईआईटी इंदौर ने टीबी के उन प्रकारों के निवारण की दवा खोज ली है, जिन पर कोई दवा काम नहीं करती। यह खोज आईआईटी इंदौर के प्रोफेसर श्री वेंकटेश चेल्वम और प्रोफेसर श्री अविनाश सोनवाणे के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने की। ड्रग डिस्कवरी प्रोग्राम के तहत इन्होंने टीबी के इलाज के लिए 150 से अधिक नए एंटी बैक्टीरियल कंपाउंड बनाए हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

ARIHANT COLLEGE
SINCE 2006
Approved by MP Higher Education, Affiliated with DAVV
"NAAC Accredited"
Selection Under College Code 28
Invites applications for BA (Economics, Political Science, History Geography, Sociology, Hindi Literature, English Literature)
Post for: HOD, Professor, Associate Professor, Assistant Professor
Eligibility: as per UGC Norms
Interested candidates can send their resume with relevant documents & experience certificates to the below address within 8 days.
453 Khandwa Road, Opp. Radha Soami Satsang, Indore (M.P.)
Email: arihantcollege@gmail.com, Ph.: 0731-2461303, 93023 33650
R-50013/2024

वर्ष 41, अंक 37 09.09.2024 से 15.09.2024
रोज़गार और निर्माण
rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

**वार्षिक सदस्य बनने के लिये** रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
**रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011**
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

## सम्पादकीय

# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना से मिला कारीगरों को आत्मविश्वास और संबल

लगभग एक वर्ष पूर्व सितंबर 2023 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना कारीगरों के जीवन में बदलाव लाने में सफल हुई है। यह प्रधानमंत्री जी की दूरदृष्टि का ही परिणाम है कि उन्होंने हुनरमंद कारीगरों को संबल देने के लिये इस योजना की परिकल्पना की और इसे पूरे देश में लागू किया। मध्यप्रदेश के कारीगरों के लिये भी यह योजना लाभकारी सिद्ध हुई है। यही कारण है कि प्रदेश में अब तक 29 लाख 40 हजार 426 से अधिक कारीगरों ने पंजीयन कराया है। यही नहीं लगभग 31 हजार से अधिक ऐसे कारीगर हैं जो इस योजना के अंतर्गत मिलने वाले प्रशिक्षण को पूरा कर चुके हैं और अब वे आर्थिक रूप से सबल हो गये हैं। उल्लेखनीय है कि इस योजना का उद्देश्य अपने हाथों और औजारों से काम करने वाले पारम्परिक कारीगरों एवं शिल्पकारों को सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराना है। योजना में 18 प्रकार के परम्परागत व्यवसायों जैसे बढ़ई, नाव-निर्माता, कवच निर्माता, लोहार, हथौड़ा और टूल-किट निर्माता, ताला बनाने वाले, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार (मूर्तिकार तथा पत्थर तराशने वाले), पत्थर तोड़ने वाले, मोची (चर्मकार), जूते बनाने वाले, राज-मिस्त्री, टोकरी, चटाई, झाड़ू निर्माता, कॉयर बुनकर, गुड़िया और खिलौने निर्माता (पारम्परिक), नाई, माला निर्माता, धोबी, दर्जी और मछली पकड़ने के जाल बनाने वाले कारीगरों को शामिल किया गया है। कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा इन पंजीयन आवेदनों में से पात्र कारीगरों एवं शिल्पकारों को प्रशिक्षण दिया जाता है, उसके बाद उनके उत्पादों को बेचने के लिये 'सेल प्लेटफार्म' भी मुहैया कराये जाने की योजना है। केन्द्र सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की पीएम विश्वकर्मा योजना में कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग 'ट्रेनिंग पार्टनर' के रूप में काम करेगा। योजना के घटकों में पीएम विश्वकर्मा प्रमाण-पत्र एवं आईडी कार्ड के जरिये कारीगरों और शिल्पकारों का पात्रता पंजीयन किया जाएगा। इन पात्र कारीगरों को 5 से 7 दिनों का बुनियादी प्रशिक्षण और 15 दिन या इससे अधिक दिन का उन्नत प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान 500 रुपये प्रतिदिन की दर से स्टायपेंड भी दिया जाएगा। इसके अलावा बुनियादी कौशल प्रशिक्षण की शुरुआत में ई-वाउचर के रूप में 15 हजार रुपये तक का टूलकिट प्रोत्साहन भी दिया जाएगा। योजना में कारीगरों एवं शिल्पकारों को व्यवसाय, दुकान, आउटलेट स्थापित करने के लिये बैंक लिंकेज तथा पात्रतानुसार स्व-रोज़गार के लिये लोन लिंकेज, डिजिटल लेन-देन के लिये प्रोत्साहन और विपणन सहायता भी दी जाएगी। कारीगरों से प्राप्त कुल पंजीयन आवेदनों में से अब तक 12 लाख 76 हजार 646 कारीगरों के आवेदन प्रशिक्षण के लिये मान्य कर लिये गये हैं। प्रदेश में 37 जिलों में 15 ट्रेड्स में 39 ट्रेनिंग प्रोवाइडर्स के माध्यम से कौशल विकास की प्री-बेसिक ट्रेनिंग देकर 128 प्रशिक्षण केन्द्रों में कारीगरों को टूल-किट प्रदाय के लिये चयनित कर लिया गया है। इसी प्रकार 38 जिलों में 15 ट्रेड्स में 107 ट्रेनिंग प्रोवाइडर्स के जरिये 80 बैचेस में कारीगरों को कौशल विकास की बेसिक ट्रेनिंग दी जा रही है। अब तक 31 हजार 612 कारीगरों को प्री-बेसिक ट्रेनिंग दी जा चुकी है और वर्तमान में 2 हजार 941 कारीगरों की ट्रेनिंग जारी है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के माध्यम से प्रदेश के कौशल तंत्र को जरूरतों के अनुसार ढालने का काम किया जा रहा है। इस योजना का लाभ लेकर कारीगर अपनी स्किल को और बढ़ा पाने में सफल हुए हैं।

## ऑस्ट्रेलिया के वैज्ञानिकों की रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार पृथ्वी के बाहरी कोर में है छल्लेदार आकृति

ऑस्ट्रेलिया के नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू) के वैज्ञानिकों के समूह ने भूकंपीय तरंगों पर शोध किया है। इस शोध कार्य के उपरांत आई रिपोर्ट में चौंकाने वाले परिणाम मिले हैं। यह रिपोर्ट पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की गतिशीलता के कुछ रहस्यों को उजागर करती है। शोध में पता चला है कि पृथ्वी के बाहरी कोर पर छल्लेदार आकृति स्थित है। वैज्ञानिकों के अनुसार रहस्यों से भरी पृथ्वी के केंद्र में पहली बार छल्लेदार आकार वाले क्षेत्र की आकृति देखी गई है। यह क्षेत्र पृथ्वी के तरल कोर के भीतर है, जो हमारे ग्रह की चुंबकीय क्षेत्र की गतिशीलता के बारे में नए रहस्य उजागर करता है। इसे गोल आकार का बताया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के तरल कोर के भीतर की संरचना केवल कम अक्षांशों पर पाई जाती है और यह भूमध्य रेखा के समानांतर बैठती है। वहीं, साइंस एडवांसेज में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक पृथ्वी की दो कोर परतें हैं। आंतरिक कोर जो एक ठोस परत है और बाहरी कोर जो एक तरल है। पृथ्वी के कोर के चारों ओर मेटल है। नई खोज में छल्लेदार आकार का क्षेत्र पृथ्वी के बाहरी कोर के शीर्ष पर है, जहां तरल कोर मेटल से मिलता है।

एएनयू के भू-भौतिकीविद प्रोफेसर हवोजे टकालसिक के अनुसार यह तरंगें पृथ्वी के भीतर से होकर गुजरती हैं इससे वैज्ञानिकों को इसकी आंतरिक संरचना की जानकारी मिलती है। शोधकर्ताओं ने इस बात पर ध्यान केंद्रित किया कि तरल कोर के बाहरी हिस्से और मेटल के बीच से गुजरती भूकंपीय तरंगें कैसे धीमी हो रही हैं। उन तरंगों के रास्ते और यहां से गुजरने के उनके समय को देखकर हमने पृथ्वी के बाहरी कोर के माध्यम से तरंगों की यात्रा को फिर बनाया।

- विकास तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

### 14 सितम्बर - राष्ट्रीय हिन्दी दिवस विशेष

# हिन्दी का प्रचार-प्रचार उसका प्रोत्साहन जरूरी है

हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं उसके उपयोग के प्रोत्साहन के लिये देश में जो एक दिन तय किया गया है उसे पारिभाषिक शब्दावली में हिन्दी दिवस के नाम से जाना जाता है। इस दिन देश में हिन्दी के प्रचार-प्रसार और उसके उपयोग को प्रोत्साहित करने से जुड़े आयोजन होते हैं जो हिन्दी के उन्नयन के लिये बेहद जरूरी हैं। हमारे देश में राष्ट्रीय हिन्दी दिवस प्रत्येक वर्ष 14 सितम्बर को मनाया जाता है, क्योंकि 14 सितम्बर, 1949 को संविधान सभा ने यह निर्णय लिया था कि हिन्दी भारत की राजभाषा होगी। भारत में अधिकतर क्षेत्रों में हिन्दी भाषा बोली जाती थी इसलिए हिन्दी को राजभाषा बनाने का निर्णय लिया। इसी निर्णय के महत्व को प्रतिपादित करने तथा हिन्दी को प्रत्येक क्षेत्र में प्रसारित करने के लिये वर्ष 1953 से पूरे भारत में 14 सितम्बर को प्रतिवर्ष हिन्दी-दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में स्थापित करवाने के लिए काका कालेलकर, हजारीप्रसाद द्विवेदी, सेठ गोविन्ददास आदि साहित्यकारों को साथ लेकर व्यौहार राजेन्द्र सिंह ने अथक प्रयास किये थे। हिन्दी की उन्नति के लिये स्वातंत्र्योत्तर प्रयत्नों में दो बातें खास तौर पर देखी गई है। एक तो यह कि गैर हिन्दी भाषी भी इसके उन्नयन से जुड़े और हिन्दी को हमेशा आत्मसात करने के भाव से देखा गया, किसी पर थोपने के भाव से नहीं।

### हिन्दी जनमानस की भाषा

वर्ष 1918 में गांधी जी ने हिन्दी साहित्य सम्मेलन में हिन्दी को राजभाषा बनाने को कहा था। इसे गांधी जी ने जनमानस की भाषा भी कहा था। वर्ष 1949 में स्वतंत्र भारत की राजभाषा के प्रश्न पर 14 सितम्बर, 1949 को काफी विचार-विमर्श के बाद कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये थे। भारतीय संविधान के भाग 17 के अनुच्छेद 343(1) में वे इस प्रकार वर्णित हैं कि- 'संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपि देवनागरी होगी। संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप अन्तर्राष्ट्रीय ही होगा।' इस निर्णय के बाद मूल हिंदुस्तानी बोली जो उर्दू की शक्ल में प्रतिस्थापित हो चुकी थी उसका स्थान हिन्दी ले लेगी। यह निर्णय 14 सितम्बर को लिया गया, इसी दिन हिन्दी के मूर्धन्य साहित्यकार व्यौहार राजेन्द्र सिंह का पचासवां जन्मदिन था, इस कारण हिन्दी दिवस के लिये इस दिन को श्रेष्ठ माना गया था। हालांकि जब हिन्दी को राजभाषा के रूप में चुना गया और लागू किया गया तो अहिन्दी भाषी राज्य के लोग इसका विरोध करने लगे और अंग्रेजी को भी आधिकारिक सहायक भाषा का दर्जा देना पड़ा। इस कारण हिन्दी में भी अंग्रेजी भाषा का प्रभाव पड़ने लगा, जो अभी तक जारी है। हिन्दी के शुद्ध स्वरूप की स्थापना की दिशा में सरकार के साथ-साथ प्रमुख शिक्षा संस्थान और लेखक वर्ग भी सचेष्ट हैं मगर मीडिया संस्थान भी इस दिशा में शुद्ध भाषा के प्रति सतर्क होंगे तो हिन्दी का शुद्ध स्वरूप सम्भव है।

### राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर विविध आयोजन होते हैं

राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर हिन्दी के विकास से जुड़े मुद्दों पर विविध आयोजन होते हैं। हिन्दी दिवस पर होने वाले




आयोजन मुख्य रूप से शिक्षा संस्थान और हिन्दी भाषा के उन्नयन और प्रचार-प्रसार से जुड़ी संस्थाओं द्वारा आयोजित किये जाते हैं। विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में इस दिन विद्यार्थियों को हिन्दी के प्रति सम्मान और दैनिक व्यवहार में हिन्दी के उपयोग करने आदि की शिक्षा दी जाती है। जिसमें हिन्दी निबन्ध लेखन, वाद-विवाद और हिन्दी टंकण प्रतियोगिता आदि होती है। हिन्दी दिवस पर हिन्दी के प्रति लोगों को प्रेरित करने हेतु कई भाषा सम्मान की शुरुआत भी की गई है। यह सम्मान ऐसे व्यक्ति को दिए जाते हैं जिन्होंने जन-जन में हिन्दी भाषा के प्रयोग एवं उत्थान के लिए विशेष योगदान दिया है। इसके लिए सम्मानस्वरूप सम्मान निधि भी दी जाती है। हिन्दी में निबन्ध लेखन प्रतियोगिता के द्वारा कई जगह पर हिन्दी भाषा के विकास और विस्तार के लिये सुझाव भी आमंत्रित किये जाते हैं। हिन्दी भाषा के साहित्य के लिये केन्द्र और राज्य सरकारें राज्यस्तरीय और राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्रदान करती हैं। गैर हिन्दी भाषी लेखकों द्वारा हिन्दी में किये जा रहे लेखन को प्रोत्साहित करने के लिये उन्हें विशेष रूप से सम्मानित भी किया जाता है।

### मध्यप्रदेश हिन्दी के विकास में सदैव अग्रणी रहा है

हिन्दी भाषा में इंजीनियरिंग और मेडीकल की पढ़ाई शुरू करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। विद्यालय तक विज्ञान की शिक्षा हिन्दी में लेने वाला छात्र, उच्च शिक्षा में प्रवेश के समय अंग्रेजी पाठ्यक्रम और अंग्रेजी भाषा की अनिवार्यता एवं हिन्दी भाषा में पाठ्यपुस्तकों में अभाव के कारण विज्ञान व तकनीकी पाठ्यक्रमों से दूरी बना लेता था। देश में चिकित्सा और इंजीनियरिंग जैसे विषयों की पढ़ाई अंग्रेजी में होने के चलते सुदूर ग्रामीण अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों को कई परेशानियां उठाती पड़ती हैं। लेकिन, अब देश में हिन्दी भाषी छात्र-छात्राएं इन व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की पढ़ाई हिन्दी भाषा के माध्यम से कर सकेंगे। इसी प्रकार नई शिक्षा नीति के आने से पहले ही मध्यप्रदेश में अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय ने हिन्दी में इंजीनियरिंग और चिकित्सा शिक्षा शुरू करने की घोषणा की थी। विश्वविद्यालय ने हिन्दी में जहां इंजीनियरिंग की शुरुआत की, वहीं एमबीबीएस पाठ्यक्रम हिन्दी में शुरू करने की दिशा में भी कदम बढ़ाये।

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय भोपाल भी देश में अपने प्रकार का एक विशेष विश्वविद्यालय है। इसकी विशेषता इस प्रकार से परिलक्षित होती है कि यह कला, समाज विज्ञान, वाणिज्य, मानविकी, विज्ञान, चिकित्सा, अभियांत्रिकी, विधि, शिक्षा एवं अन्य आधुनिक दृष्टिकोण के पाठ्यक्रमों का संचालन हिन्दी भाषा के ही माध्यम से करेगा। यह पहल निश्चय ही सम्पूर्ण हिन्दी प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए एक वरदान सिद्ध होगी। ज्ञान-विज्ञान की समस्त शाखाओं के शिक्षण-प्रशिक्षण का काम हिन्दी माध्यम से करता है।

मध्यप्रदेश सरकार हिन्दी को बढ़ावा देने के लिये प्रतिवर्ष 14 सितम्बर, हिन्दी दिवस पर हिन्दी के विकास के लिये समर्पित लेखकों को भी सम्मानित करती है। सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग कर हिन्दी की प्रगति के लिये सचेष्ट लेखक को राष्ट्रीय सूचना प्रौद्योगिकी सम्मान, किसी विदेशी विद्वान द्वारा हिन्दी की सेवा के लिये फादर कामिल बुल्के सम्मान, हिन्दी में विज्ञान विषयों में श्रेष्ठ लेखन के लिये गुणाकर मुले सम्मान और हिन्दी में सुदीर्घ लेखन के लिये राष्ट्रीय हिन्दी भाषा सम्मान प्रदान किया जाता है।

### हिन्दी भाषियों को कर्तव्य बोध करवाने का दिन है-हिन्दी दिवस

बोलने वालों की संख्या के अनुसार यदि हिन्दी भाषा का मूल्यांकन किया जाये तो, अंग्रेजी और मंदारिन (चीनी) के बाद हिन्दी पूरे दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी भाषा है। इसके बावजूद उसे अच्छी तरह से समझने, पढ़ने और लिखने वालों की संख्या कम है और दिनों दिन यह और भी कम होती जा रही। इसके साथ ही हिन्दी भाषा पर अंग्रेजी के शब्दों का भी बहुत अधिक प्रभाव हुआ है और कई शब्द प्रचलन से हट गए हैं और अंग्रेजी के शब्दों ने उनकी जगह ले ली है। जिससे भविष्य में भाषा के और भी विकृत होने की संभावना बढ़ गयी है। इस कारण ही ऐसे लोग जो हिन्दी का ज्ञान रखते हैं या हिन्दी भाषा जानते हैं, उन्हें हिन्दी के प्रति अपने कर्तव्य का बोध करवाने के लिए इस दिन को हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है जिससे वे सभी अपने कर्तव्य का पालन कर हिन्दी भाषा को भविष्य में विकृत और दीर्घकाल में विलुप्त होने से बचा सकें। हिन्दी की अंतर्राष्ट्रीय मान्यता का जहां तक सवाल है हिन्दी को आज तक संयुक्त राष्ट्र की आधिकारिक भाषा नहीं बनाया जा सका है।

हिन्दी दिवस के आयोजनों में लोगों को अपने विचार आदि को हिन्दी में लिखने को भी कहा जाता है। चूंकि हिन्दी भाषा में लिखने हेतु बहुत कम उपकरण के बारे में ही लोगों को पता है, इस कारण इस दिन हिन्दी भाषा में लिखने, जांच करने और शब्दकोश के बारे में जानकारी दी जाती है।

हिन्दी भाषा के विकास के लिए केवल कुछ लोगों के द्वारा कार्य करने से कोई विशेष लाभ नहीं होगा। इसके लिए एकजुट होकर हिन्दी के विकास को नए आयाम तक पहुंचाना होगा। हिन्दी भाषा के विकास और विलुप्त होने से बचाने के लिये यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य भी है। राष्ट्रीय हिन्दी दिवस के आयोजन के साथ ही देश में राजभाषा सप्ताह भी मनाया जाता है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में किसी भी भाषा के विकास के लिये उस भाषा का नई प्रौद्योगिकी से तादात्म्य भी बेहद जरूरी है। इस बार राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर हमारा लक्ष्य हिन्दी को टेक्नो फ्रेंडली भाषा बनाना होना चाहिए।

राजा दुबे
(लेखक, जनसंपर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

## कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति

सनावद, जिला खरगोन (म.प्र.)

क्रमांक/मंडी/निर्माण/2024-25/1180 सनावद, दिनांक 04.09.2024

### तृतीय निविदा आमंत्रण

कृषि उपज मंडी समिति सनावद ई-टेण्डरिंग के माध्यम से मिर्च मंडी प्रांगण सनावद में निर्मित 100 मे.टन कोल्ड स्टोरेज के संचालन हेतु वार्षिक अनुज्ञप्ति के आधार पर आवंटित करने के लिये दिनांक 23.09.2024 सायं 5:30 बजे तक ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी ऑनलाइन पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है।

| टेण्डर सिस्टम नंबर | संरचना का नाम एवं स्थान | न्यूनतम वार्षिक अनुज्ञप्ति फीस (राशि रु. में) | प्रतिभूति की राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रु. | किराया अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_ MPSAM_ 367741 | 100 मे. टन कोल्ड स्टोरेज (अनार रायपनिंग एवं कोल्ड स्टोरेज) का संचालन कार्य, मिर्च मंडी प्रांगण सनावद जिला-खरगोन | 5898000/- प्रतिवर्ष | 58980/- | 10000/- | तीन वर्ष |

**शर्तें :-** 1. पैक हाउस वर्तमान में जिस हालत में है उसी हालत में किराये पर दिया जावेगा। 2. निविदा के सभी संशोधन ऑनलाइन पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर जारी किये गये हैं। 3. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 23.09.2024 है।

**सचिव**
**कृषि उपज मंडी समिति सनावद**
**जिला-खरगोन**

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मंडी समिति सनावद**
**जिला-खरगोन**

म.प्र. माध्यम/116274/2024

R-50022/2024

## कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
## तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

चतुर्थ तल, सतपुड़ा भवन, भोपाल-462004

### तकनीकी एवं व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश

**● सत्र 2024-25 ●**

**(मध्यप्रदेश स्थित शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय एवं निजी संस्थानों में प्रवेश हेतु)**

**फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिये काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन प्रारंभ**

| स.क्र. | पाठ्यक्रम का नाम | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | बी. फार्मेसी/डी. फार्मेसी (B/D Pharmacy) | 10.09.2024 |
| 2. | लेटरल एण्ट्री (बी. फार्मेसी) (Lateral Entry (B. Pharmacy)) | |
| 3. | एम.फार्मेसी (M.Pharmcy) | 17.09.2024 |
| 4. | फार्म-डी (Pharm-D) | 12.09.2024 |
| 5. | फार्म-डी (पीबी) (Pharm-D (PB)) | |

- विस्तृत समय-सारणी, जैसे पंजीयन, सत्यापन, प्राथमिकताक्रम चयन, कॉमन मेरिट सूची, आवंटन पत्र एवं संस्था में रिपोर्टिंग की तिथियों की जानकारी काउंसलिंग पोर्टल **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध रहेगी। समय-समय पर तिथियों में परिवर्तन की जानकारी भी काउंसलिंग पोर्टल **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध कराई जावेगी।
- प्रवेश नियम, अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण निर्देश, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची काउंसलिंग पोर्टल **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें।

**संपर्क : 0755-6720205, 2660441 ई-मेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

**अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं**
म.प्र. माध्यम/116243/2024 R-50017/2024 **आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

**(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)**

**3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)**

**No./11227/22/D-12/NIT-Maint./2024 Bhopal, Dated : 04.09.2024**

### NOTICE INVITING TENDER No. 310/MTN/2024 (BW)

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below.

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.

1. **Name of Work : Post 05 Year (BW)**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1 | Indore | 1 | 9380000.00 |

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **04.09.2024 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

**CHIEF GENERAL MANAGER**
M.P. Madhyam/116248/2024 **(TENDER)**

**''मेरी सड़क'' एप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।**

R-50018/2024

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री

**राजमाता विजयाराजे सिंधिया, कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)**

**ई-मेल : eervskvv@gmail.com, फोन: 0751-2467680**

क्र./जनसं/का.यं./2024/1959 ग्वालियर, दिनांक : 04-09-2024

### // प्रेस विज्ञप्ति //

निविदा सूचना **No. E.E./Tender/2024/Gwalior/1847 dated 29.08.2024** रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर के अन्तर्गत **Boundary Wall Grill Painting** कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा **Boundary Wall Grill Painting work at RVSKVV, Gwalior (2024_RVSKV_367617_1)** आमंत्रित की गई है। निविदा की ऑनलाइन क्रय की अंतिम तिथि **23.09.2024** तक है। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण पोर्टल **https:www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

R-50015/2024

**कार्यपालन यंत्री,**
**रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर**

## M.P. POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED

**Office of Chief Engineer (EHT-MAINT.), Block. No. 3, 3rd Floor**
**Shakti Bhawan, Jabalpur - 482008**

### TENDER NOTICE

A tender is invited for Splicing of OPGW of different size viz. 8/12/24/48 fibre OPGW strung on 400/220/132kV transmission line towers located in different parts of MP, termination and end to end OTDR testing of the OPGW link before and after splicing as per requirement vide letter no. CE(EHT-Maint.)/E-tender/MT-257/682 dtd: 06.09.2024 (ID:_2023_MPPTC_367715_1).

**Tender fee** - 5900/- and due date of opening of bid - 30.09.2024. For Tender notice details please visit **www.mptenders.gov.in** एवं **www.mptransco.in** ''विद्युत की बचत कीजिये''

M.P. Madhyam/116320/2024 **CHIEF ENGINEER (EHT-MAINT.)**

R-50026/2024

## कार्यालय, अध्यक्ष काउंसलिंग समिति
## तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश

**टैगोर छात्रावास क्रमांक-टी2, प्रथम तल**
**श्यामला हिल्स दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002**

### ऑनलाइन काउंसलिंग, सत्र 2024-25 (C-16)

**शुद्धि पत्र**

मास्टर ऑफ प्लानिंग (Master of Planning) पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिये जारी विज्ञापन क्रमांक माध्यम/116176/2024 दिनांक 31.08.2024 में प्रकाशित काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित के स्थान पर अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली द्वारा अनुमोदित पढ़ा जाये। शेष विज्ञापन यथावत है।

**अध्यक्ष काउंसलिंग समिति एवं**
म.प्र. माध्यम/116220/2024 **आयुक्त तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**

R-50016/2024

## संचालनालय
## किसान कल्याण तथा कृषि विकास
## मध्यप्रदेश भोपाल

क्रमांक/स्था./अ-3-अ/AEO/दिव्यांग/2024/1869 भोपाल, दिनांक : 03.09.2024

### कृषि विस्तार अधिकारी एवं सहायक ग्रेड-03 संवर्ग के निःशक्तजनों (दिव्यांगजन) के पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन (वर्ष 2024)

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ 7-19/2019/आ.प्र./एक, दिनांक 31.05.2024 द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, जबलपुर में दायर याचिका क्रमांक WP No. 7275/2019 विरुद्ध मध्यप्रदेश शासन व अन्य में पारित निर्णय दिनांक 30 जनवरी 2024 के परिपालन में दिव्यांगजनों के लिए बैकलाग के पदों सहित चिन्हांकित किए गए निम्नांकित रिक्त पदों की पूर्ति हेतु **'वॉक-इन-इंटरव्यू'** (Walk-in-Interview) के माध्यम से निम्नानुसार की जाना है:-

**1. पदों का विवरण :-**

| स. क्र. | दिव्यांग श्रेणी का विवरण | कृषि विस्तार अधिकारी के भर्ती हेतु पदों की संख्या | सहायक ग्रेड-03 के भर्ती हेतु पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | दृष्टि बाधित और कम दृष्टि (VH) | 76 | 11 |
| 2. | बहरे और कम सुनने वाले (EH) | 81 | 11 |
| 3. | लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी (LD) | 66 | 8 |
| 4. | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहु-विकलांगता (MD) | 90 | 10 |
| | **योग** | **313** | **40** |

2. **ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अवधि :-** दिनांक 06.09.2024 से 30.09.2024 तक तथा आवेदन संशोधन दिनांक 03.10.2024 तक रहेगी।
3. **ऑनलाइन आवेदन भरने की उपलब्धता :-** एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड, मध्यप्रदेश भोपाल की वेबसाइट **www.mponline.gov.in** के माध्यम से स्वयं एवं एम.पी. ऑनलाइन के किसी भी कियोस्क केन्द्र के माध्यम से आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जा सकता है।
4. **सामान्य शर्तें :-**

4.1 मध्यप्रदेश के स्थायी निवासी आवेदकों के लिए आयु सीमा संबंधी प्रावधान, वेतनमान, शैक्षणिक अर्हता एवं परीक्षा से सम्बंधित समस्त विस्तृत विवरण/नियम पुस्तिका एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड, मध्यप्रदेश, भोपाल की वेबसाइट **www.mponline.gov.in** पर एवं संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास म.प्र. की वेबसाइट **https://mpkrishi.mp.gov.in** पर उपलब्ध है।

4.2 आवेदकों के पास समस्त निर्धारित न्यूनतम अर्हताएं, आवेदन नियम पुस्तिका (रूल बुक) में उल्लेख अनुसार होना अनिवार्य है इसके बाद किसी भी दिनांक को अर्हताएं अर्जित करने वाले आवेदक विज्ञापित पद के लिए विचारित होने की पात्रता नहीं रखेंगे।

**विशेष नोट :-** सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया के दौरान यदि कोई कम्प्यूटर/टंकण/लिपिकीय त्रुटि पायी जाती है तो संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास, म.प्र. किसी भी स्तर पर वैध सुधार का अधिकार सुरक्षित रखता है।

म.प्र. माध्यम/116258/2024 **संचालक**

R-50020/2024

## मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण

**कार्यालय महाप्रबंधक, परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र. 1, 77, कैलाश नगर, धार (म.प्र.)**
**फोन : 07292-222732, E-mail ID : piudhar@rediffmail.com**

**पत्र क्र. 1144/ग्रासविप्रा/स्था./2024 धार, दिनांक : 03.09.2024**

### प्रतिनियुक्ति/संविदा (सेवानिवृत्ति उपरांत) पर नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति

मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र. 1, धार एवं परियोजना क्रियान्वयन इकाई क्र. 3, धार में निम्न पद हेतु आवेदन पत्र प्रतिनियुक्ति अथवा संविदा (सेवानिवृत्ति उपरांत) पर आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र. | पद | रिक्त पद | आयु सीमा | अर्हताएं |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक ग्रेड-2 | 2 | 63 वर्ष से अधिक नहीं | 1. प्रतिनियुक्ति हेतु निर्माण कार्य विभाग में कार्यरत सहा. ग्रेड-2 जिसको लेखा कार्य का अनुभव हो, योग्य माध्यम से अनापत्ति प्रमाण-पत्र के साथ आवेदन करें। **अथवा** 2. संविदा नियुक्ति हेतु सेवा निवृत्त सहा. ग्रेड-2 जिसको निर्माण विभाग में लेखा कार्य का अनुभव रहा हो, जिसका संविदा पारिश्रमिक शासकीय नियमानुसार देय होगा। |

अतः इच्छुक योग्यताधारी द्वारा सादे कागज पर निम्न प्रारूप में अर्हता योग्यता प्रमाण-पत्र की सत्य प्रतिलिपि के साथ आवेदन **दिनांक 20.09.2024 सायंकाल 5.30 बजे तक** डाक अथवा व्यक्तिगत रूप से इस कार्यालय में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। इसके पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**नोट :** उक्त पद को आवश्यकतानुसार घटाने, बढ़ाने अथवा संपूर्ण विज्ञप्ति निरस्त करने का अधिकार महाप्रबंधक को होगा।

**आवेदन का प्रारूप :** आवेदक का नाम, पिता का नाम, पत्र-व्यवहार का पता, जन्म तिथि, शैक्षणिक योग्यता, कार्यानुभव, फोटो, श्रेणी आदि के साथ प्रस्तुत करें।

म.प्र. माध्यम/116255/2024 R-50019/2024 **महाप्रबंधक**

## म.प्र. पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

**कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर**
**इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.), फोन नं. : 0734-2527715**
**मोबा. : 9406808103, E-mail : mpphcl_ujjain@yahoo.in**

**क्र. 1104/पय/मप्रपुआअविनि/24/उज्जैन दिनांक : 05.09.2024**

### निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 14/2024-25

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 14/2024-25 दिनांक 05.09.2024 के अंतर्गत बाह्य विद्युतिकरण कार्य पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं अधिकारी/कर्मचारियों के आवास गृहों का निर्माण कार्य ई.ओ.डब्ल्यू, उज्जैन हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2024_MPPHC_365433 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 19.09.2024 17.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/116296/2024 **परियोजना यंत्री**

R-50024/2024

'मेरी सड़क' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No.11220/22/D-12/SQC/MPRRDA/2024 Bhopal, Dated : 04.09.2024

### NOTICE INVITING TENDER FOR SQC CONSULTANCY
(E-Procurement Notice)

Online bids are invited from the consultants fulfilling the required qualification criteria for Supervision and Quality Control Consultancy of Rural Roads being constructed under PMGSY & Other Works for the following districts.

- **No. of Packages – 6**
  **Name of Districts/PIU–Jabalpur-1 & 2, Burhanpur, Guna-2, Katni, Panna-1 & 2 & Vidisha.**

- **Cost of Bid Document, Bid Security (EMD) and service charges as appearing on e-procurement portal are to be paid simultaneously through Debit Card/Credit Card/Internet Banking or system generated challan. For detailed procedure of online payment of EMD and submission of affidavit please refer condition number 2 of detailed NIT.**

1. RFP document may be seen, downloaded and purchased from our e-procurement website **https://mptenders.gov.in from 17:30 hrs on 06.09.2024.**
2. Last date of Submission of bid is date **23.09.2024 upto 17.00 hrs.**

Other details & conditions may be seen in the detailed NIT, Tender document for SQC of Roads and Bridge works August, 2020 (Updated upto 28.06.2021) on our Website **http://mptenders.gov.in.**

**CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

M.P. Madhyam/116259/2024 R-50021/2024

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)

No./11344/22/D-12/MPRRDA/2024 Bhopal, Dated : 05.09.2024

### NOTICE INVITING TENDER No. 1199
(PMGSY-BRIDGE-BW)

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** detailed below :-

- **Name of Work : Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs. ) |
|---|---|---|---|
| 1. | Khandwa | 1 | 1057000.00 |
| 2. | Sidhi | 1 | 29453000.00 |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **11.09.2024 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **27.09.2024 (17:00 hrs.).**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/116288/2024 **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

**"मेरी सड़क" एप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।**

R-50023/2024

## MADHYA PRADESH BUILDING DEVELOPMENT CORPORATION

(An Agency of Govt. of M.P. Public Works Department)
16-A, CEDMAP Building, Arera Hills, Bhopal (M.P.)-462011
Telephone No. : 0755-4853297, 0755-4853295
Email : einc-mpbdc@mp.gov.in

NIT No. : 7882/GM/MPBDC/PESQS/24/NIT-60 Bhopal, Dated : 06.09.2024

### NOTICE INVITING TENDER

Madhya Pradesh Building Development Corporation invites online tender for the following works :-

**1. Project Execution Support cum Quantity Surveying Agency– Probable amount of Construction of Works Excluding GST.**
**Rs. 5,00,000.00 Lakhs**
**Probable amount of Consultancy Fee (Excluding GST)**
**Rs. 1,600.00 Lakhs**

Detailed NIT and tender documents can be viewed, downloaded and purchased online only from **24.09.2024 at 18:00 hrs.** to **23.10.2024 at 15:30 hrs.** from website **www.mptenders.gov.in**

PAC can very at the time of uploading of tender document. Any amendment/corrigendum 'if any' will be published on website only, will not be published on newspapers.

M.P. Madhyam/116315/2024 **MANAGING DIRECTOR**

R-50025/2024

## जियो टेगिंग की मदद से ढूंढेंगी अपात्र उपभोक्ता

**भोपाल,** मध्यप्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियां पूर्व क्षेत्र, मध्य क्षेत्र व पश्चिम क्षेत्र में मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड के सहयोग से जियो टेगिंग तकनीक के माध्यम से अटल योजना का लाभ लेने वाले उपभोक्ताओं की वास्तविक स्थिति की जांच करेंगी। जांच की शुरुआत मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल व ग्वालियर के पॉश इलाकों से कर दी गयी है। अटल ज्योति योजना के दायरे में वे उपभोक्ता आते हैं जिनकी मासिक बिजली खपत 150 यूनिट तक है। ऐसे उपभोक्ताओं को ऊर्जा विभाग द्वारा सब्सिडी दी जाती है। मध्यप्रदेश की तीनों विद्युत वितरण कंपनियों के द्वारा अपनी बिलिंग प्रणाली का डाटा मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड को उपलब्ध कराया गया है।

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर

No./IPRO/DFA/2024-25/865 Date : 06-09-2024

### ऑनलाईन ऑफ कैम्पस संयुक्त काउंसिलिंग कार्यक्रम – 2024-25

**B.Sc. (Hons.) Agriculture, B.Sc. (Hons.) Horticulture, B.Sc. (Hons.) Forestry and B.Tech. (Agricultural Engineering)**

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित प्रवेश परीक्षा पी.ए.टी. 2024 के घोषित परिणामों के आधार पर राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर एवं जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर में प्रवेश के इच्छुक समस्त उम्मीदवार अर्हताकारी परीक्षा में मेरिट के आधार पर तालिका क्रमांक 1.1 में दिये गये श्रेणीवार प्राप्तांक या उससे अधिक प्राप्तांक प्राप्त समस्त अभ्यर्थी तालिका क्र. 1.2 में दर्शाये कार्यक्रमानुसार ऑनलाईन ऑफ कैम्पस काउंसिलिंग में इन्टरनेट के माध्यम से अपने घर/शहर/गांव से वेबसाईट www.jnkvv.nic.in, www.rvskvv.net या www.crisponlineservices.com के माध्यम से सम्मिलित हो सकते हैं।

तालिका क्र. 1.1

| क्र. | श्रेणी | पी.ए.टी.–2024 में प्राप्त प्राप्तांक | |
|---|---|---|---|
| | | B.Sc. (Hons.) Ag./Horti/Forestry | B. Tech (Ag. Engg) |
| 1. | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी/सैनिक/दिव्यांग अभ्यर्थी समस्त श्रेणी UR/SC/ST/OBC/(FF/S/PWD) | समस्त पात्र अभ्यर्थी | समस्त पात्र अभ्यर्थी |
| 2. | अनु. जाति श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी SC (F) | 62 | 52 |
| 3. | अनु. जाति SC (X) श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी तथा समस्त SC (K) कृषक अभ्यर्थी | 62 | 52 |
| 4. | अनु. जनजाति श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी ST (F) | 58 | समस्त पात्र अभ्यर्थी |
| 5. | अनु. जनजाति ST (X) श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी तथा समस्त ST (K) कृषक अभ्यर्थी | 58 | समस्त पात्र अभ्यर्थी |
| 6. | अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी की समस्त महिला अभ्यर्थी OBC (F) | 68 | 64 |
| 7. | अन्य पिछड़ा वर्ग OBC (X) श्रेणी के समस्त अभ्यर्थी तथा समस्त OBC (K) कृषक अभ्यर्थी | 80 | 71 |
| 8. | अनारक्षित वर्ग UR (X) के समस्त अभ्यर्थी तथा समस्त UR(K) कृषक अभ्यर्थी | 80 | 71 |
| 9. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के समस्त अभ्यर्थी | समस्त पात्र अभ्यर्थी | समस्त पात्र अभ्यर्थी |
| 10. | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) F महिला तथा अनारक्षित वर्ग UR(F) समस्त अभ्यर्थी | समस्त पात्र अभ्यर्थी | समस्त पात्र अभ्यर्थी |

तालिका क्र. 1.2

| पाठ्यक्रम | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन एवं इच्छित महाविद्यालयों के प्राथमिकता क्रम का ऑनलाईन चयन एवं शुल्क का भुगतान कर लॉक करना | निर्धारित केन्द्रों पर दस्तावेजों का सत्यापन | आवंटन पत्रों की ऑनलाईन उपलब्धता | काउंसिलिंग शुल्क (आंशिक शुल्क) का भुगतान | आवंटित महाविद्यालय में शेष शुल्क के साथ उपस्थिति एवं प्रवेश |
|---|---|---|---|---|---|
| B.Sc. (Hons.) Agriculture<br>B.Sc. (Hons.) Horticulture<br>B.Sc. (Hons.) Forestry<br>B.Tech (Agricultural Engineering) | 12.09.2024 से 17.09.2024 (रात 12 बजे तक) | 18.09.2024 से 21.09.2024 (11 बजे से शाम 06:00 बजे तक) (अवकाश दिवस छोड़कर) | 25.09.2024 से 29.09.2024 (रात 12 बजे तक) | 25.09.2024 से 29.09.2024 (रात 12 बजे तक) | 30.09.2024 एवं 01.10.2024 (11 बजे से शाम 06:00 बजे तक) (अवकाश दिवस छोड़कर) |

- प्रवेश नियम, काउंसलिंग प्रक्रिया एवं शुल्क की विस्तृत जानकारी **www.jnkvv.org, www.rvskvv.net** या **www.crisponlineservices.com** पर उपलब्ध है जिसका उम्मीदवार सूक्ष्मता से अध्ययन कर लेवें।
- प्रवेश हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल पी.ए.टी. 2024 पुस्तिका में दिये गये प्रवेश नियमों का पालन किया जावेगा।
- सभी पाठ्यक्रमों के अभ्यर्थियों के वस्तावेजों का सत्यापन निम्नलिखित केन्द्रों पर होगा।
- कृषि महाविद्यालय, ग्वालियर/ इन्दौर/ सीहोर/ खंडवा/ जबलपुर/ रीवा/ टीकमगढ़/ गंजबासौदा/ वारासिवनी (बालाघाट)/ पवारखेड़ा (होशंगाबाद)/ उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर/कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर/ आंचलिक अनुसंधान केन्द्र, चंदनगांव, छिंदवाड़ा/ क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, सागर/ कृषि विज्ञान केन्द्र, पन्ना।
- पेमेन्ट सीट पर उन्हीं अभ्यर्थियों को प्रवेश की पात्रता होगी जिन्होंने मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल पी.ए.टी. 2024 में आवेदन करते समय पेमेन्ट सीट के ऑप्शन पर टिक किया होगा या Yes लिखा होगा एवं अभ्यर्थियों का नाम व्यापम पेमेंट सूची में अनिवार्य रूप से होना आवश्यक है।
- मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल, भोपाल पुस्तिका 2024 में दर्शाये गये प्रारूप अनुसार ही वांछित प्रमाण-पत्र लाना अनिवार्य होगा।
- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) के अभ्यर्थियों को सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल के **पत्र क्रमांक-एफ-07-11/2019/आ.प्र./एक भोपाल, दिनांक 02 जुलाई, 2019** का संलग्नक प्रारूप के आधार पर प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- आवश्यक प्रमाण पत्रों की रंगीन छायाप्रति महाविद्यालय में प्रवेश के समय जमा करना आवश्यक है।
- अपग्रेडेशन का विकल्प केवल प्रथम चक्र में ही उपलब्ध होगा।
- प्रथम चक्र की काउंसिलिंग प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात शेष रिक्त सीटों का महाविद्यालयवार एवं श्रेणी वार जानकारी **www.jnkvv.nic.in, www.rvskvv.net** एवं **www.crisponlineservices.com** पर प्रदर्शित किया जावेगा एवं रिक्त सीटों का आवंटन द्वितीय चक्र में जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन पूर्व में हो चुका है उन्हीं अभ्यर्थियों में से मेरिट के आधार पर ऑन लाईन आवंटन किया जावेगा।

**कुलसचिव**

ATUL

R-50027/2024

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर
## सहायक संचालक ग्रामोद्योग (हथकरघा) परीक्षा-2023
## दिनांक 14.07.2024 (रविवार)
### परीक्षा परिणाम

**विज्ञप्ति क्र.-7487/12/2024/अनु.-10** **इंदौर, दिनांक : 02.09.2024**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा **सहायक संचालक ग्रामोद्योग (हथकरघा) परीक्षा-2023** हेतु विज्ञापन जारी किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

1. विज्ञापन क्रमांक-11/2023/02.06.2023, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 03.08.2023।

(1) शुद्धि पत्र क्रमांक - 1/11/2023 दिनांक 20.05.2024 (परीक्षा के आयोजन विषयक सूचना)।

2. उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत **सहायक संचालक ग्रामोद्योग (हथकरघा) परीक्षा-2023** जिला मुख्यालय इंदौर के केन्द्रों पर दिनांक 14.07.2024 (रविवार) को एक सत्र में दोपहर 12:00 से 03:00 बजे तक आयोजित की गई थी।
3. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है

**श्रेणीवार/वर्गवार कुल विज्ञापित**

| क्र. | विवरण | UR | SC | ST | OBC | EWS | TOTAL |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (अ) | कुल रिक्तियों की संख्या ( TOTAL POST ) | 3 | 1 | 1 | 1 | - | 6 |
| (ब) | कुल रिक्तियों में से महिलाओं के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (FEMALE) | 1 | - | - | - | - | 1 |
| (स) | कुल रिक्तियों में से भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या (ExSer) | - | - | - | - | - | - |
| (द) | कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित पद रिक्तियों की संख्या (PH) | (OH-1) | | | | | 1 |

04. राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के पत्र क्रमांक- एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल, दिनांक 29 सितंबर 2022 के प्रकाश में विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक- 11/2023/02.06.2023 में मुख्य एवं प्रावधिक भाग के विज्ञापित पदों के अनुसार आयोग द्वारा बैठक दिनांक 10.07.2023 के निर्णय क्र.-55 में उल्लेखित प्रक्रिया का पालन करते हुए उपरोक्त परीक्षा का परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया है।

**परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जा रहा है :-**

1. सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्टलिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
2. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का अभिवचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।

05. सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक-एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022" में दिए गए निर्देशों एवं आयोग के निर्णय अनुसार सहायक संचालक ग्रामोद्योग (हथकरघा)-परीक्षा-2023 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग में घोषित किया जाना है। चूंकि उपरोक्त परीक्षा के लिए विज्ञापित विज्ञापन क्रमांक-11/2023/02.06.2023 अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी हेतु 01 (एक) ही पद विज्ञापित है। अतः उक्त परीक्षा का **प्रावधिक भाग निरंक है।**

उपरोक्तानुसार **सहायक संचालक ग्रामोद्योग (हथकरघा परीक्षा-2023** के परीक्षा परिणाम में **मुख्य भाग अ** के लिए साक्षात्कार हेतु विज्ञापित पदों के 3 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल-23 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :-

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

## Madhya Pradesh Public Service Commission
## Assistant Director Gramodhyog (Handlom) Exam 2023-Part A (Main)
## Roll Number Wise List of Selected Candidates

| S. No. | Roll No. | S. No. | Roll No. | S. No. | Roll No. | S. No. | Roll No. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 100026 | 7. | 100965 | 13. | 101639 | 19. | 101776 |
| 2. | 100190 | 8. | 100985 | 14. | 101667 | 20. | 102215 |
| 3. | 100230 | 9. | 100986 | 15. | 101671 | 21. | 102242 |
| 4. | 100246 | 10. | 101314 | 16. | 101702 | 22. | 102302 |
| 5. | 100367 | 11. | 101376 | 17. | 101713 | 23. | 102372 |
| 6. | 100827 | 12. | 101562 | 18. | 101721 | | |

साक्षात्कार हेतु अभिलेख प्रेषित करने के संबंध में निर्देश :-

**मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर**

परिशिष्ट प्रपत्र- 01

| | |
|---|---|
| विज्ञापन क्रमांक :-11/2023/02.06.2023 | पद/परीक्षा का नाम : सहायक संचालक ग्रामोद्योग (हथकरघा ) परीक्षा-2023 |
| अनुक्रमांक- | अभ्यर्थी का नाम :- |

| स.क्र. | दस्तावेज का विवरण | संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक | संलग्नक के पृष्ठों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | उपरोक्त परीक्षा के लिए भरे गए ऑनलाइन आवेदन पत्र की छायाप्रति। | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 2. | उपरोक्त परीक्षा के प्रवेश पत्र की छायाप्रति। | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 3. | उपस्थिति पत्रक-1 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 4 . | व्यक्तिगत विवरण पत्रक -1 मूल प्रति एवं 5 छायाप्रतियां। (केवल मूल प्रति पर नम्बरिंग करना है। छायाप्रतियों पर नम्बरिंग नहीं करना है।) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 5. | अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 6. | घोषणा पत्र ( किसी भी चयन/परीक्षा से विवर्जित (Debar) नहीं होने संबंधी) 01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 7. | हाईस्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 8. | हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 9. | स्नातक की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (स्नातक परीक्षा दिनांक 27.07.2024 के पूर्व उत्तीर्ण होना अनिवार्य है) (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 10. | अधिमान्य अर्हता :- हथकरघा एवं अन्य लघु उद्योगों एवं सहकारिता से संबंधित कार्य का दो वर्ष का अनुभव संबंधी दस्तावेजों की प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 11. | मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 12. | मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति। (प्रमाण-पत्र में प्रकरण क्रमांक, गोल सील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है।) (ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 13. | आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोल सील एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।) **(म.प्र शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे)** (आयोग कार्यालय में अभिलेख प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक का जारी प्रमाण पत्र) (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 14. | म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र - 01 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 15. | म.प्र. का मूल निवासी होने की स्थिति में ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी के अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किए गए वित्तीय वर्ष 2023-2024 का ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का वैध प्रमाण पत्र। | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 16. | महिला अभ्यर्थियों हेतु विवाहोपरांत उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 17. | म.प्र. शासन की सेवा में सेवारत शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति। अनापत्ति प्रमाण-पत्र न हो तो विभाग को अनापत्ति हेतु प्रस्तुत पत्र की प्रति संलग्न करें। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 18. | मध्यप्रदेश शासन की सेवा में सेवारत होने की स्थिति में शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र-1 मूल प्रति। | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 19. | भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 27.07.2023 के पूर्व भूतपूर्व सैनिक होने संबंधी दस्तावेज की प्रति एवं सेवावधि का विवरण पत्रक की प्रति। (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 20. | अभ्यर्थी का स्वयं का पहचान पत्र। (आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र/पेन कार्ड/फोटोयुक्त बैंक पास बुक की प्रति/शासकीय कर्मचारी होने की स्थिति में नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की प्रति/ड्रायविंग लायसेंस) (छायाप्रति) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 21. | दिव्यांग अभ्यर्थी होने की स्थिति में दिव्यांगता के प्रमाण पत्र की छायाप्रति। (ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 27.07.2023 के पूर्व प्रमाण पत्र जारी होना अनिवार्य है।) | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 22. | यदि अभ्यर्थी के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण/न्यायालयीन प्रकरण दर्ज हो जिसका निराकरण लंबित हो या हो चुका हो तो उससे संबंधित दस्तावेज। | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 23. | **आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापित पदों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत) के आधार अभ्यर्थी 'अभिवचन पत्र' की पूर्ति कर आयोग कार्यालय में साक्षात्कार दिवस को अनिवार्यत: प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगे।** | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| 24. | अन्य कोई दस्तावेज जो अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता है। | पृष्ठ क्रमांक ....... से ....... तक | .......... |
| | कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (अंकों में) | | |

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर: -...........**

06. साक्षात्कार हेतु अर्ह अभ्यर्थी विज्ञापन अनुसार वांछित अपनी अर्हता संबंधी समस्त अभिलेख उपरोक्त परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्न दस्तावेज के कुल पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर **दिनांक 23.09.2024 तक** आयोग कार्यालय में प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के अभिलेख आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने अभिलेख आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के अभिलेख अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहे हैं, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।

**महत्वपूर्ण टीप :-**

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णतः प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी सहायक संचालक ग्रामोद्योग (हथकरघा) परीक्षा-2023 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांकों के बराबर या अधिक हैं उन्हें नियमानुसार मुख्य तथा प्रावधिक दोनों ही भागों में अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
3. सहायक संचालक ग्रामोद्योग (हथकरघा ) परीक्षा - 2023 के साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।
4. न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।
5. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणामस्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
6. साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्ह अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा एवं आयोग कार्यालय में रखी परीक्षा परिणाम की सूची ही प्रमाणिक मानी जाएगी।
7. उपरोक्तानुसार जारी प्रावधिक लिखित परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी.-5901/2019, 5596/2024, 2108/2022 एवं समान अन्य याचिकाओं व माननीय उच्चतम न्यायालय में दायर याचिका क्रमांक- एस.एल.पी. 12398/2023 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। उपरोक्त परीक्षा से संबंधित प्रचलित न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा।।
8. लिखित परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कोई तकनीकी त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि संज्ञान में आती है तो आयोग के पास परीक्षा परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
9. आयोग की बैठक दिनांक 30.10.2023 में लिए गए निर्णय क्रमांक - 31 के अनुसार सहायक संचालक ग्रामोद्योग (हथकरघा) परीक्षा-2023 की अंतिम उत्तरकुंजी में विलोपित किए गए प्रश्नों के अंक परीक्षा में सम्मिलित समस्त अभ्यर्थियों को समान रूप से प्रदाय किए गए हैं अर्थात् प्रश्न पत्र के दोनों खण्ड "अ" एवं "ब" के लिए न्यूनतम उत्तीर्णांक की गणना हेतु निर्धारित पूर्णांक यथावत हैं।
10. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने अभिलेख **दिनांक 23.09.2024 तक** निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित करें :-

प्रति,

सचिव,
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,
रेसीडेंसी एरिया, इंदौर

अभ्यर्थी अपने अभिलेख के लिफाफे पर **सहायक संचालक ग्रामोद्योग (हथकरघा) परीक्षा-2023 के साक्षात्कार हेतु अभिलेख** अवश्य लिखें।

जी-15868/50031/2024

**उप परीक्षा नियंत्रक**

# केन्द्रीय मंत्रिपरिषद ने इंदौर-मनमाड़ के बीच नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दी

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने मंत्रालय के तहत लगभग 18 हजार 36 करोड़ रुपये की लागत वाली नई रेलवे लाइन परियोजना को मंजूरी दी है। इंदौर और मनमाड़ के बीच प्रस्तावित यह नई रेल लाइन सीधा सम्पर्क प्रदान करेगी। यह परियोजना मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम है, जो एकीकृत योजना के माध्यम से संभव हुआ है। यह लोगों, वस्तुओं और सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध सम्पर्क प्रदान करेगी। परियोजना महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के 6 जिलों को कवर करेगी, जिससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 309 किलोमीटर की वृद्धि होगी। परियोजना के साथ 30 नए स्टेशन भी बनाए जाएंगे, जिससे मध्यप्रदेश के आकांक्षी जिले बड़वानी को बेहतर सम्पर्क मिलेगा। नई रेलवे लाइन परियोजना से लगभग 1 हजार गांवों और लगभग 30 लाख आबादी को सीधा लाभ मिलेगा।

**पर्यटन क्षेत्र को मिलेगा बढ़ावा**

परियोजना देश के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से को मध्य भारत से जोड़ने वाला छोटा रास्ता उपलब्ध कराकर क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देगी। इससे श्री महाकालेश्वर मंदिर सहित उज्जैन-इंदौर क्षेत्र के विभिन्न पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। परियोजना से पीथमपुर ऑटो क्लस्टर को जेएनपीए के गेटवे पोर्ट और अन्य राज्य बंदरगाहों से सीधा सम्पर्क मिलेगा।

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र की होगी स्थापना



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित किया

**भोपाल,** प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र की स्थापना की जाएगी। सोयाबीन की फसल के साथ ज्वार, बाजरा और मक्का की फसलों को भी प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को पीएम किसान समृद्धि केंद्रों के द्वारा खाद, बीज, कृषि उपकरण और मिट्टी परीक्षण के साथ विभिन्न प्रकार की जानकारी एक ही जगह उपलब्ध कराई जाए। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए कही। बैठक के दौरान अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक श्री मनोज गुप्ता ने मुख्यमंत्री को 4 करोड़ 27 लाख के लाभांश का चेक भेंट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम द्वारा 5 ऑइल मिल की स्वीकृति दी गई है। प्रदेश में 235 प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय नवाचार प्रकोष्ठ का गठन किया गया है। एक जिला-एक उत्पाद अंतर्गत नवीन सहकारी समितियों का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि जिला सहकारी बैंकों को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए योजना तैयार करें।

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी आवास संघ के कार्यों और मध्यप्रदेश राज्य विपणन संघ की विभिन्न लेनदारियों के संबंध में बैठक में चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि अपेक्स बैंक में राज्य शासन द्वारा 142 करोड़ रुपये की अंशपूंजी निवेशित की है। बैंक में आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। प्रदेश की 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित कोर बैंकिंग सोल्यूशन प्रणाली पर कार्यरत हैं। अपेक्स बैंक को 131.83 करोड़ रुपये का संचित लाभ हुआ है। अपेक्स बैंक द्वारा राज्य शासन को विगत 4 वर्ष में 12 करोड़ 10 लाख रुपये राशि का लाभांश दिया है। मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाए जा रहे हैं। बुरहानपुर और खरगोन में शक्कर कारखाने कार्य कर रहे हैं।

# शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोटरी क्लब के कार्य प्रशंसनीय - मुख्यमंत्री

**उज्जैन,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रोटरी क्लब उज्जैन द्वारा संचालित इंटरसिटी साक्षरता कार्यक्रम के प्रतिनिधियों को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा जुड़कर रोटरी क्लब के शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की और उनके प्रकल्पों की सराहना की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कई जन्मों के पुण्य के बाद मनुष्य का जन्म प्राप्त होता है। इसके साथ ही सेवा का अवसर भी मिलता है। अच्छे कार्य मनुष्य को देव बना देते हैं। देव या देवता वही होता है जो देने का भाव रखे। मुख्यमंत्री ने रोटरी क्लब के सदस्यों को उज्जैन में रक्तदान जैसे पुण्य कार्य के लिए अधोसंरचना तैयार करने और रतलाम में रोगियों के लिए डायलेसिस की सुविधा प्रारंभ करने की प्रशंसा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन का एक नाम अवंतिका भी है, जिसका अर्थ है- जिसका कोई अंत नहीं।

## कृषकों की आय बढ़ाने के लिए राज्य स्तरीय स्टीयरिंग समिति गठित

**भोपाल,** राज्य शासन के उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने कृषि में उन्नत तकनीकों को बढ़ावा देकर कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय स्टीयरिंग समिति का गठन किया है। यह समिति आईएफसी (इंटरनेशनल फाइनेंस कॉरपोरेशन) द्वारा संचालित एग्टेक बैक्ड कंसोर्टियम के सहयोग से कार्य करेगी। इस पहल से राज्य में एग्टेक इनोवेशन को प्रोत्साहन मिलेगा और कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों का समावेश सुनिश्चित होगा। इस स्टीयरिंग कमेटी का कार्यकाल तीन वर्षों का होगा। समिति एग्टेक से संबंधित नीतियों के निर्माण के लिए विशेषज्ञों और आवश्यक संस्थाओं की सलाह लेकर राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रस्तुत करेगी।

# प्रदेश में राजस्व महा-अभियान के दो चरण रहे कारगर

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में चलाए गए राजस्व महा-अभियान चरण 2 के समापन पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा के लिये प्रांतव्यापी चलाए गये राजस्व महा-अभियान के 2 चरण कारगर सिद्ध हुए हैं। जमीन संबंधी मामलों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य के साथ चलाए गए राजस्व महा-अभियानों में 80 लाख राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर रजिस्ट्री के साथ ही नामांतरण करने का काम देश में सबसे पहले मध्यप्रदेश ने शुरू किया है।

मुख्यमंत्री ने नागरिकों को उत्तम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए समर्पित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम को बधाई देते हुए कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रियता से लंबित मामलों का निराकरण हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मध्यप्रदेश सरकार जनसेवा और आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रतिबद्ध है। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिये 18 जुलाई से 31 अगस्त तक संचालित राजस्व महा-अभियान 2.0 में नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती और नक्शा तरमीम के 49 लाख 15 हजार 311 मामले निराकृत हुए।

**जनवरी में चलाया था पहला चरण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर राजस्व महा-अभियान का पहला चरण 15 जनवरी से 15 मार्च, 2024 तक जारी रहा। इस दौरान 30 लाख से ज्यादा राजस्व प्रकरणों का निराकरण हुआ। पहले चरण के राजस्व महाभियान की सफलता एवं जनता की सराहना मिलने पर मुख्यमंत्री ने दूसरे चरण का राजस्व महाभियान शुरू करने के निर्देश दिये। यह अभियान 18 जुलाई से 31 अगस्त 2024 तक चला।

**36 जिलों में शत-प्रतिशत लंबित नामांतरण प्रकरण किये निराकृत**

अलीराजपुर, उज्जैन, उमरिया, खरगोन, गुना, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, झाबुआ, टीकमगढ़, डिंडोरी, दतिया, दमोह, देवास, नर्मदापुरम, निवाड़ी, नीमच, पन्ना, पांढुर्णा, बड़वानी, बालाघाट बुरहानपुर, बैतूल, भिण्ड, भोपाल, मंडला, मऊगंज, मन्दसौर, मुरैना, मैहर, रतलाम, राजगढ़, रायसेन, विदिशा, शहडोल, श्योपुर और सतना जिलों में लंबित नामांतरण प्रकरणों का 100 प्रतिशत निराकरण किया गया है।

**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना**

## नए मापदण्डों के बाद पहली सड़क प्रदेश में बनी

**भोपाल,** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में सड़क निर्माण के मापदण्ड शिथिल होने के बाद देश में पहली सड़क मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के बिजाटोला गांव में बनी है। जनजातीय क्षेत्र में सड़क बनने से यहां के लोगों को शिक्षा और व्यापार में मदद मिलेगी। यह भी उल्लेखनीय है कि देश में पहली पीएम जनमन कॉलोनी भी मध्यप्रदेश में ही बनी। यह जानकारी पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई।

श्री पटेल ने बैठक में योजना के अपूर्ण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजना से सम्बंधित जो भी समस्याएं हैं, उनका निराकरण किया जायेगा।

# मध्यप्रदेश में पर्यटन क्रांति लाएगा आईएटीओ

**भोपाल,** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2047 तक भारत विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनेगा। देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए तीन क्रांतियां जरूरी हैं। पहली हरित क्रांति, दूसरी औद्योगिक क्रांति और तीसरी पर्यटन क्रांति है। देश और मध्यप्रदेश में पर्यटन क्रांति को लाने में आईएटीओ की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। यह बात उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने भोपाल में आयोजित आईएटीओ के 39वें अधिवेशन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए पर्यटन स्थलों का प्रचार प्रसार बहुत जरूरी है। आईएटीओ के सदस्य इस अधिवेशन के माध्यम से मध्यप्रदेश के पर्यटन को करीब से जानेंगे और पर्यटकों को इसकी जानकारी देंगे। इससे निकट भविष्य में मध्यप्रदेश में विदेशी पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा।




उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल आईएटीओ के 39वें अधिवेशन को संबोधित करते हुए

**पर्यटन की दृष्टि से अग्रणी राज्य**

संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश पर्यटन की दृष्टि से देश में अग्रणी राज्य बनेगा। मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने में आईएटीओ एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री लोधी ने आईएटीओ सदस्यों को मध्यप्रदेश की पर्यटन संबंधी विशेषताओं और पर्यटन सुविधाओं को विकसित करने के प्रयासों की जानकारी दी।

**मध्यप्रदेश को मिला अवॉर्ड**

आईएटीओ ने पर्यटन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले राज्यों और संस्थाओं को सम्मानित किया। इसमें मध्यप्रदेश को बेस्ट प्रमोशनल पब्लिकेशन बाय स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने ग्रहण किया।

# मध्यप्रदेश में सभी वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं की जा रहीं संचालित

**मंडला,** वन, पर्यावरण मंत्री श्री रामनिवास रावत मंडला में आयोजित जिले की समीक्षा बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक में श्री रावत ने कहा कि सरकार द्वारा सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखते हुए योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सभी अधिकारी पूरी क्षमता से कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र व्यक्ति को योजनाओं से लाभान्वित करें। श्री रावत ने कहा कि योजनाओं के माध्यम से हो रहे प्रयासों को परिणामों में बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिये कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने तथा कुपोषण को जड़ से समाप्त करने के लिए जागरूकता अभियान संचालित किये जायें।

श्री रामनिवास रावत ने कहा कि कुपोषित बच्चों को रोस्टर बनाकर एनआरसी में दर्ज कराएं। बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं तथा जन-जागरूकता के माध्यम से जिले को कुपोषण मुक्त बनाया जाये। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक ग्राम को सड़क से जोड़ने का प्रयास करें। राजस्व महाभियान के दौरान नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारा के निरस्त किए गए प्रत्येक प्रकरण की पुनः जांच करें। विकास कार्यों में जन-प्रतिनिधियों का सहयोग प्राप्त करें। विभागीय समन्वय को बेहतर बनाएं। निर्माण कार्यों को बेहतर गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करें।

श्री रावत ने कहा कि जिले में होने वाली वन उपजों के लिए संग्रहण और प्रोसेसिंग के कार्य को आगे बढ़ाएं तथा इन वन उपजों के लिए बेहतर मार्केट दिलाने में सहयोगी बनें। वनधन केन्द्रों के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में ईको टूरिज्म को प्रोत्साहित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करें।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# शिक्षक अपने दायित्वों का निर्वहन कर श्रेष्ठ पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में शिक्षक दिवस पर आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित किया

**उज्जैन,** गुरु की जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। गुरु का अर्थ ही है, जो हमें अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाए। भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन ने अपना जन्मदिवस शिक्षकों के लिए समर्पित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात शिक्षक दिवस पर प्रदेश के समस्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कही। शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.वि. माधव नगर उज्जैन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह-2024 को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक अपने दायित्वों का कुशल निर्वहन कर एक श्रेष्ठ पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास ने संस्कृत के साथ ही हिन्दी को भारतीय समाज की प्रमुख भाषा के रूप में स्थापित और सम्मानित करने का कार्य किया। हमारी बोलियां भी क्रमिक विकास के साथ भाषा में परिवर्तित होती हैं। मूर्धन्य साहित्यकार श्री माधवराव सप्रे और माखनलाल चतुर्वेदी ने राष्ट्र भाषा हिन्दी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

**सनातन संस्कृति से जोड़ती है गुरु-शिष्य परंपरा**

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु शब्द संस्कृत से आता है, हम गुरु-शिष्य परंपरा को मानते हुए सनातन संस्कृति से जुड़ते हैं। गुरु अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। अव्यवस्था को सुव्यवस्था में बदलने के लिए गुरु की दूरदृष्टि की जरूरत होती है। प्रसन्नता है कि सरकार ने कुलपतियों का नाम बदलकर कुलगुरु करने का काम किया है।

**गुरु-शिष्य परंपरा की दुनियाभर में मिसाल दी जाती है**

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि भारत की गुरु-शिष्य परंपरा की दुनियाभर में मिसाल दी जाती है। गुरुओं का दिया गया ज्ञान जिंदगी भर हमें प्रेरणा देता है। गुरुओं का सम्मान करने का अवसर सौभाग्यशाली है। शिक्षक दिवस पर बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम लेने वाले 12 शिक्षकों का सम्मान भी किया गया। स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि डिजिटल युग के दौर में विद्यार्थियों को प्रभावी रूप से शिक्षा देना चुनौतीपूर्ण है। ऐसे दौर में शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच धैर्य एक महत्वपूर्ण पहलू है।

**शिक्षकों का हुआ सम्मान**

स्कूल शिक्षा मंत्री ने श्रीमती अमिता पाण्डेय, श्रीमती मंगलम् इत्यलम, श्री गुलाब सिंह, श्रीमती शर्मिष्ठा श्रीवास्तव, श्रीमती अंजना कपूरिया, सुश्री अर्पणा नरोलिया, श्रीमती रश्मि श्रीवास्तव, श्रीमती भारती द्विवेदी, श्रीमती डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा माथुर, श्रीमती एकता पाठक, और श्री राजेन्द्र जसूजा आदि शिक्षकों को उल्लेखनीय योगदान के लिये सम्मानित किया।

## 'पेसा एक्ट' अंतर्गत ग्राम सभा सशक्तिकरण के प्रयास जरूरी

**भोपाल,** पेसा अंतर्गत ग्राम सभाओं को प्रभावी बनाने के लिए उनको हैन्ड होल्डिंग सपोर्ट उपलब्ध कराने की संभावनाओं का परीक्षण किया जाना चाहिए। सभी ग्राम सभाओं द्वारा पेसा एक्ट के प्रावधानों का सफलतापूर्वक उपयोग किया जाए। समुदाय विकास के पथ पर समान रूप से सबके साथ आगे बढ़े। इस संबंध में जन-जागृति के साथ जन-जागरण के लिए विभागीय स्तर पर पहल की जानी चाहिए। यह बात राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने राजभवन में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में चर्चा के दौरान कही।

श्री पटेल ने कहा है कि विकास की गति बनाए रखने के लिए पर्यवेक्षण निरीक्षण और अन्वेषण के कार्यों की निरंतरता जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्माण कार्य के निरीक्षण के साथ ही आवंटित राशि के उपयोग का पर्यवेक्षण जरूरी है। साथ ही आवास की डिजाइनिंग, हवा और रोशनी की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए जमीनी हकीकतों और व्यावहारिक कठिनाइयों के समाधानों का अन्वेषण भी किया जाना चाहिए। उन्होंने पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा भी की। उन्होंने कहा कि पेसा एक्ट के तहत ग्रामसभा के सशक्तिकरण प्रयासों पर विशेष बल दिया जाए। ग्राम सभाओं को उनके अधिकारों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए। जरूरी है कि ग्रामसभा सशक्तिकरण के कार्य सकारात्मक दृष्टिकोण और नवीन विचारों के साथ योजनाबद्ध ढंग से किए जाएं।

**व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय**

राज्यपाल ने टी.बी. उन्मूलन के लक्ष्य की प्राप्ति वर्ष 2025 तक करने के लिए पूर्ण एकाग्रता के साथ प्रयासों की जरूरत बताई। क्षय रोगियों को पोषण आहार की उपलब्धता के लिए नि:क्षय मित्र योजना को विस्तारित करने के लिए कहा है। इस कार्य में व्यापारिक और व्यावसायिक संगठनों के साथ समन्वय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा-अभियान (पी.एम. जनमन) अभूतपूर्व पहल है। योजना की मंशा विशेष पिछड़ी जनजातियों के जीवन को खुशहाल बनाना है। योजना की सफलता के लिए जरूरी है कि संवेदनशील दृष्टिकोण और गुणात्मक गुणवत्ता के साथ विकास के कार्य किए जाएं।

## बच्चों के व्यक्तित्व विकास में माँ का बड़ा योगदान

**भोपाल,** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि हमारा मिनाल क्षेत्र एक प्रकार से तीर्थ क्षेत्र बनता जा रहा है, यहां धार्मिक आयोजन लगातार होते रहते हैं, वे गणेश पार्क न्यू मिनाल में ईको फ्रेन्डली श्री गणेश मूर्तियों के निर्माण के 12 वर्ष पूर्ण होने के कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। श्रीमती गौर ने कहा कि मैं देख रही हूं कि बच्चों के गणेश प्रतिमा के निर्माण में उनकी माता का बड़ा योगदान है और हम हमेशा से कहते हैं कि बच्चों के चरित्र विकास में बच्चों के व्यक्तित्व विकास में उनकी माता का बड़ा योगदान होता है।

## मध्यप्रदेश उत्सव में मैहर वाद्य वृन्द की प्रस्तुति

**नईदिल्ली,** मध्यप्रदेश भवन में आयोजित 'मध्यप्रदेश उत्सव' की सांस्कृतिक संध्या में श्री कमल किशोर माहौर के निर्देशन में 10 संगीतज्ञों के समूह द्वारा मैहर वाद्य वृन्द की प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति में शास्त्रीय रागों- राग किरवानी और राग सिंधुरा, आंचलिक लोकधुनों और गांधीजी के भजनों पर श्री कमल किशोर माहौर के नलतरंग वादन को श्री गौतम भारतीय और श्री नेमचंद पटेल ने हारमोनियम, श्री सौरभ चौरसिया और श्री कमाल खान ने तबला, श्री ब्रजेश द्विवेदी ने सरोद, श्री अहमद खान ने सारंगी, श्री अनिल जैसवाल और श्री पवन सिंह ने सितार और श्रीमती कल्पना मिश्रा ने पखावज पर संगत दी। कार्यक्रम में ब्रिटिश मार्च टू विक्ट्री और राजस्थान के घूमर की भी प्रस्तुति दी गई।

## यूएन वीमन और नोकिया ने प्रदेश शासन के साथ मेंटरिंग वूमेन, एम्पॉवरिंग फ्यूचर्स कार्यक्रम किया प्रारंभ

**भोपाल,** यूएन वीमन इंडिया और नोकिया ने प्रदेश सरकार के साथ साझेदारी में 'मेंटरिंग वूमेन, एम्पॉवरिंग फ्यूचर्स (MWEF)' कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य युवा महिला एवं छात्राओं को आवश्यक व्यावसायिक कौशल प्रदान करना है, ताकि वे बेहतर ढंग से प्रशिक्षित होकर तकनीकी उद्योग के क्षेत्र में बेहतर कॅरियर बना सकें। इसका उद्देश्य कार्यशालाओं और मेंटरशिप कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाना है जिससे वे आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनकर देश के विकास में सहयोगी बनें।

वर्ष 2024 में यह कार्यक्रम प्रदेश के 12 जनजाति बहुल जिलों में प्रारंभ किया गया है, जो 'WeSTEM' कार्यक्रम का हिस्सा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (STEM) के क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम का मुख्य आधार परामर्श और मार्गदर्शन है, जो महिलाओं को STEM क्षेत्र में रोज़गार प्राप्त करने और रोज़गार में बने रहने में सहायता करता है। व्यापक और नवीनीकृत दृष्टिकोण से समूह मार्गदर्शन द्वारा मेंटरशिप जोड़ी बनाई जायेगी।

छात्राओं को रिज्यूम बनाना, साक्षात्कार की तैयारी, कॅरियर निर्माण, डिजिटल कौशल निर्माण, कंपनी में काम करना, व्यक्तिगत ब्रांडिंग, नेतृत्व और अन्य सॉफ्ट स्किल्स पर कार्यशाला का लाभ मिलेगा। अगले तीन महीनों में 100 छात्राओं के लिए समूह मार्गदर्शन सत्र आयोजित किए जायेंगे। नोकिया की 20 महिला लीडर्स ने प्रतिभाशाली छात्राओं के मार्गदर्शन के लिए स्वेच्छा से मेंटर बनने का निर्णय लिया है।

**स्किल्स विकसित करने में करेगा मदद**

सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोज़गार श्री रघुराज माधव राजेन्द्रन ने कहा कि 'यह मेरे लिए गर्व का विषय है कि मैं इस मेंटरशिप कार्यक्रम का हिस्सा हूं, जो यूएन वीमन और नोकिया का संयुक्त प्रयास है, जिसका उद्देश्य STEM क्षेत्रों में युवा महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें कौशल प्रदान करना है।'

## मध्यप्रदेश की उन्नति के लिए समर्पित हैं मुख्यमंत्री

**झालरापाटन,** आचार्य 108 श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज ने मध्यप्रदेश में जन-कल्याण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व की सराहना की है। राजस्थान के झालरापाटन में अपने 52वें जन्म दिवस और 36वें चातुर्मास कार्यक्रम में जैन मुनि श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज ने कहा कि मध्यप्रदेश की उन्नति के लिए समर्पित और ऊर्जावान मुख्यमंत्री के रूप में अपनी पहचान बनाई है।

आचार्य ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मेरे 50वें और 51वें जन्म दिवस पर उच्च शिक्षा मंत्री के रूप में पधारे थे। अब वे मुख्यमंत्री के रूप में आए हैं। निश्चित ही उनका यह भाव प्रभावित करता है। उन्होंने मेरी जन्म वर्षगांठ के अवसर पर निरंतर तीन वर्ष आकर हैट्रिक बनाई है।

## स्वच्छ भारत मिशन में निकलने वाले अपशिष्ट का हो रहा रीसाइकिल-रीयूज


**भोपाल,** शहरों में किये जा रहे निर्माण या पुनर्निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे को विध्वंस अपशिष्ट कहा जाता है। नगरीय विकास विभाग द्वारा इस अपशिष्ट का रीसाइकिल और रीयूज किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इस कार्य को करने के लिये नगरीय निकाय द्वारा ठोस कदम उठाये गये हैं।

निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट ईंटों, टाइल्स, पेवर ब्लॉक्स आदि को आकार देते हुए 'वेस्ट टू वेल्थ' में परिवर्तित किया जा रहा है। नगरीय निकाय द्वारा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सी एंड डी वेस्ट) को दोबारा इस्तेमाल करने योग्य उत्पाद बनाये जा रहे हैं, ताकि कहीं खुले में मलबे के ढेर न लगें और पर्यावरण भी साफ-सुथरा रहे। नगरीय निकाय द्वारा यह अपशिष्ट मलबा संग्रहण वाहन द्वारा प्रोसेसिंग प्लांट तक लाया जाता है।

प्रदेश में स्वच्छ भारत, मिशन शहरी के अंतर्गत नगरीय निकायों द्वारा 'सी' एंड 'डी' अपशिष्ट संग्रहण के लिये अभियान चलाया गया। 'सी' एंड 'डी' संग्रहण के लिये प्रचार-प्रसार किया गया। शहरी क्षेत्र में अनधिकृत रूप से पड़े 'सी' एंड 'डी' वेस्ट का संग्रहण कर प्रसंस्करण इकाई तक परिवहन किया गया। निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट उठवाने के लिये निर्धारित शुल्क नागरिकों द्वारा जमा किया गया। प्रदेश के 372 नगरीय निकायों ने 1318 स्थानों पर अनधिकृत रूप से 'सी' एंड 'डी' वेस्ट को चिह्नित किया। नगरीय निकाय द्वारा 2428 टन 'सी' एंड 'डी' का संग्रहण कर प्रसंस्करण इकाई तक वाहनों के माध्यम से परिवहन किया गया।

## लोकमाता अहिल्या देवी के कार्यों को आमजन तक पहुंचाएंगे

**भोपाल,** लोकमाता अहिल्या देवी का 300वां जन्मोत्सव वर्ष चल रहा है। इस अवसर पर लोकमाता के जनकल्याण के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने संदेश में कही। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्या देवी ऐसी शासिका थीं, जिन्होंने देवालयों पर हो रहे बाहरी आक्रमण के दौर में रामेश्वरम, जगन्नाथपुरी, उज्जैन, बनारस सहित देश के सांस्कृतिक गौरव की ध्वजा थामी। उन्होंने सभी देवालयों में सनातन संस्कृति के अनुकूल पूजा, अन्न क्षेत्र के विकास, स्नान के लिए घाट निर्माण के कार्य करवाए। जनजातियों सहित सभी के लोक कल्याण के लिए उनकी भूमिका के परिणामस्वरूप ही, अहिल्या देवी ने लोकमाता का दर्जा अर्जित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता



अहिल्या देवी की 300वीं जयंती के अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार विभिन्न कार्य करने वाली है। इसके लिए समिति गठित की गई है। यह समिति महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके जीवन में विभिन्न अधिकारों को दिलवाने के साथ ही बेहतर सुशासन के उदाहरण भी प्रस्तुत करेगी। इससे लोकमाता के जीवन के प्रेरक कार्यों को जनता के सामने प्रस्तुत किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 14 सदस्यीय समिति गठित**

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति में संस्कृति मंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री सहित उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा के प्रमुख सचिव, इंदौर के श्री मोहन गिरी, श्रीमती माला ठाकुर, सुश्री विनीता धर्म, श्रीमती ज्योति तोमर, श्री अशोक डागा, शहडोल की श्रीमती मेघा पंवार, करेली के श्री राकेश उदेनिया, गुना के श्री शिरोमणि दुबे और भोपाल के श्री धीरेन्द्र चतुर्वेदी शामिल हैं। पर्यटन एवं संस्कृति के प्रमुख सचिव को समिति का सदस्य सचिव बनाया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

# सोयाबीन उत्पादन में मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र और राजस्थान को पीछे छोड़ा

**भोपाल,** मध्यप्रदेश ने सोयाबीन उत्पादन में अपने निकटतम प्रतियोगी राज्यों महाराष्ट्र और राजस्थान को पीछे छोड़ते हुए फिर से 'सोयाबीन प्रदेश' बनने का ताज हासिल कर लिया है। भारत सरकार द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार मध्यप्रदेश 5.47 मिलियन टन सोयाबीन उत्पादन के साथ पहले नंबर पर आ गया है। देश के कुल सोयाबीन उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान 41.92 प्रतिशत है। महाराष्ट्र 5.23 मिलियन टन के साथ दूसरे नंबर पर है। देश के कुल उत्पादन में महाराष्ट्र का योगदान 40.01 प्रतिशत है जबकि राजस्थान 1.17 मिलियन टन उत्पादन के साथ तीसरे नंबर पर है। देश के कुल सोया उत्पादन में राजस्थान का योगदान 8.96 प्रतिशत है। पिछले दो सालों में मध्यप्रदेश में सोयाबीन उत्पादन में कमी आने से मध्यप्रदेश पिछड़ गया था। वर्ष 2022-23 में महाराष्ट्र 5.47 मिलियन टन उत्पादन के साथ प्रथम स्थान पर था और देश के कुल सोयाबीन उत्पादन में 42.12 प्रतिशत का योगदान था, जबकि मध्यप्रदेश 5.39 मिलियन टन के साथ दूसरे नंबर पर था। देश के कुल सोया उत्पादन में योगदान 41.50 प्रतिशत था।

**वर्ष 2021-22 में दूसरे स्थान पर था मध्यप्रदेश**

इसके पहले 2021-22 में भी महाराष्ट्र 6.20 मिलियन टन उत्पादन के साथ प्रथम स्थान पर था और देश के सोयाबीन उत्पादन में 48.7 प्रतिशत का योगदान था जबकि मध्यप्रदेश 4.61 मिलियन टन के साथ दूसरे नंबर पर था। देश के कुल उत्पादन में इसका योगदान 35.78 प्रतिशत था।

**मंत्रिपरिषद के निर्णय**

# जावद-नीमच दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को मिली प्रशासनिक स्वीकृति



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई सम्पन्न

**भोपाल,** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक मंत्रालय में हुई। मंत्रिपरिषद द्वारा नीमच जिले की जावद-नीमच दाबयुक्त सूक्ष्म सिंचाई परियोजना लागत राशि 4 हजार 197 करोड़ 58 लाख रुपये, सैंच्य क्षेत्र 1 लाख 8 हजार 600 हेक्टेयर की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई। स्वीकृत परियोजना से नीमच जिले की नीमच तहसील के 253 गांव के 59700 हेक्टेयर एवं जावद तहसील के 212 गांवों के 48900 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी।

मंत्रिपरिषद द्वारा विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपकरणों के विनिर्माण क्षेत्र, औद्योगिक क्षेत्र मोहासा-बाबई जिला नर्मदापुरम में पॉवर एवं रिन्युबल एनर्जी इक्यूपमेंट मैन्युफैक्चरिंग जोन की स्थापना एवं संचालन के लिए औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग के अधीनस्थ संस्था एमपी इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल को अधिकृत करने की स्वीकृति दी गई।

निर्णय अनुसार पॉवर एवं रिन्युबल एनर्जी इक्यूपमेंट मैन्युफैक्चरिंग जोन में स्थापित होने वाली इकाइयों को प्रचलित उद्योग संवर्धन नीति 2014 यथा संशोधित के अतिरिक्त अन्य सुविधाएं दी जायेंगी। विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपकरणों के विनिर्माण क्षेत्र में विद्युत दर राशि रुपये 4.36 प्रति यूनिट प्रथम 05 वर्ष तक और इसके बाद 3 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष वृद्धि का अनुमोदन एवं मध्यप्रदेश नियामक आयोग द्वारा स्वीकृत विद्युत दर के अंतर की राशि की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा किये जाने, इकाइयों को विद्युत संयोजन दिनांक से 05 वर्षों के लिए विद्युत शुल्क की प्रतिपूर्ति राज्य शासन द्वारा किये जाने, विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा के उपकरणों के विनिर्माण क्षेत्र में जल दर राशि रुपये 25 प्रति किलोलीटर प्रथम 05 वर्ष तक तत्पश्चात् 3 प्रतिशत की दर से प्रतिवर्ष वृद्धि का अनुमोदन किया गया।

## पार्क की स्थापना के लिए राशि स्वीकृत

मंत्रिपरिषद द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सीतापुर (द्वितीय चरण), जिला मुरैना में मेगा लेदर, फुटवेयर एण्ड एसेसरीज क्लस्टर डेव्हलपमेंट पार्क की स्थापना के लिए राज्य शासन की अंश राशि 111 करोड़ 4 लाख रुपये का बजट एवं वित्तीय अंश उपलब्ध करने की स्वीकृति दी गई। भारत सरकार को प्रेषित प्रस्ताव, औद्योगिक क्षेत्र सीतापुर (द्वितीय चरण), जिला मुरैना में कुल क्षेत्रफल 161.7 एकड़ पर मेगा लेदर, फुटवेयर एण्ड एसेसरीज क्लस्टर की स्थापना का अनुमोदन किया गया।

# दिव्यांगजनों को रोज़गारमूलक गतिविधियों से जोड़ने के विशेष प्रयास होंगे

**भोपाल,** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा है कि दिव्यांगजनों को रोज़गार से जोड़ा जाएगा। सभी जिला कलेक्टर को जिला कार्यालयों में कैंटीन, फोटोकॉपियर टाइपिंग सेंटर जैसी रोज़गार गतिविधियों में दिव्यांगजन को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह गतिविधियां दिव्यांगजनों को समूह के रूप में भी प्रदान की जा सकती हैं। साथ ही बैंकों के माध्यम से रोज़गार के लिए ऋण भी उपलब्ध कराए जाएंगे। श्री कुशवाह ने कहा कि राज्य शासन विकलांगों के पुनर्वास कार्यक्रम को प्राथमिकता के साथ कर रहा है।

श्री कुशवाह ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण और उन्हें रोज़गार के अवसर प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है। दिव्यांगजनों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण का प्रावधान है। साथ ही रोज़गार मेलों का आयोजन किया जाता है, जहां उन्हें निजी क्षेत्र की नौकरियों में भी अवसर मिलते हैं। दिव्यांगजनों को सक्षम बनाने के लिए विशेष कौशल विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिन दिव्यांगजनों की आर्थिक स्थिति कमजोर है, उनके लिये राज्य सरकार द्वारा वित्तीय सहायता और ऋण योजनाएं शुरू की गई हैं, जिससे वे अपना व्यवसाय शुरू कर सकें।

## पी.सी.पी.एन.डी.टी. अधिनियम के प्रावधानों का करें क्रियान्वयन

**भोपाल,** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में आयोजित पी.सी.पी.एन.डी.टी. अधिनियम की राज्य सुपरवाइजरी बोर्ड की बैठक को संबोधित करते हुए कहा है कि पी.सी.पी.एन.डी.टी. अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। आवश्यक सेवाओं के सुचारु प्रदाय में असुविधा नहीं होनी चाहिए। बैठक में बोर्ड द्वारा गर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक पी.सी.पी.एन.डी.टी. अधिनियम 1994 के प्रावधानों के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

# दमोह जिले के 447 गांव के 65 हजार लोगों के घर में पहुंच रहा है नल से जल

**भोपाल,** दमोह जिले के पटेरा विकासखण्ड के सैंकड़ों गांव के लोग पीने के पानी की समस्या से परेशान थे। उन्हें अपने घर से दूर जाकर पीने का पानी लाना पड़ता था, जिससे गांव के लोगों को समय लगता था। इस कारण ग्रामीणजनों को अपने दूसरे रोजमर्रा के कार्य करने में दिक्कत आती थी और उन्हें पीने के लिये शुद्ध जल भी नहीं मिल पाता था। राज्य सरकार की समूह नल-जल योजना ग्रामीणों के लिये वरदान सिद्ध हुई है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत जल निगम द्वारा दमोह पटेरा में समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से बेयर्मा नदी पर निर्मित सतधारू बांध पर आधारित दमोह पटेरा ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के तहत 75.54 एमएलडी क्षमता का इंटेकवेल बनाया गया है तथा 58.80 एमएलडी का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यूटीपी) बनाया गया है। इस योजना में 2500 कि.मी. पाइप लाइन के माध्यम से 447 गांव के 65 हजार ग्रामीणों को घर में नल से जल की आपूर्ति की जा रही है।

# मध्यप्रदेश में अनुसूचित जाति के पुराने छात्रावासों की जगह बनाये जाएंगे नए भवन

**भोपाल,** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने मंत्रालय में अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अनुसूचित जाति के पुराने छात्रावासों को डिस्मेंटल कर नये भवन बनाये जाने के प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये, जिससे किसी छात्रावास में दुर्घटना निर्मित न हो। श्री चौहान ने कहा कि छात्रावासों में सुविधाएं बढ़ाई जाएं, जिससे पालकों को अपने बच्चों को छात्रावासों में भेजने में विश्वास जागृत हो। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी संभागीय अधिकारी समय-समय पर छात्रावासों का निरीक्षण करें और उसके संबंध में मुझे जानकारी दें।

अनुसूचित जाति मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सभी छात्रावासों में नवाचार के रूप में टेलीफोन लगाये जायें, जिससे छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थी अपने पालकों से समय-समय पर बातचीत कर सकें। श्री चौहान ने अनुसूचित जाति विभाग की विकास संबंधी योजनाएं जैसे छात्रावास संचालन, छात्रवृत्ति प्रदाय, शिक्षा के लिये प्रोत्साहन, अनुदान योजनाएं, प्रशिक्षण एवं स्व-रोज़गार, अधोसंरचना विकास और अस्पृश्यता निवारण और अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अधिकारों का संरक्षण की समीक्षा की।

श्री नागर ने पोस्ट मैट्रिक महाविद्यालयीन छात्रवृत्ति, पोस्ट मैट्रिक कक्षा 11वीं व 12वीं छात्रवृत्ति की स्थिति की संभागवार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति के संबंध में बजट प्रावधान बढ़ाया जाये। मंत्री श्री नागर ने आवास सहायता योजना में गृह निवास से बाहर महाविद्यालयीन स्तर पर नियमित विद्यार्थियों को आवास सहायता राशि नियमानुसार समय-सीमा में उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय में इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन में परीक्षा परिणाम प्रतिशत कम पाये जाने पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इसके लिये ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय के प्रिंसिपलों की बैठक बुलाई जाए।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

**एजेंसी देना है**

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश के शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा, छतरपुर एवं पिपरिया में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की खबरें
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

# चर्चा

जैकब ओरम

## बने न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच

पूर्व ऑलराउंडर जैकब ओरम न्यूजीलैंड के गेंदबाजी कोच बन गए हैं। ओरम 7 अक्टूबर से कार्यभार संभालेंगे। 46 वर्षीय ओरम 11 साल न्यूजीलैंड से खेल चुके हैं। वे न्यूजीलैंड ए टीम और महिला टीम के गेंदबाजी कोच रह चुके हैं। ओरम ने कहा, 'मेरे लिए ऐसी टीम के साथ फिर जुड़ना सम्मान की बात है, जो मेरे जीवन का बड़ा हिस्सा रही है। उल्लेखनीय है कि भारत और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम 16 से 20 अक्टूबर तक सीरीज का पहला मैच बेंगलुरु में खेलेंगी।



एन. मुरुगानंदम

## तमिलनाडु के मुख्य सचिव बने

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी एन. मुरुगानंदम को तमिलनाडु सरकार ने राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। उन्होंने निवर्तमान मुख्य सचिव शिव दास मीना की जगह ली। मीना को तमिलनाडु रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मुरुगानंदम वर्ष 1991 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं, इससे पहले वह मुख्यमंत्री के सचिव पद पर तैनात थे। वह कई प्रशासनिक पदों पर काम कर चुके हैं।



तुलसी गबार्ड

## अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का किया समर्थन

वर्ष 2022 में डेमोक्रेटिक पार्टी छोड़ने वाली महिला तुलसी गबार्ड ने नवंबर 2024 में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन की घोषणा की है। उन्होंने मिशिगन में आयोजित सभा में इसकी घोषणा की, जहां ट्रंप मौजूद थे। गबार्ड ने अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन पर हमला करते हुए कहा कि हमें दुनियाभर के क्षेत्रों में कई मोर्चों पर युद्धों का सामना करना पड़ रहा है और हम पहले से कहीं अधिक परमाणु युद्ध की कगार पर हैं।



जापान में

## चावल की भारी किल्लत

जापान में चावल की भारी कमी हो गई है। पिछले कुछ हफ्तों से जापान के कई सुपरमार्केट्स में चावल खत्म हो गया है। जून 1999 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब जापान में चावल की कमी देखी जा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जिन सुपरमार्केट्स में चावल मिल रहा है, वहां लोगों से कम मात्रा में चावल खरीदने की अपील की जा रही है। दरअसल, जापान में सरकार ने भूकंप और तूफानों के खतरे को लेकर चेतावनी दी थी। इसके बाद से ही लोग घबराहट में चावल खरीदकर अपने घरों में स्टॉक करने लगे हैं, जिस वजह से बाजार में चावल की कमी हो गई है। जापान में मई से नवंबर तक के महीने को टाइफून सीजन कहा जाता है। इस दौरान करीब 20 तूफान आते हैं।




फारुख अहमद

## बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष बने

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पूर्व क्रिकेटर और मुख्य चयनकर्ता फारुक अहमद को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। फारुक अहमद ने अध्यक्ष पद संभाल लिया है। उन्होंने नजमुल हसन की जगह ली। बांग्लादेश के खेल एवं युवा मंत्रालय की बैठक से पहले नजमुल हसन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद फारुक अहमद को अध्यक्ष चुना गया। फारुक बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के पहले अध्यक्ष हैं, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेला है। उन्होंने वर्ष 1988 से 1999 के बीच सात वन-डे मैचों में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व किया है। फारुक वर्ष 2003 से 2007 और वर्ष 2013 से 2016 के बीच दो बार बांग्लादेश क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता रह चुके हैं।



हरीश काजला

## ट्रायथलॉन पूरी करने वाले पहले सीएपीएफ अफसर बने

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारी हरीश काजला ने दुनिया की सबसे कठिन ट्रायथलॉन मानी जाने वाली आयरनमैन चैलेंज को सफलतापूर्वक पार कर इतिहास रच दिया है। हरीश यह ट्रायथलॉन पूरी करने वाले केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के पहले अधिकारी हैं। बीएसएफ ने एक बयान जारी कर कहा कि सहायक कमांडेंट हरीश काजला ने डेनमार्क के कोपेनहेगन में आयोजित आयरनमैन चैलेंज को पूरा कर राष्ट्र को गौरवान्वित किया है। हरीश ने यह ट्रायथलॉन 12 घंटे 45 मिनट और 25 सेकेंड में पूरी की। इस स्पर्धा में प्रतिभागी को 3.8 किलोमीटर की तैराकी, 180 किलोमीटर की साइक्लिंग और 42.2 किलोमीटर की मैराथन दौड़ करनी होती है।



रियोहलांग धर

## फीफा अंडर-17 विश्वकप में सहायक रेफरी बनेंगी

भारत की महिला फुटबॉल रेफरी रियोहलांग धर डोमिनिकन गणराज्य में आयोजित होने वाले फीफा वूमेन अंडर-17 विश्वकप के लिए सहायक रेफरी चुनीं गई हैं। फीफा ने इस वर्ष 10 अक्टूबर से 3 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस विश्वकप के लिए 38 मैच अधिकारियों की सूची जारी की है, इस सूची में रियोहलांग धर का नाम भी शामिल है। फुटबॉल विश्वकप में रेफरी बनने वाली रियोहलांग दूसरी भारतीय महिला रेफरी हैं। उनसे पहले उवेना फर्नांडिज यह उपलब्धि हासिल कर चुकी हैं। उवेना वर्ष 2016 में जॉर्डन में आयोजित फीफा अंडर-17 विश्वकप में सहायक रेफरी बनी थीं।



अरुण अग्रवाल

## टीईडीसी के उपाध्यक्ष नियुक्त

टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने डलास निवासी भारतीय-अमेरिकी उद्यमी अरुण अग्रवाल को 'टेक्सास आर्थिक विकास निगम' (टीईडीसी) के निदेशक मंडल में उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। गवर्नर कार्यालय के अनुसार, गवर्नर के आर्थिक विकास और पर्यटन कार्यालय के साथ एक प्रमुख सार्वजनिक-निजी साझेदारी के तहत टीईडीसी का काम घरेलू और वैश्विक स्तर पर व्यापार के लिए शीर्ष अमेरिकी राज्य के रूप में टेक्सास का प्रचार करना है। यह नियुक्ति विविधता के प्रति टेक्सास की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है और प्रमुख आर्थिक भूमिकाओं में भारतीय-अमेरिकी लोगों के बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है।



आईपीएस बी. श्रीनिवासन

## बनेंगे एनएसजी प्रमुख

वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी बी. श्रीनिवासन को राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। श्रीनिवासन 1992 बैच के बिहार कैडर के भारतीय पुलिस सेवा के (आईपीएस) अधिकारी हैं। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने श्रीनिवासन की एनएसजी के महानिदेशक के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उनकी नियुक्ति पदभार ग्रहण करने की तिथि से लेकर 31 अगस्त 2027 तक यानी उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि तक होगी।



वाइस एडमिरल राजेश धनखड़

## प्रोजेक्ट सीबर्ड के महानिदेशक बने

वाइस एडमिरल राजेश धनखड़ को प्रोजेक्ट सीबर्ड का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। उन्होंने नई दिल्ली स्थित प्रोजेक्ट सीबर्ड मुख्यालय में वाइस एडमिरल तरुण सोबती से कार्यभार ग्रहण किया। सोबती को कारवार नौसेना बेस पर चल रही सबसे बड़ी रक्षा अवसंरचना परियोजना की देखरेख करने का अधिकार दिया गया है। वाइस एडमिरल राजेश धनखड़ को 1 जुलाई, 1990 को भारतीय नौसेना में कमीशन किया गया था और वे नेविगेशन और डायरेक्शन के विशेषज्ञ हैं।



लू विन्सेंट

## विशेष वनडे कैप मिली

न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी लू विन्सेंट को उनके 100वें वनडे के उपलक्ष्य में एक विशेष कैप दी गई। उन्होंने साल 2007 में कॅरियर का 100वां वनडे खेला था, लेकिन यह कैप 17 साल बाद मिली। दरअसल, 2014 में काउंटी में भ्रष्टाचार के लिए इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने उन पर आजीवन बैन लगा दिया था। हालांकि, पिछले साल सजा में संशोधन किया गया।



फतेमेह मोहजेरानी

## ईरान की पहली महिला सरकारी प्रवक्ता नियुक्त

पहली बार ईरानी सरकार का सार्वजनिक चेहरा एक महिला होगी। 54 वर्षीय फतेमेह मोहजेरानी को मसूद पेजेश्कियन शासन का आधिकारिक सरकारी प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। ईरानी मीडिया के अनुसार कैबिनेट की बैठक में राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने यह नियुक्ति की। एडिनबर्ग से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में डॉक्टरेट की उपाधि पाने वालीं मोहजेरानी इससे पहले ईरान की 11वीं सरकार में शरियाती तकनीकी और व्यावसायिक प्रशिक्षण विश्वविद्यालय (महिलाओं के लिए) के प्रमुख के रूप में कार्य कर चुकी हैं।



चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी

## बने एसबीआई के चेयरमैन

चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के नए चेयरमैन बन गए हैं। एसबीआई ने रेगुलेटरी फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी। श्रीनिवासुलु सेट्टी को दिनेश खारा की जगह बैंक का नया चेयरमैन बनाया गया है। चेयरमैन बनने से पहले सेट्टी बैंक के सीनियर मोस्ट मैनेजिंग डायरेक्टर थे। सेट्टी के पास एसबीआई में 36 साल से ज्यादा का अनुभव है। वह इंटरनेशनल बैंकिंग, ग्लोबल मार्केट और टेक्नोलॉजी विभाग का कार्यभार संभालते थे। 2 महीने पहले फाइनेंशियल सर्विसेज इंस्टीट्यूशन ब्यूरो ने एसबीआई के अगले चेयरमैन के रूप में चल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी के नाम की सिफारिश की थी।



गेको छिपकली

## भारत में दो नई प्रजातियां मिलीं

दक्षिण भारत में गेको प्रजातियों की दो नई छिपकलियों की खोज की गई है। मदुरै के अलागरकोविल से 'सीनेमास्पिस ट्राइड्रा' और तेनकाशी के मेकराई हिल्स से 'सीनेमास्पिस सुंदरा' नाम की नई छिपकलियों का पता चला है। इनकी खोज नागलपुरम निवासी दो भाइयों 26 वर्षीय अहमद जेरिथ और 21 वर्षीय अहमद फाजिल ने की है। जेरिथ वन्यजीव विज्ञान में स्नातकोत्तर है, फाजिल जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर के छात्र हैं।



## स्मृति शेष

### सितार वादिका मंजू मेहता का निधन

प्रख्यात सितार वादिका मंजू नंदन मेहता का 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मंजू मेहता केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार और तानसेन पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं। वह अहमदाबाद की प्रसिद्ध सप्तक संस्था की संचालिका थीं। वह भारत की श्रेष्ठ सितार वादकों में से एक है। उन्होंने गंधर्व महाविद्यालय से संगीत में मास्टर डिग्री हासिल की और संगीत कला के प्रसार को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया। उन्हें संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।



### लेबनान के पूर्व प्रधानमंत्री सलीम अल-होस का निधन

लेबनान के पूर्व प्रधानमंत्री सलीम अल-होस का लंबी बीमारी के बाद बेरुत में निधन हो गया। वह 94 वर्ष के थे। लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। मिकाती ने लेबनान में अल-होस के सम्मान में तीन दिनों के आधिकारिक शोक की घोषणा की, उन्हें लेबनान का विवेक कहा और उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। अल-होस ने 1976 और 2000 के बीच पांच बार प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, तीन सरकारों में मंत्री पद संभाला और लगातार दो बार संसद के सदस्य रहे।



### दुनिया की सबसे बुजुर्ग महिला मारिया ब्रान्यास का निधन

दुनिया की सबसे बुजुर्ग व्यक्ति मानी जाने वाली मारिया ब्रान्यास का निधन हो गया। मारिया अमेरिकी मूल की स्पेनिश महिला हैं और उनका निधन 117 वर्ष 168 दिन की आयु में हुआ। मारिया के परिवार ने सोशल मीडिया के जरिए उनके निधन की जानकारी दी। परिवार ने लिखा कि 'उनका उत्तर-पूर्वी स्पेन के ओलोट शहर में एक घर में नींद में शांति से निधन हुआ, वैसे ही जैसा कि वह चाहती थीं, शांत और बिना दर्द के'। मारिया का नाम सबसे लंबी उम्र की महिला के रूप में गिनीज बुक ऑफ विश्व रिकॉर्ड में दर्ज था। मारिया ने दोनों विश्व युद्ध, स्पेन का गृह युद्ध और स्पेन की विश्वव्यापी फ्लू महामारी देखी है।




(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र. 1, ग्वालियर

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 7-A/D1GWL/SAC/2024-25 दिनांक : 22.08.2024

### निविदा विज्ञप्ति सूचना

म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से म.प्र. की ओर से निम्नांकित कार्यों हेतु सड़क/भवन दिनांक 25.03.2022/01.01.24 तथा निविदा सूचना जारी होने तक उसमें किये गये संशोधन सहित मोहरबन्द निविदायें नवीन निविदा फार्म 2.10 में आमंत्रित की जाती हैं, प्रपत्र में दर्शाये गये कार्यालय में निविदायें डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। पोस्टल विलम्ब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

**क्र. एवं कार्य का नाम- 1.** Repairing & Mantenance Work of Cut Ston, Roof, Boundary Wall (Under Emergency) At Hon'ble Minister Bunglow And V.I.P. Bunglow R. C. Road Under H. Q.1 Sub Division Gwalior

| निविदा प्रपत्र की राशि एवं फार्म | 1. ठेके की अनुमा. लागत (लाख में) 2. अमानत राशि | कोरे निविदा प्रपत्र विक्रय का समय एवं दिनांक | 1. निविदा प्राप्ति का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. स.क्र. 1 | 1. निविदा खोलने का दिनांक 2. कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. स.क्र. 1 | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- "अ" | 9.99 /- 19980 /- | 09.09.2024 | 11.09.2024 | 12.09.2024 | 01 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**क्र. एवं कार्य का नाम- 2.** Mantinance Work of New Rest House Gandhi Road Gwalior Under H. Q.2 Sub Division Gwalior.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- "अ" | 9.99 /- 19980 /- | 09.09.2024 | 11.09.2024 | 12.09.2024 | 01 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**क्र. एवं कार्य का नाम- 3.** Deposit Work of Additional, Altration And Renovation Work of Intiring of Account Section And Other Work at New High Court Section Under H.Q.2 Sub Division Gwalior

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- "अ" | 10.00/- 20000/- | 09.09.2024 | 11.09.2024 | 12.09.2024 | 01 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**क्र. एवं कार्य का नाम- 4.** AR, SR Work At Bunglow No. A - 3, And Cottage New High Court Campus Gwalior Under H.Q.2 Sub Division Gwalior

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- "अ" | 9.99 /- 19980 /- | 09.09.2024 | 11.09.2024 | 12.09.2024 | 01 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**क्र. एवं कार्य का नाम- 5.** AR, SR, Deposit And Other Mantenance Work in New High Court Section Under H.Q. 2 Sub Division Gwalior

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- "अ" | 10.00/- 20000/- | 09.09.2024 | 11.09.2024 | 12.09.2024 | 01 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**क्र. एवं कार्य का नाम- 6.** Mantenance Work in OBD Paint And Other Necessary Work For Bunglow No. A-1, in The Campus of New High Court Gwalior Unde H. Q.2 Sub Division Gwalior

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- "अ" | 9.90/- 19800/- | 09.09.2024 | 11.09.2024 | 12.09.2024 | 01 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**क्र. एवं कार्य का नाम- 7.** Urgent Barricading/Railling Work For VIP Visit Under H.Q. 2 Sub Division Gwalior.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- "अ" | 9.96/- 19920 /- | 09.09.2024 | 11.09.2024 | 12.09.2024 | 01 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

**क्र. एवं कार्य का नाम- 8.** P/F, Barricading Work, Construction of Halipad And Mantinance of Road For VIP Program Under HQ-2 Sub Division Gwalior

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2000/- "अ" | 9.95/- 19920 /- | 09.09.2024 | 11.09.2024 | 12.09.2024 | 01 माह केंद्रीयकृत प्रथम आमंत्रण |

कुल कार्य - 08 कुल अनुमानित लागत राशि रुपये 10.00 लाख
टीप - शेष शर्तें कार्यालयीन समय पर कार्यालय में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग संभाग क्र. - 1, ग्वालियर**

जी-15831/50010/2024

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग भोपाल (म. प्र.)

निविदा सूचना क्रमांक 02/सेतु/2024-25/का.यं. भोपाल, दिनांक : 30.08.2024

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

**क्र. एवं कार्य का नाम 1.** लो.नि.वि सेतु निर्माण उपसंभाग बैतूल के अंतर्गत नवीन पुलों के सर्वे, डी.पी.आर. एवं बोरिंग कार्य।

| टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि (रु. लाख में) | टीप |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PWDRB _366549_1 | बैतूल | पुल कार्य | प्रथम | 16.73 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| **क्र. एवं कार्य का नाम 2.** लो.नि.वि. सेतु निर्माण उपसंभाग क्रमांक - 2 भोपाल के अंतर्गत नवीन पुल कार्यों के लिए सर्वेक्षण और हाईड्रोलिक डेटा का संग्रह, सर्वे एवं डी.पी.आर. कार्य। | | | | | |
| 2024_PWDRB _366557_1 | भोपाल | पुल कार्य | प्रथम | 7.02 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| **क्र. एवं कार्य का नाम 3.** जिला भोपाल शहर में चूना भट्टी (काली मंदिर ), बंसल हॉस्पिटल से मनीषा मार्केट चौराह एवं नेहरू नगर से पी.ए. टी. चौराहे पर केबल स्टे ब्रिज के लिए सर्वेक्षण, जी.ए.डी. और बोरिंग कार्य। | | | | | |
| 2024_PWDRB _366567_1 | भोपाल | पुल कार्य | प्रथम | 8.40 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| **क्र. एवं कार्य का नाम 4.** लो.नि.वि. सेतु निर्माण उपसंभाग नर्मदापुरम कमांक-1 के अंतर्गत नवीन पुलों के सर्वे, डी.पी. आर. एवं बोरिंग कार्य। | | | | | |
| 2024_PWDRB _366571_1 | नर्मदापुरम | पुल कार्य | प्रथम | 8.32 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| **क्र. एवं कार्य का नाम 5.** लो.नि.वि. सेतु निर्माण उपसंभाग रायसेन के अंतर्गत नवीन पुलों के सर्वे, डी.पी.आर. एवं बोरिंग कार्य। | | | | | |
| 2024_PWDRB _366575_1 | रायसेन | पुल कार्य | प्रथम | 3.48 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| **क्र. एवं कार्य का नाम 6.** लो.नि.वि. सेतु निर्माण उपसंभाग क्रमांक-2 भोपाल के अंतर्गत पुलों एवं पहुँच मार्ग का वार्षिक मरम्मत कार्य। | | | | | |
| 2024_PWDRB _366624_1 | भोपाल | पुल कार्य | द्वितीय | 19.99 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| **क्र. एवं कार्य का नाम 7.** लो.नि.वि. सेतु निर्माण उपसंभाग क्रमांक-2 नर्मदापुरम के अंतर्गत पुलों एवं पहुँच मार्ग का वार्षिक मरम्मत कार्य। | | | | | |
| 2024_PWDRB _366638_1 | नर्मदापुरम | पुल कार्य | प्रथम | 19.96 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| **क्र. एवं कार्य का नाम 8.** लो.नि.वि. सेतु निर्माण उपसंभाग क्रमांक-1 नर्मदापुरम के अंतर्गत पुलों एवं पहुँच मार्ग का वार्षिक मरम्मत कार्य। | | | | | |
| 2024_PWDRB _366645_1 | नर्मदापुरम | पुल कार्य | प्रथम | 18.78 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| **क्र. एवं कार्य का नाम 9.** लो.नि.वि. सेतु निर्माण उपसंभाग रायसेन के अंतर्गत पुलों एवं पहुँच मार्ग का वार्षिक मरम्मत कार्य। | | | | | |
| 2024_PWDRB _366652_1 | रायसेन | पुल कार्य | प्रथम | 16.20 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| **क्र. एवं कार्य का नाम 10.** लो.नि.वि. सेतु निर्माण उपसंभाग विदिशा के अंतर्गत पुलों एवं पहुँच मार्ग का वार्षिक मरम्मत कार्य। | | | | | |
| 2024_PWDRB _366660_1 | विदिशा | पुल कार्य | प्रथम | 16.80 | मूल एफ.डी.आर. का भुगतान ऑनलाइन होगा एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। |
| | | | योग | 135.68 | |

उपरोक्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 20.09.2024, (17.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
मूल एफ.डी.आर. का भुगतान केवल ऑनलाइन होगा एवं अन्य दस्तावेज ऑनलाइन जमा होंगे। भौतिक रूप से किसी भी प्रकार के दस्तावेज कार्यालय में जमा नहीं किये जायेंगे।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण संभाग, भोपाल (म.प्र.)**

जी-15823/50011/2024

## कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)
## लोक निर्माण विभाग, निर्माण भवन, प्लाट नं.-27-28, अरेरा हिल्स, भोपाल

एनआईटी नं.-10/2024/निविदा/सा/मु.अ.भ./ भोपाल, दिनांक : 30.08.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

**क्र. एवं कार्य का नाम - 1.** बड़ौद जिला आगर मालवा में 06 ट्रेड आई.टी.आई. कैंपस (आई.टी.आई. कॉलेज, 60 सीट वाले लड़कों का छात्रावास, 60 सीट वाली लड़कियों का छात्रावास, एफ टाइप 1 नग, एच ट्विन कॉन्फिगरेशन 2 नग, आई टाइप मल्टी स्टोरी ट्विन कॉन्फिगरेशन 4 नग) एवं साइड डेवलपमेंट के निर्माण कार्य ।

| पोर्टल टेंडर क्र. | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रु. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_PWPIU_ 366996_1 | आगर मालवा | 1154.21 | 1000000 | 30000 | 18 माह वर्षाकाल सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम - 2.** शासकीय स्नातकेत्तर महाविद्यालय मुलताई में कर्मचारी आवास, इंडोरस्पोर्ट हॉल, एवं 50 सीटर कन्या छात्रावास भवन के निर्माण कार्य। | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367119_1 | बैतूल | 743.90 | 743900 | 20000 | 14 माह वर्षाकाल सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम - 3.** सबजेल नसरूल्लागंज (भैरूंदा) में 02 बैरिक (01 डबल स्टोरी) का निर्माण जिला सीहोर। | | | | | |
| 2024_PW-PIU_367719_1 | सीहोर | 121.12 | 121120 | 12500 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम - 4.** शासकीय जवाहरलाल नेहरू स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर जिला शाजापुर में स्पोर्टस् कॉम्प्लेक्स एवं डोम निर्माण कार्य। | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367130_1 | शाजापुर | 1121.55 | 1000000 | 30000 | 24 माह वर्षाकाल सहित |
| **क्र. एवं कार्य का नाम - 5.** शासकीय महाविद्यालय शुजालपुर जिला शाजापुर में ऑडिटोरियम निर्माण कार्य। | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367240_1 | शाजापुर | 824.67 | 824670 | 20000 | 12 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाइट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 30.08.2024 समय 10.30 से दिनांक 17.09.2024 समय 05.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

**मुख्य अभियंता (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग, भोपाल**

जी-15803/50012/2024

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री
## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल

माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक-03), भोपाल (म.प्र.) 462003

नि.आ.सू.क्र. 06/एन.एच.एम./2024-25/1049 भोपाल, दिनांक : 03.03.2024

### निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग-भोपाल की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से (www.mptenders.gov.in) (Department of Directorate of Health Services) तीन लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एस.ओ.आर. 01.01.2024 (निविदा सूचना जारी होने तक किये गये समस्त संशोधनों सहित) दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

**ई-निविदा सूचना क्रमांक- 06/2024-25 दिनांक 03.09.2024**

| स.क्र. | टेण्डर नं. 2024_ DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि (लाख में) | जमा धरोहर राशि रु. | टेण्डर दर राशि रु. | समय सीमा वर्षाकाल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_ DHS_ 367462 | जिला बैतूल विकासखण्ड आमला एवं घोड़ाडोंगरी में 11 उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण** | 605.88 | 605880/- | 20000/- | 18 माह |
| 2. | 2024_ DHS_ 367463 | जिला रायसेन विकासखण्ड उदयपुरा में 12 उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य। **द्वितीय आमंत्रण** | 660.96 | 660960/- | 20000/- | 18 माह |
| 3. | 2024_ DHS_ 367464 | जिला नर्मदापुरम विकासखण्ड बाबई, सिवनी मालवा एवं केसला में 08 उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन मय सीएचओ आवासगृह का निर्माण कार्य। **तृतीय आमंत्रण** | 440.64 | 440640/- | 15000/- | 15 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 06.09.2024 प्रातः 10.30 से दिनांक 20.09.2024 सायं 17.30 तक** क्रय किये जा सकते हैं।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन.एच.एम. भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी. में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाइट **(http://www.mptenders.gov.in)** पर प्रकाशित किया जावेगा एवं समाचार पत्रों में नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, संभाग-भोपाल**

**जी-15853/50028/2024**

## कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल

**ई-मेल : ce. tender.wrdmp@gmail.com, फोन : 0755-2767635, फैक्स : 0755-2552406**

**निविदा सूचना क्रमांक-1095/2024-25/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग/ भोपाल, दिनांक : 05.09.2024**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र **दिनांक 04.10.2024 को 17:30 बजे तक** क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_WRD_ 367845 | **टर्न की पद्धति पर :-** पलासुर बैराज, सीवल बैराज कम बुरहानपुर कॉजवे, निम्बापुर बैराज, कोलभान तालाब एवं चाकबारा स्टोरेज तालाब (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | बुरहानपुर | 1779.06 |
| 2. | 2024_WRD_ 367846 | **टर्न की पद्धति पर :-** बीना सिंचाई परियोजना अंतर्गत मड़िया एवं चकरपुर बांध के मुख्य एवं सेडल बांध के डाउन स्ट्रीम में कांक्रीट सर्विस रोड, एवं पैरापेट वॉल, चकरपुर बांध के डाउन स्ट्रीम में अतिरिक्त टेनिंग वॉल एवं मड़िया बांध के डाउन स्ट्रीम में बांध के दोनों तटों पर Toe Wall का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | सागर | 1912.69 |
| 3. | 2024_WRD_ 367847 | **टर्न की पद्धति पर :-** चुंदरीपुरा ( श्यादी) तालाब (नहर रहित) योजना का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | धार | 1486.13 |
| 4. | 2024_WRD_ 367848 | मोहनपुरा परियोजना के बाएं तट लिफ्ट प्रणाली के नवीनीकरण का कार्य। | राजगढ़ | 1114.69 |
| 5. | 2024_WRD_ 367849 | **टर्न की पद्धति पर:-** कालाम्बा तालाब (नहर सहित) एवं सुसरी तालाब (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | बड़वानी | 3741.16 |
| 6. | 2024_WRD_ 367850 | **टर्न की पद्धति पर:-** चिपाखेड़ी बैराज, ठान बैराज दोंदवाड़ा बैराज, कालीकुण्डी बैराज, चिगली बैराज नं. 2, कुण्डिया तालाब (नहर रहित) एवं मालवन तालाब (नहर रहित) का निर्माण कार्य, विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क के अनुसार परन्तु उस तक सीमित नहीं। | बड़वानी | 3507.86 |

**जी-15860/50029/2024** **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**

## कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन)
## लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र, ग्वालियर म.प्र.

**दूरभाष : 0751-4008851, E-mail : apdpiugwalior@Gmail.Com**

**निविदा सूचना क्रमांक : 08/2024/सा./एपीडी/ ग्वालियर, दिनांक : 02.09.2024**

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रित की जाती है।

| ऑनलाइन निविदा क्रमांक | जिला | ठेके की अनुमानित लागत लाख में | अमानत राशि रु. | निविदा फार्म का मूल्य रु. | कार्य पूर्ण करने के लिये समय |
|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 1.** लोक निर्माण विभाग (भवन) संभाग ग्वालियर अंतर्गत भवन निर्माण कार्यों के डी.पी.आर. कार्य हेतु ड्राइंग डिजाइन एवं डी.पी.आर. कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367236_1 | ग्वालियर | 100.00 लाख | 100000/- | 10000/- | 12 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 2.** सेंवढ़ा जिला दतिया की उप जेल में 20 पुरुष कैदियों हेतु सिंगल बैरक का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367117_1 | दतिया | 74.36 लाख | 74360/- | 10000/- | 12 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 3.** कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग दतिया के अंतर्गत 50 लाख तक की प्रशासकीय स्वीकृति के कार्य/ठेकेदार द्वारा छोड़े गये कार्य/परफॉरमेंस गारंटी के कार्य (जोनल टेण्डर) । **प्रथम आमंत्रण** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367377_1 | दतिया | 92.09 लाख | 92100/- | 10000/- | 12 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 4.** लोक निर्माण विभाग (भवन) संभाग मुरैना अंतर्गत भवन निर्माण कार्यों हेतु ड्राइंग डिजाइन एवं डी.पी.आर. कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367133_1 | मुरैना | 50.00 लाख | 50000/- | 5000/- | 12 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 5.** मुरैना जिले के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों के निरीक्षण हेतु वाहन उपलब्ध कराने के संबंध में **प्रथम आमंत्रण।** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367154_1 | मुरैना | 08.58 लाख | 10000/- | 2000/- | 12 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 6.** लोक निर्माण विभाग (भवन) संभाग गुना अंतर्गत भवन निर्माण कार्यों हेतु ड्राइंग डिजाइन एवं डी.पी.आर. कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367140_1 | गुना | 20.00 लाख | 50000/- | 5000/- | 12 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 7.** कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग गुना के अंतर्गत 50 लाख तक की प्रशासकीय स्वीकृति के कार्य/ठेकेदार द्वारा छोड़े गये कार्य/परफॉरमेंस गारंटी के कार्य (जोनल टेण्डर)। **प्रथम आमंत्रण** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367141_1 | गुना | 90.00 लाख | 90000/- | 10000/- | 12 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 8.** रावतपुरा सरकार जिला भिण्ड में टॉयलेट ब्लॉक निर्माण कार्य (बैलेंस वर्क)। **द्वितीय आमंत्रण** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367355_1 | भिण्ड | 16.99 लाख | 33980/- | 2000/- | 02 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 9.** भिण्ड जिला भिण्ड में लॉ कॉलेज का भवन निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367350_1 | भिण्ड | 1046.82 लाख | 1000000/- | 30000/- | 18 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 10.** ग्राम महयाबा ब्लॉक गौरीहार जिला छतरपुर में नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाईप आवासगृहों इत्यादि का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण।** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367238_1 | छतरपुर | 244.29 लाख | 244296/- | 15000/- | 12 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 11.** छतरपुर जिला छतरपुर के अंतर्गत शासकीय कार्य एवं निरीक्षण हेतु वाहन निविदा। **प्रथम आमंत्रण** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 367314_1 | छतरपुर | 5.64 लाख | 20000/- | 2000/- | 12 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 12.** निवाड़ी जिला निवाड़ी के उप जेल में 2 बैरिक (डबल स्टोरी) का निर्माण कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 366899_1 | टीकमगढ़ | 120.07 लाख | 120070/- | 12500/- | 09 माह |
| **क्र. एवं कार्य का नाम : 13.** लोक निर्माण विभाग (भवन) संभाग अशोकनगर अंतर्गत भवन निर्माण कार्यों हेतु अशोकनगर ड्राइंग डिजाइन एवं डी.पी.आर. कार्य। **प्रथम आमंत्रण** | | | | | |
| 2024_PWPIU_ 368145_1 | अशोकनगर | 20.00 लाख | 50000/- | 5000/- | 12 माह |

(1) निविदा से संबंधित डॉक्यूमेंट **website https://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।
(2) निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन पोर्टल पर ऑनलाइन किये जावेंगे, समाचार पत्रों में पृथक से प्रकाशन नहीं किया जावेगा।
(3) ऑनलाइन निविदा सम्मिट करने की **अंतिम दिनांक 17.09.2024**
(4) तकनीकी बिड खोलने का **दिनांक 19.09.2024**

**मुख्य अभियंता (भवन)**
**लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र ग्वालियर**

**जी-15862/50030/2024**

**मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025**

# फोटो निर्वाचक नामावली का कार्य गंभीरता से किया जाए

**भोपाल,** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुखवीर सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बैठक की। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत जिलों में चल रही प्री-रिवीजन गतिविधियों के संबंध में चर्चा की और आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी फोटो निर्वाचक नामावली के कार्य को गंभीरता से लें। बीएलओ अनिवार्य रूप से मतदाताओं के घर-घर जाकर सर्वे करें और प्रतिदिन की प्रगति की रिपोर्ट दें। मतदाता सूची में किसी भी मृत व्यक्ति का नाम न हो, यह सुनिश्चित करें।

मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के अंतर्गत प्रारंभिक गतिविधियां बीते माह 20 अगस्त से शुरू हो गई हैं। इस दौरान बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) प्रत्येक घर जाकर मतदाताओं का भौतिक सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य पूरी सतर्कता के साथ किया जाये, इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

**लंबित प्रकरणों का करें तत्काल निराकरण**

श्री सिंह ने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी ऐसे व्यक्ति का नाम न हो, जिसकी मृत्यु हो गई हो। साथ ही फॉर्म 7 के माध्यम से ऐसे मतदाता, जिनका नाम एक से अधिक जगह पर दर्ज है, हटाने की कार्यवाई करें। फॉर्म 8 भरकर मतदाता वोटर आईडी कार्ड में त्रुटियों का संशोधन भी इस दौरान करा सकते हैं। साथ ही लंबित प्रकरणों का तत्काल निराकरण किया जाये।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन कर मतदान केंद्र का फोटो 'एप' पर अपलोड करें। जर्जर मतदान केंद्र की जगह नए मतदान केंद्र बनाए जाने का प्रस्ताव भेजें। एक परिवार के सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र एवं एक पार्ट पर हो। मतदान केंद्र की दूरी दो किमी से अधिक न हो और एक मतदान केंद्र पर 1500 से अधिक मतदाताओं की संख्या न हो, यह भी सुनिश्चित करें।

**कॉलोनी में बना सकते हैं मतदान केंद्र**

श्री सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रिहायशी कॉलोनियों, बड़ी सोसायटियों और बहुमंजिला इमारत (कॉलोनियों) में भी आवश्यकतानुसार मतदान केंद्र बनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि कॉलोनियों के कम्युनिटी हॉल या फिर सोसायटी के ऑफिस को मतदान केंद्र बनाया जा सकता है।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद, खिलचीपुर
## जिला-राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

Email ID - cmokhilchipur@mpurban.gov.in, Ward No. 14 Tehsil Road Khilchipur

## सामान्य प्रशासन एवं स्थापना शाखा
## दिव्यांगजनों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन

**क्रमांक/2924/स्था./दिव्यांगजन पदपूर्ति/2024** **खिलचीपुर, दिनांक: 03.09.2024**

माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर की रिट याचिका क्रमांक 7275/219 में पारित आदेश दिनांक 30.01.2024, म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-19/2019/आ.प्र./1 दिनांक 14.02.2024, म.प्र. शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के पत्र क्रमांक/676/16017123/2023/18-1 दिनांक 16.02.2023, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, म.प्र., भोपाल के पत्र क्रमांक/स्था./एक/201/प्र.शि./2024/3780 भोपाल दिनांक 26.02.2024 तथा मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, के पत्र क्रमांक एफ 8-2/2013/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 04.01.2024 एवं अन्य पत्रों में दिये गये निर्देशानुसार विशेष भर्ती के तहत दिव्यांगजनों के लिए **02 (दो) पद का नाम - सफाई संरक्षक (चतुर्थ श्रेणी)** के आरक्षित पद/पदों की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। इस हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी नीचे दर्शाये गये निर्धारित प्रारूप में **आवेदन पत्र भर कर दिनांक 18.09.2024 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक** आवेदन-पत्र प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि में आवेदन पत्र प्राप्त न होने की स्थिति में उन पर विचार नहीं किया जायेगा। डाक के माध्यम से विलंब से प्राप्त आवेदन पत्र के लिए निकाय/कार्यालय उत्तरदायी नहीं होगा। दिव्यांजनों हेतु आरक्षित रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारण योग्यता एवं वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए निर्धारित तिथि की जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | पद / संवर्ग का नाम (नियमित/संविदा) | श्रेणी | वेतनमान | दिव्यांगता अनुसार चिह्नांकित किये गये पद/संवर्ग एवं संख्या | | | | योग (7+8+9+10) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | दृष्टिबाधित और कम दृष्टि (1.5:) | बहरे और कम सुनने वाले (1.5:) | लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी (1.5:) | ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी और मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता (1.5:) | | |
| 1. | सफाई संरक्षक (संविदा) | चतुर्थ | 8000/- प्रतिमाह या वर्तमान प्रचलित कलेक्टर दर पर जो भी अधिक हो | 1 | 1 | - | - | - | - |

**मुख्य शर्तें :-**

1. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. समस्त प्रमाण-पत्रों को सक्षम अधिकारी अथवा स्वयं सत्यापित करने उपरांत प्रमाण-पत्रों की प्रति संलग्न प्रेषित की जावें।
3. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के परिपत्र क्रमांक सी 3-38/16/1/3 भोपाल, दिनांक 04 जुलाई 2019 अनुसार अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष, आरक्षित वर्ग - अनु.जा., अनु.जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारियों/नगर सैनिक/निःशक्तजन/महिलाओं (अनारक्षित/आरक्षित) आदि के लिए 18 से 45 (अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट) होगी।
4. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश क्रमांक सी-3-8/2016/3-एक भोपाल दिनांक 12 मई 2017 एवं परिपत्र क्रमांक सी 3-38/16/1/3 भोपाल, दिनांक 04 जुलाई 2019 के अनुसार आवेदक का मध्यप्रदेश राज्य के रोज़गार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
5. आवेदक को वॉक-इन-इंटरव्यू/साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है।
6. निःशक्तता का डिजिटल प्रमाण-पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय के मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा। दिव्यांगता के डिजिटल प्रमाण पत्र की अनिवार्यता दिनांक 01.06.2021 से लागू की गई है। अतः उक्त तिथि के पूर्व जारी मैन्युअल दिव्यांगता प्रमाण-पत्र भी मान्य होंगे।
7. डिजिटल जाति मूल निवासी प्रमाण-पत्र/जाति प्रमाण-पत्र एवं सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया ही मान्य होगा।
8. वॉक-इन-इंटरव्यू के लिए आने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
9. अधूरे, अस्पष्ट एवं अपठनीय आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
10. भर्ती से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन समय में निगम/निकाय से प्राप्त की जा सकती है। वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु निर्धारित तिथि हेतु - पात्र अभ्यर्थियों को वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि एवं समय की सूचना उनके ई-मेल आईडी पर पृथक से दी जावेगी।
11. यह कि जिस आवेदक का विवाह निर्धारित न्यूनतम आयु (पुरुष वर्ग के लिए 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिए 18 वर्ष) के पूर्व हो गया हो उसे उक्त पदों के लिए अयोग्य माना जायेगा।
12. यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वह आवेदित पद के लिये निर्धारित समस्त अर्हताओं और शर्तों को आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि पूर्ण करता है।
13. आवेदन-पत्र में कोई जानकारी अपूर्ण, असत्य या त्रुटिपूर्ण पायी जाती है अथवा वांछित प्रमाण-पत्र संलग्न नहीं किया जाता है, तो उसके आधार पर आवेदक को पूर्व सूचना दिये बिना उसका आवेदन पत्र किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है।
14. मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 30.06.2014 के अनुसार वर्गवार आरक्षण न करते हुए दिव्यांगजनों की श्रेणी के आधार पर आरक्षण किये जाने से विशेष पिछड़ी जनजातियों (सहारिया/सहरिया, भारिया एवं बैगा) महिलाओं एवं भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के आवेदकों को पृथक से आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं होगा।
15. ऐसे समस्त आवेदन पत्र जो अपूर्ण है एवं विहित प्रारूप में नहीं है वे निरस्त कर दिये जायेंगे। अभिलेखों को कूटरचित किया हो या ऐसे अभिलेख प्रस्तुत किये गये हो जो रूपांतरित किये गये हों, वे भी निरस्त कर दिए जाएंगे। साथ ही ऐसे विवरण दिये गये हों, जिसमें ऐसी तात्विक जानकारी छिपाई गई हो, जो चयन के लिए आवश्यक हो, तो ऐसे आवेदन पत्र भी निरस्त कर दिए जाएंगे।
16. दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों के विरुद्ध चयनित होने वाले अभ्यर्थियों का उनके लिये जिला स्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड से मेडिकल परीक्षण कराकर यह सुनिश्चित होने के पश्चात ही कि वे वास्तव में विकलांग है यह जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रमाणित किये जाने के उपरांत ही नियुक्ति आदेश जारी किये जायेंगे।
17. यह कि दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पदों के विरुद्ध चयनित होने वाले अभ्यर्थियों के निःशक्तता का प्रतिशत 40 प्रतिशत या अधिक पाए जाने पर ही कार्यभार ग्रहण कराया जाएगा।
18. शासन के आदेश के अनुसार, कोई भी अभ्यर्थी जिसके 02 से अधिक जीवित संतानें हैं, जिसमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हुआ है तो ऐसा अभ्यर्थी नियुक्त हेतु पात्र नहीं होगा, लेकिन यदि एक बच्चा जीवित है और बाद के प्रसव में दो या अधिक संतानें जन्म लेती हैं तो उसे अयोग्य नहीं माना जावेगा।
19. दिव्यांगजनों हेतु चिह्नांकित संविदा के पदों पर भर्ती संबंधी कार्यवाही मध्यप्रदेश नगरपालिका संविदा (अनुबंध तथा सेवा की शर्तें) सेवा, नियम 2021 में विहित प्रावधानुसार की जावेगी।
20. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार नियुक्ति प्राधिकारी के पास सुरक्षित होंगे।
21. योग्यता - कक्षा पांचवीं उत्तीर्ण होना चाहिए।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, खिलचीपुर**

**आर-50009/2024**

# कार्यालय अपर संचालक/प्राचार्य परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र, सिरोंजा सागर
## सागर संभाग सागर
## अनुसूचित जाति पो. मै. बालक छात्रावास के सामने

ई-मेल : Principalpetcsgr@gmail.com

**क्रमांक/112/प्रशि./पी.ई.टी.सी./2024-25** **सागर, दिनांक : 03.09.2024**

## अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन

म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आगामी राज्य सेवा प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने वाले संभाग/प्रदेश के अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के उम्मीदवारों हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र सागर में निःशुल्क परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण आयोजित किया जाना है। इस हेतु प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवारों से निम्नलिखित शर्तों के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

**प्रशिक्षण हेतु प्रवेश की शर्तें :-**

1. आवेदक म.प्र. राज्य का अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य हो। 2. आवेदक के परिवार की समस्त स्रोतों से वार्षिक आय 6.00 लाख से अधिक न हो। 3. आवेदक ने स्नातक परीक्षा न्यूनतम 55 प्रतिशत या अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। 4. प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम 35 वर्ष हो। 5. प्रशिक्षण पूर्णकालिक हैं। अतः प्रशिक्षणार्थी किसी महाविद्यालय/पाठ्यक्रम में नियमित अध्ययनरत नहीं होना चाहिए। प्रवेश के समय टी.सी. जमा करना अनिवार्य होगा। 6. प्रशिक्षण का माध्यम हिन्दी होगा। 7. प्रशिक्षण की कुल अवधि 12 माह होगी। 8. प्रशिक्षण अवधि में निम्नानुसार शिष्यवृत्ति देय होगी। 9. प्रशिक्षण प्रारंभ की संभावित तिथि 1 अक्टूबर 2024 है। 10. आवेदन जमा करने की **अंतिम तिथि 25 सितम्बर 2024** है। 11. आवेदक ने अनुसूचित जाति विकास के अंतर्गत संचालित किसी भी परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र में पूर्व में प्रशिक्षण प्राप्त न किया हो।

उपरोक्तानुसार पात्र एवं इच्छुक उम्मीदवार अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो तथा अन्य आवश्यक शैक्षणिक अभिलेखों की छायाप्रतियों के साथ **25 सितम्बर 2024 तक** व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण सागर में सम्पर्क कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मो.नं. 9407541795 (प्राचार्य) पर सम्पर्क कर सकते हैं। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।

**प्राचार्य**
**शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र सिरोंजा सागर**

**जी-15696/50008/2024**

# कार्यालय प्राचार्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
## शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.)

**क्रमांक : 1098/2024** **दिनांक : 28.08.2024**

## // दिव्यांगजनों हेतु विशेष भर्ती अभियान //

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा सामान्य प्रशासन विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत जिला शिवपुरी में निम्नानुसार दिव्यांगजनों के रिक्त पदों हेतु विशेष भर्ती अभियान के तहत निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों के लिये **दिनांक 12.09.2024 तक** आवेदन प्राचार्य, शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.) के पते पर रजिस्टर्ड डाक से आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र. | पदनाम/वेतनमान | पद श्रेणी | शैक्षणिक योग्यता | दिव्यांगजन के लिए आरक्षित रिक्त पदों की संख्या | | | | वॉक-इन-इंटरव्यू |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | "लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित हैं, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक, मस्कुलर डिस्ट्राफी (LD)" | "बहरे और कम सुनने वाले (EH)" | "दृष्टि बाधित एवं कम दृष्टि (VH)" | "ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी, मानसिक बीमारी और बहुविकलांगता (MD)" | केवल पात्र आवेदक ही उपस्थित होवें स्थल शा. श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.) प्रातः 11 बजे |
| 1 | प्रयोगशाला परिचारक (18000-56900) | चतुर्थ श्रेणी | 10वीं कक्षा उत्तीर्ण | 00 | 01 | 00 | 00 | दिनांक 19.09.2024 को प्रातः 11 बजे |

उक्त विज्ञापन के आवश्यक नियम एवं निर्देश तथा आवेदन का प्रारूप महाविद्यालय की वेबसाइट **https://govtsmspgcollegeshivpuri.org** पर उपलब्ध है।

**प्राचार्य, शा. श्रीमंत माधवराव सिंधिया**
**स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.)**

**आर-50014/2024**

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
## पत्रकार कॉलोनी, लिंक रोड 3, भोपाल म.प्र.

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 05/2024-25/986** **भोपाल, दिनांक : 29.08.2024**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से नवीन तथा उन्नयन किये गये चिकित्सालयों के भवन निर्माण की व्यापक योजना बनाने हेतु हॉस्पिटल प्लानर नियुक्त किये जाने हेतु निविदा पोर्टल ऑनलाइन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से **www.mptenders.gov.in** (Department Directorate of Health Services) द्वारा निम्नानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है (टेण्डर क्रमांक 2024_DHS_366513)

## ई-निविदा आमंत्रण सूचना 5/2024-25

| S. No. | Works Department Stage | Start | | Expiry | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | Date | Time | Date | Time |
| 1. | Publishing Date | 03.09.2024 | 10.00 AM | - | - |
| 2. | Document Download/Sale Start date | 03.09.2024 | 10.30 AM | | |
| 3. | Pre Bid Meeting Date | 18.09.2024 | 10.30 AM | - | - |
| 4. | Bid Submission Date | 03.09.2024 | 10.30 AM | 30.09.2024 | 5.30 PM |
| 5. | Bid Opening Date (Technical) | 01.10.2024 | 10.30 AM | 01.10.2024 | 5.30 PM |
| 6. | Bid Opening Date (Financial) | | | | |

उपरोक्त निविदा वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा।

(1) निविदा प्रपत्र फार्म फीस राशि रुपये 5000/- रहेगी जो कि **राज्य स्वास्थ्य समिति, भोपाल मध्यप्रदेश** के पक्ष में देय होगी। (2) **दिनांक 18.09.2024** को प्रातः 10.30 पर प्री-बिड मीटिंग प्रबंध संचालक के कार्यालय मध्यप्रदेश पब्लिक हेल्थ सर्विसेस कॉर्पोरेशन लिमिटेड भोपाल के मीटिंग हॉल में आयोजित की जावेगी। (3) अन्य अभिलेख कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल के कार्यालय में दिनांक 30.09.2024 सायं 05.30 बजे प्राप्त किये जावेंगे।

विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। इस निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन आवश्यक होने पर वेबसाइट **www.mptenders.gov.in** पर अपलोड किये जायेंगे (टेण्डर क्रमांक 2024_DHS_366513)।

**जी/15664/50007/2024** **कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल (म.प्र.)**




**भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण**

**पद का नाम** - सहायक निदेशक (अभियांत्रिकी), सहायक हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षक (एएचएस), लाइसेंस इंजन ड्राइवर, कनिष्ठ लेखा अधिकारी, ड्रेज नियंत्रण प्रचालक, स्टोर कीपर, मास्टर द्वितीय श्रेणी, स्टाफ कार ड्राइवर, मास्टर तृतीय श्रेणी, बहुकार्य स्टाफ (एमटीएस), तकनीकी सहायक (सिविल/मैकेनिकल/मरीन इंजीनियरिंग/नेवल आर्किटेक्चर)
**पदों की संख्या** - 37
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 21 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://iwai.nic.in

**भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद**

**पद का नाम** - असिस्टेंट प्रोफेसर
**पदों की संख्या** - 47
**योग्यता** - पी. एच.डी. और अन्य
**अंतिम तिथि** - 19 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://www.iiita.ac.in

**संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क**

**पद का नाम** - मैनेजर, मैनेजर लेवल काउंसलर, एक्जीक्यूटिव, कोर्स हेड, प्रिंसिपल ट्रेनर, ट्रेनर और टैक्नीशियन
**पदों की संख्या** - 60
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 15 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://globalskillspark.in/

**भारत का उच्चतम न्यायालय**

**पद का नाम** - जूनियर कोर्ट अटेंडेंट (पाक कला निपुण)
**पदों की संख्या** - 80
**योग्यता** - सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण तथा मान्यता प्राप्त संस्थान से पाक कला संबंधी/पाक कला में न्यूनतम एक वर्षीय पूर्णकालिक डिप्लोमा
**अंतिम तिथि** - 12 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://www.sci.gov.in

**यूनियन बैंक ऑफ इंडिया**

**पद का नाम** - अप्रेंटिस
**पदों की संख्या** - 500
**योग्यता** - स्नातक
**अंतिम तिथि** - 17 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://www.unionbankofindia.co.in

**दिल्ली विश्वविद्यालय**

**पद का नाम** - सीनियर सिस्टम प्रोग्रामर, सिस्टम प्रोग्रामर और टेक्निकल ऑफिसर
**पदों की संख्या** - 14
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 14 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://www.du.ac.in

**सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**

**पद का नाम** - एडिशनल जनरल मैनेजर (प्रोडक्शन), एडिशनल जनरल मैनेजर (मैकेनिकल), डिप्टी जनरल मैनेजर (प्रोडक्शन), डिप्टी जनरल मैनेजर (मैकेनिकल), डिप्टी जनरल मैनेजर (एम. एम.), सीनियर मैनेजर, डिप्टी मैनेजर, इंजीनियर (माइनिंग) और इंजीनियर (ई & आई)
**पदों की संख्या** - 14
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 16 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://www.cciltd.in

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धनबाद**

**पद का नाम** - मेडिकल ऑफिसर
**पदों की संख्या** - 03
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 20 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - http://www.iitism.ac.in/

**भारतीय वायुसेना**

**पद का नाम** - लोवर डिविजन क्लर्क
**पदों की संख्या** - 16
**योग्यता** - मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण और कम्प्यूटर स्किल टेस्ट
**अंतिम तिथि** - 29 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://indianairforce.nic.in

**भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण**

**पद का नाम** - सहायक प्रबंधक (एक्चुरियल, फाइनेंस, लॉ, आईटी, रिसर्च और जेनरलिस्ट)
**पदों की संख्या** - 49
**योग्यता** - पदानुसार
**अंतिम तिथि** - 20 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://irdai.gov.in

**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान खड़गपुर**

**पद का नाम** - प्रोफेशनल ट्रेनी (फाइनेंस एवं अकाउंट्स)
**पदों की संख्या** - 1010
**योग्यता** - स्नातक और इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) या इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया से इंटरमीडिएट्स लेवल सर्टिफिकेट हासिल हो
**अंतिम तिथि** - 12 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://erp.iitkgp.ac.in

## एडमिशन अलर्ट

**राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान**

**पाठ्यक्रम का नाम** - पी. एच.डी.
**न्यूनतम योग्यता** - एम.एससी (बायोलॉजी, केमिस्ट्री, गणित, फिजिक्स), एम.टेक, एम.बी.बी.एस., एम.फॉर्मा, इंटीग्रेटेड एम.एससी. या अन्य समकक्ष डिग्री
**अंतिम तिथि** - 23 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://nii.res.in

## कॉन्टेस्ट अलर्ट

**71वां राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार 2023**

**विषय** - फिल्मों और सिनेमा पर लेखन
**योग्यता** - फीचर और गैर फीचर फिल्म निर्माण, सिनेमा पर पुस्तकें एवं लेख/समीक्षाएं प्रकाशित
**अवधि** - 01 जनवरी 2023 से 31 दिसम्बर 2023 के बीच फिल्म और सिनेमा पर लेखन किया हो।
**अंतिम तिथि** - 18 सितम्बर 2024
**वेबसाइट** - https://nfaindia.org

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

# अंग्रेजों ने मध्यप्रदेश में चरणपादुका गोलीकाण्ड के बाद दोहराया था जलियांवाला हत्याकाण्ड

**मध्यप्रदेश का जंगल सत्याग्रह स्वाधीनता संग्राम के विविध चरणों में से एक है। देश भर में जब नमक सत्याग्रह शुरू हुआ। तब जिन क्षेत्रों में समुद्र तट नहीं था वहां नमक सत्याग्रह के स्थान पर जंगल सत्याग्रह किया गया। मध्यप्रदेश देश के केन्द्र में स्थित है। प्रदेश भर में अलग-अलग स्थानों पर जंगल सत्याग्रह किया गया। जंगल सत्याग्रह में जनजातियों का प्रमुख योगदान रहा है। प्रदेश में जंगल सत्याग्रह की एक और वजह अंग्रेजों द्वारा वनभूमि पर प्रतिबंध लगाना और कानून बनाकर जनजातियों को जंगल और जमीन से बेदखल करना था। जनजातियों ने वन भूमि के अपने अधिकार के लिए सत्याग्रह किया। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा के पाठ्यक्रम में मध्यप्रदेश की जनजातियों का भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान विषय शामिल है। इस विषय पर केंद्रित आलेख ''रोज़गार और निर्माण'' में प्रकाशित किया जा रहा है।**

ओरछा और उसके आसपास की बुन्देली पट्टी क्रांतिकारियों की शरणस्थली रही है इसलिए अंग्रेजों को जब भी मौका मिला सामूहिक नरसंहार किया। अंग्रेजों के बर्बर अत्याचारी नरसंहार में से एक था चरणपादुका गोलीकाण्ड। यह बात तब की है जब चन्द्रशेखर आजाद काकोरी अभियान से बचाव हेतु एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश होते हुए सातार तट पर पहुँचे और साधु वेश में कुटिया बनाकर रहने लगे। कंबल ओढ़े ब्रह्मचारी आजाद ने वहीं सूत्रों को जोड़कर सुदृढ़ क्रांति - दीप जलाया और क्रांतिकारियों का एक नया संगठन खड़ा किया, उनकी पार्टी का नाम था ''हिन्दुस्तान समाजवादी प्रजातंत्र सेना'' जिसके अन्य क्रांतिकारी साथियों में प्रमुख रूप से थे भगतसिंह।

क्रांति की सशक्त धारा से प्रभावित ओरछा की जनता में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आक्रोश भड़क उठा। जिसका प्रतिकार वर्ष 1920 में तब दिखाई दिया जब ओरछा की आम जनता ने ब्रिटिश कलदार (चाँदी का सिक्का) को एकमत से खारिज कर दिया, उसे स्वीकारने से मना कर दिया। अंग्रेजी राज के प्रति विरोध का यह अनोखा प्रमाण था। जहाँ स्वाधीनता की चेतना छतरपुर तक फैल चुकी थी। हर तरफ असहयोग का दौर चल रहा था। 1929 में भितरिया गाँव में पं. रामसहाय तिवारी और कुँवर हीरासिंह ने असहयोग का आह्वान किया और संकल्प लिया गया।

असहयोग आन्दोलन जोर पकड़ चुका था, बड़े स्तर पर सत्याग्रह सभा का आयोजन होना था। 14 जनवरी 1931 को मकर संक्रांति के अवसर पर चरणपादुका नामक स्थान पर विशाल सभा का आयोजन हुआ। सभा में जनजातियों और अन्य लोगों का सैलाब उमड़ पड़ा। असहयोग को कुचलने के लिए बुन्देलखण्ड एजेंसी का पॉलीटिकल एजेंट फिशर पुलिस दल के साथ वहाँ पहुँचा और सभी को समाप्त करने का हुक्म दिया। जनता में उत्साह था क्रांति के सैलाब को रोक पाना संभव नहीं था। आयोजन चलता रहा। फिशर ने गोली दागने का आदेश दे दिया। भीड़ पर बर्बरता से गोलियां चलाई गई। ठीक जलियांवाला कांड की तरह। लाशों के ढेर लग गये। चरणपादुका रक्त रंजित हो गया। नरसंहार के इस ताण्डव पर अंग्रेजों ने पर्दा डाल दिया, मरने वालों की संख्या मेन्युपिलेट की गई, छह मारे गये और 34 घायल होने की सूचना दर्ज हुई। लेकिन पं. रामसहाय तिवारी का कहना था कि - ''हताहतों की संख्या आंकड़ों से कई गुना अधिक है।'' इतिहास एक और मिनी जलियांवाला कांड लिख चुका था, जनता में आक्रोश था। इस पर अंबाप्रसाद श्रीवास्तव ने लिखा है - ''छतरपुर की जनता इस टीस को भुला नहीं सकी बल्कि इस घटना ने पूरे बुंदेलखण्ड को क्रांतिकारी बना दिया।''

छतरपुर के चरणपादुका कांड ने क्रांतिकारियों, आंदोलनकारियों के साथ लोककवियों को विचलित कर दिया। उनकी संवेदनाएं झंकृत हो उठीं उन्होंने अपने गीतों के माध्यम से उस काल के प्रसंग, फिशर के दमन और उस तांडव को कथानक स्वरूप में प्रस्तुत किया। जिसका भावार्थ है ''बुंदेलखण्ड की जनता रोती है राजा अत्याचारी हो गये हैं। राजा अंग्रेजों के गुलाम हैं और राजाओं के गुलाम हम हैं।''

''हमारे सिर पर सत्ताईस कर हैं, जो चुकाने से नहीं चूक सकते। एक तरफ बेकारी है, तो दूसरी तरफ भारी कर्ज जो ब्याज पर ब्याज लगाने से हो गया है। आठ रुपये बीघा के हिसाब से लगान चौगुना हो गया है। चुलयउन, गुलयउन, मण्डप, महुआ और लकड़ी पर कर है। झरन, ब्याई, जैजिया कर और पैला पोली की नाप अनोखे हैं।

किसानों और मजदूरों को बेगार करना पड़ती है, बोझ उठाना पड़ता है। पुलिस रोज आकर दूध-मलाई मांगती है और कण्डा, लकड़ी, रस्सी, चारपाई आदि भी। तेलियों से खली और तेल लेकर गालियां देती हैं। गड़रिया उसे बकरी- बकरा, हण्डी-गगरी और साग-सब्जी देते हैं।

पोतने की मिट्टी, खपड़ा, ईंट, पत्ती, नदी की रेत, पर्वत के पत्थर, गाड़ी बैल और गधा-खच्चर पर कर लगता है। पान-बरेजे पर कर बढ़ गया है। इसलिये बरई भाग जाते हैं। किससे कहें और किसकी सुनावें, सभी स्त्री-पुरुष दुखी हैं।

अनाज सस्ता बिक रहा है, ज्वार-जवा कोई नहीं खरीदता। बीस सेर गेहूँ और डेढ़ सेर घी कोई नहीं लेता। हम कोदों, सवा और बसारा खाकर बाकी माल बाजारों में बेचते हैं, फिर भी टैक्स नहीं चुक पाता और हमें लुक-छिप कर जंगलों में रहना पड़ता है। जब मुंशी मंसूर आते थे, तब जूते ही पड़ते थे।

पैंतीस रियासतों की जनता ने एक होकर फैसला किया कि या तो राजा टैक्स खत्म करें या उनके हाथ हम मर-मिट जायें। चौदह जनवरी सन् 1931 को सब चरणपादुका इकट्ठे हुए। बुन्देलखण्ड के पैंतीस राजा ए.जी. जी. के पास गये। जनता अधिकार करने के लिये भड़क उठी और दूसरी तरफ फौज की तैयारी होने लगी।

स्वतंत्रता के लिये संघर्ष करने वालों को डाकू साबित किया गया। भील सेना बुलवाकर उसका तम्बू लगवाया और गनमशीन, बंदूक तथा कारतूस मोटर में भरकर मंगवाये गये। एक दिन पहले सब नेता जेल में डाल दिये गये। यह देख जनता विरोध में खड़ी हो गई और अधिकारी चकित हो गये।

अंग्रेजों की गनमशीनें चलीं और पशु-पंछी मरने लगे। सभा में एक अनहोनी घटना हुई कि नेताओं को खोज-खोज कर मारा गया। जो बचे, उन्हें पकड़कर मोटरों पर बैठाया गया। जनता लॉरियों और कारों से चिपट गयी और कारें कुचलती हुई भागीं। सबको नौगाँव छावनी ले गये और जनता से जेल भर गयी।

जिन घरों के नेता मर गये, वे घर लूटे गये। पहले बैल और पशु नीलाम किये गये, फिर मकान जलवा दिये गये। बुन्देलखण्ड के गांव-गांव में मुनादी करवायी गयी कि जो स्वराज्य का नाम लेगा, उसे कीला ठुकवाया जायेगा। पॉलीटिकल एजेंट फिशर ने गांव-गांव में भारी दमन किया।''

बुंदेलखण्ड के लोक कवियों की उद्वेलित कविताओं में जो भाव आए वैसा ही विवरण क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानी और 1930 में जंगल सत्याग्रह का नेतृत्व करने वाले श्री लालाराम वाजपेयी ने भी किया है। यह चरणपादुका काण्ड के पहले का विवरण है। श्री लालाराम वाजपेयी के अनुसार वर्ष 1930 में जब ओरछा में जंगल सत्याग्रह किया गया था तब महाराज वीरसिंह देव ने टीकमगढ़ की गद्दी संभाली थी। महाराज को सत्याग्रह में कोई रुचि नहीं थी। उन्होंने इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। ओरछा स्टेट (टीकमगढ़) के दीवान सज्जन सिंह और अंग्रेजी पॉलिटिकल एजेंट और उसका अमला सत्याग्रहियों पर अत्याचार करने के लिए एकजुट हो गया। श्री लालाराम वाजपेयी के पास दीवान ने धमकी भरा संदेश भेजा कि 'जो भी जंगल में घुसेगा उसे जेल में सड़ा दिया जायेगा, सत्याग्रहियों को मार-पीट कर हम रियासत से बदर कर देंगे। जो सत्याग्रह करेगा उसकी जमीन और जायदाद कुर्क कर दी जायेगी। गोला लाठी लगा देंगे। (हाथ-पाँव बांध कर बीच में डंडा डाल देते थे।) मुर्गा बना देंगे इस तरह की धमकियां दी गई'। यह जो रियासत है यहां क्षत्रियों का राज है। जो हुक्म नहीं मानेगा और सर उठाएगा उसका सिर कलम कर दिया जायेगा। वाजपेयी जी जंगल सत्याग्रह का नेतृत्व कर रहे थे उन्होंने शांति से सब कुछ सुना और अंत में कहा कि ''हमने तो परशुराम जयंती के दिन जन्म लिया है। इतिहास साक्षी है कि परशुराम जी ने अत्याचारी स्वैच्छाचारी शासकों से पृथ्वी को इक्कीस बार मुक्त किया था।'' वाजपेयी जी के नेतृत्व में ओरछा जंगल सत्याग्रह तीव्र गति से किया गया था। सत्याग्रही 20-25 की टोली में निकलते थे, अंग्रेजों के कानून का विरोध करते हुए घांस काटते सत्याग्रही आक्रोशित होकर पेड़ों पर भी कुल्हाड़ी चला देते थे। जंगल कानून तोड़कर जनजातीय और ग्रामीण जंगलों में छुप जाते थे। जंगल सत्याग्रह में श्री लालाराम वाजपेयी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई थी। उस क्षेत्र के स्वाधीनता सेनानी सत्याग्रह करके छुप जाते थे। सत्याग्रहियों ने पुलिस को लम्बे समय तक छकाया। इसका परिणाम यह हुआ कि आसपास के क्षेत्रों में लोगों में चेतना जागी और वे जंगल सत्याग्रह के लिए आगे आए। सत्याग्रह की चिंगारी दावानल बनकर बुंदेलखण्ड में जल उठी। आम जनता अंग्रेजी राज के विरोध में उठ खड़ी हुई। विरोध ने प्रभावी स्वरूप लिया और चरण पादुका में लोग सत्याग्रह के लिए एकत्र हुए। अंग्रेजी पुलिस ने सत्याग्रह में एकत्रित लोगों पर गोली चला दी। जो इतिहास में चरणपादुका हत्याकांड तथा मिनी जलियांवाला हत्याकाण्ड के रूप में रोंगटे खड़े कर देने वाला विवरण है।

**- शशांक मणि पांडे**
(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

# खेल चर्चा

## अजय रात्रा बने भारतीय क्रिकेट टीम के चयनकर्ता

**मुंबई,** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा को भारतीय क्रिकेट टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया है। अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय चयन समिति में सलिल अंकोला की जगह अजय रात्रा को शामिल किया गया है। चयन समिति में पांच चयनकर्ता अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। अजय रात्रा भारत के लिए छह टेस्ट और 12 वन-डे मैच खेल चुके हैं। घरेलू क्रिकेट में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करने वाले अजय ने 99 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं और चार हजार से अधिक रन बनाये हैं। असम, पंजाब और उत्तरप्रदेश की रणजी टीम के मुख्य कोच रह चुके अजय रात्रा वर्ष 2023 में दक्षिण अफ्रीका दौरे पर खेली गई वन-डे सीरीज में भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे।

## पेरिस पैरालंपिक-2024

# भारत के पैरा खिलाड़ियों ने रचा इतिहास

**पेरिस,** पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। भारतीय खिलाड़ियों ने टोक्यो पैरालंपिक (19 पदक) को पीछे छोड़ते हुए पेरिस पैरालंपिक में समाचार लिखे जाने तक 21 पदक जीत लिये हैं। इनमें 5 स्वर्ण, 9 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं।

**अवनि ने दूसरी बार जीता स्वर्ण पदक**

भारत की पैरा निशानेबाज अवनि लेखरा ने पैरालंपिक खेलों में एक बार फिर स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। अवनि ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच-1 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में कांस्य पदक भी भारत के नाम रहा। भारत की मोना अग्रवाल इस स्पर्धा में तीसरे स्थान पर रहीं, जबकि दक्षिण कोरिया की ली युन री ने रजत पदक जीता।

**बैडमिंटन में नितेश ने जीता स्वर्ण पदक**

पैरालंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने बैडमिंटन में शानदार प्रदर्शन किया। बैडमिंटन में नितेश कुमार ने भारत को स्वर्ण पदक दिलाया, जबकि सुहास यथिराज और



थुलासिमथी मुरुगेसन ने रजत पदक जीता। वहीं मनीषा रामदास और नित्या सिवन कांस्य पदक जीतने में सफल रहीं। नितेश ने पुरुष एकल एसएल-3 वर्ग में ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को 21-14, 18-21, 23-21 से हराया। दोनों खिलाड़ियों ने फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन किया। मैच का पहला गेम नितेश ने जीता वहीं दूसरा गेम डेनियल के नाम रहा। तीसरे और निर्णायक गेम में भी दोनों खिलाड़ी एक समय 21-21 की बराबरी पर थे, लेकिन नितेश ने लगातार दो गेम प्वाइंट जीतकर स्वर्ण पदक जीता।

- **अवनि पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।**
- **पैरालंपिक खेलों में अवनि अब तक तीन पदक जीत चुकी हैं।**
- **अवनि ने टोक्यो पैरालंपिक में भी इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।**
- **अवनि ने टोक्यो ओलंपिक में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता था।**
- **पैरा एथलीट मरियप्पन थंगावेलु ने पैरालंपिक खेलों में तीसरी बार पदक जीता।**

**मध्यप्रदेश की रुबिना फ्रांसिस ने जीता कांस्य पदक**



पेरिस पैरालंपिक में मध्यप्रदेश की पैरा निशानेबाज रुबिना फ्रांसिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। रुबिना ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच-1 स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। क्वालिफाइंग राउंड में सातवें स्थान पर रहने वाली रुबिना ने स्पर्धा के फाइनल में 211.1 अंक हासिल कर कांस्य पदक पर कब्जा किया।

## तीरंदाजी में पहली बार जीता स्वर्ण पदक

भारत ने पैरालंपिक खेलों में पहली बार तीरंदाजी में स्वर्ण पदक जीता है। भारत के तीरंदाज हरविंदर सिंह ने पुरुष रिकर्व ओपन स्पर्धा में पोलैंड के लुकास सिजेक को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। सेमीफाइनल में ईरान के मोहम्मद रेजा अमीरी को कड़े मुकाबले में हराने वाले हरविंदर ने फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन किया। फाइनल में हरविंदर ने एक भी अंक गंवाए बिना स्वर्ण पदक जीता है। हरविंदर पैरालंपिक खेलों में तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। पैरालंपिक खेलों में हरविंदर सिंह का दूसरा पदक है, इससे पहले हरविंदर सिंह ने टोक्यो पैरालंपिक में कांस्य पदक जीता था।

# एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी में कृष्ण बहादुर पाठक होंगे गोलकीपर

**नई दिल्ली,** हॉकी इंडिया ने इस महीने आयोजित होने वाली एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित कर दी है। पेरिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह एक बार फिर भारतीय टीम की कमान संभालेंगे। हॉकी इंडिया ने अनुभवी गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश के संन्यास लेने के बाद कृष्ण बहादुर पाठक को टीम का मुख्य गोलकीपर चुना है। टीम में कृष्ण बहादुर के अलावा सूरज करकेरा रिजर्व गोलकीपर की जिम्मेदारी संभालेंगे।

कृष्ण बहादुर पाठक वर्ष 2016 में एफआईएच जूनियर विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीनियर स्तर पर पदार्पण किया था। वह पी.आर. श्रीजेश की अनुपस्थिति में गोलकीपिंग का दारोमदार संभाल चुके हैं।

**भारतीय हॉकी टीम**

**गोलकीपर-** कृष्ण बहादुर पाठक, सूरज करकेरा

**डिफेंडर-** जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह जूनियर, संजय, सुमित

**मिडफील्डर-** राजकुमार पाल, नीलाकांत शर्मा, विवेक सागर प्रसाद, मनप्रीत सिंह, मोहम्मद राहील

**फॉरवर्ड-** अभिषेक, सुखजीत सिंह, अराइजीत सिंह हुंडल, उत्तम सिंह, गुरजोत सिंह।

- **एशियन चैम्पियंस ट्रॉफी का आयोजन 8 से 17 सितंबर तक चीन के हुलुनबुइर, इनर मंगोलिया में होगा।**
- **भारत ने चार बार, पाकिस्तान ने तीन और दक्षिण कोरिया ने एक बार जीता है यह खिताब।**

## चार्ल्स लेक्लर्क ने जीती इटैलियन ग्रांप्री रेस

**मोंज़ा,** मोनाको के युवा कार रेसर चार्ल्स लेक्लर्क ने इटैलियन ग्रांप्री रेस जीत ली है। इस सत्र में यह लेक्लर्क की दूसरी जीत है। वह अब तक सात फॉर्मूला-वन रेस जीत चुके हैं। फेरारी के लिए रेसिंग करने वाले लेक्लर्क ने 53 लैप की इस रेस को एक घंटा 14 मिनट और 40.727 सेकेंड में पूरा किया। रेस में ऑस्कर पिएस्त्री दूसरे, लैंडो नॉरिस तीसरे, कार्लोस सेंज चौथे और लुईस हैमिल्टन पांचवें स्थान पर रहे।

## लुईस सुआरेज ने फुटबॉल से लिया संन्यास

**मोंटेवीडियो,** उरुग्वे के स्टार फुटबॉलर लुईस सुआरेज ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। सुआरेज ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच पैराग्वे के खिलाफ खेला। सुआरेज उरुग्वे के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले फुटबॉलर हैं। सुआरेज ने 8 फरवरी 2007 को कोलंबिया के खिलाफ अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला था। उन्होंने उरुग्वे के लिए 142 मैच खेले हैं। इन मैचों में उन्होंने 69 गोल दागे हैं।

# प्रीति पाल ने पेरिस पैरालंपिक में जीते दो कांस्य पदक

**पेरिस,** भारत की महिला पैरा एथलीट प्रीति पाल ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक जीते हैं। प्रीति पेरिस पैरालंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट हैं। प्रीति ने महिलाओं की 100 मीटर टी-35 और 200 मीटर टी-35 स्पर्धा में यह पदक जीते हैं।

टोक्यो पैरालंपिक में क्वालिफाई करने से वंचित रहीं प्रीति ने पेरिस में शानदार खेल दिखाया। प्रीति ने महिलाओं की 100 मीटर टी-35 दौड़ स्पर्धा में 14.21 सेकेंड का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।



इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक चीन की झोउ जिया तथा रजत पदक गुओ कियानकियान ने जीता। महिलाओं की 200 मीटर स्पर्धा में भी प्रीति ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीता। प्रीति ने यह दौड़ 30.01 सेकेंड में पूरी की।

## जहीर खान बने लखनऊ सुपर जाइंट्स के मेंटर

**लखनऊ,** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व गेंदबाज जहीर खान आईपीएल की टीम लखनऊ सुपर जाइंट्स से जुड़ गए हैं। लखनऊ सुपर जाइंट्स ने जहीर को टीम का मेंटर नियुक्त किया है। जहीर टीम के गेंदबाजी कोच की जिम्मेदारी भी निभायेंगे। भारत के लिए 92 टेस्ट, 200 वन-डे और 17 ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके जहीर आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली डेयरडेविल्स और मुंबई इंडियंस का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 102 विकेट लिए हैं।

# सुमित अंतिल भाला फेंक में दूसरी बार जीता स्वर्ण पदक

**पेरिस,** भारत के दिग्गज पैरा एथलीट सुमित अंतिल ने पेरिस पैरालंपिक खेलों में इतिहास रच दिया है। सुमित ने पैरालंपिक में पुरुषों की भाला फेंक एफ-64 स्पर्धा में नए पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता है। सुमित ने पैरालंपिक में 70.59 मीटर का थ्रो किया जो पैरालंपिक खेलों में इस स्पर्धा का नया विश्व रिकॉर्ड है। इस स्पर्धा का रजत पदक श्रीलंका के दुलन कोडिथुवाकु और कांस्य पदक माइकल बुरियन ने जीता।

स्पर्धा में सुमित ने पहले प्रयास में 69.11 मीटर का थ्रो किया। उन्होंने दूसरे प्रयास में 70.59 की दूरी तय की जो इस खेल प्रतियोगिता का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रयास रहा। सुमित ने तीसरे प्रयास में 66.66 मीटर, पांचवें प्रयास में 69.04 और छठवें प्रयास में 66.57 मीटर का थ्रो किया। उनका चौथा प्रयास फाउल रहा था। इस स्पर्धा में भारत के संदीप चौधरी तीसरे स्थान पर रहे।



- **पुरुष क्लब थ्रो एफ-51 स्पर्धा में धरमवीर नैन ने जीता स्वर्ण पदक।**
- **पुरुष भाला फेंक एफ-46 स्पर्धा में अजीत सिंह यादव ने जीता रजत पदक।**
- **गोला फेंक एफ-46 स्पर्धा में सचिन खिलारी ने जीता रजत पदक।**
- **पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में मनीष नरवाल ने जीता रजत पदक।**

**योगेश ने जीता रजत पदक**

पेरिस पैरालंपिक में एथेलेटिक्स की चक्का फेंक स्पर्धा में भारत के योगेश कथुनिया ने टोक्यो पैरालंपिक खेलों का प्रदर्शन दोहराते हुए रजत पदक जीता। योगेश ने पुरुषों की चक्का फेंक एफ-56 स्पर्धा में यह पदक जीता। योगेश ने टोक्यो में भी रजत पदक जीता था। योगेश ने स्पर्धा में 42.22 मीटर के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही भारत के लिए पदक पक्का कर लिया। ब्राजील के बतिस्ता डॉस सैंटोस ने 46.86 के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता।

**निषाद ने ऊंची कूद में जीता रजत पदक**

भारतीय एथलीट निषाद कुमार ने पैरालंपिक में ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीता है। स्पर्धा में निषाद ने 2.04 मीटर की छलांग लगाई जो इस सत्र में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। निषाद का यह प्रदर्शन उन्हें रजत पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रहा।

# डूरंड कप नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड बना विजेता

**कोलकाता,** नार्थ ईस्ट यूनाइटेड एफसी ने डूरंड कप का खिताब जीत लिया है। कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में खेले गए फाइनल मुकाबले में नार्थ ईस्ट यूनाइटेड ने गत चैम्पियन मोहन बागान सुपरजाइंट्स को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से मात दी।

फाइनल मुकाबले की शुरुआत में मोहन बागान ने जबरदस्त खेल दिखाया। पहले हाफ में मोहन बागान ने आक्रामक खेल दिखाया और नार्थ ईस्ट यूनाइटेड को दबाव में ला दिया। मोहन बागान के लिए पहला गोल जेसन कमिंस ने किया। मैच के 11वें मिनट में मोहन बागान को पेनाल्टी मिली, जिसे कमिंस गोल में तब्दील करने में सफल रहे। पहले हाफ के इंजरी टाइम में सहल अब्दुल समद ने एक ओर गोल कर मोहन बागान की बढ़त को दोगुना कर दिया।

पहले हाफ में पिछड़ने के बाद दूसरे हाफ में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड ने बेहतरीन वापसी की



और मोहन बागान के गोलपोस्ट पर जमकर अटैक किया। नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड के लिए पहला गोल अलादीन अजाराई ने मैच के 55वें मिनट में किया। इसके तीन मिनट बाद (58वें मिनट) में गुइलेर्मो फर्नांडिज ने गोल कर नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड को बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक स्कोर बराबर रहने के बाद मैच का फैसला पेनाल्टी शूटआउट से हुआ। पेनाल्टी शूटआउट में नॉर्थ ईस्ट यूनाइटेड के लिए गुइलेर्मो, मिगुएल, पार्थिव और अजाराई ने गोल किए।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

## रूस की जासूस व्हेल नॉर्वे में मृत मिली

रूस के लिए जासूसी को लेकर 2019 में पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचने वाली ह्वाल्दिमीर नामक बेलुगा व्हेल नॉर्वे में मृत पाई गई है।



बताया जाता है 14 फीट लंबी और 2,700 पाउंड वजनी व्हेल को पांच वर्ष पहले कैमरा लगाने के लिए डिजाइन किए गए उपकरणों के साथ देखा गया था। इसके बाद इंटरनेट पर उसे जासूस व्हेल ह्वाल्दिमीर का उपनाम दिया गया था। व्हेल के शरीर पर लगे उपकरणों पर सेंट पीटर्सबर्ग का निशान लगा हुआ था। इससे अटकलें लगाई गई कि यह व्हेल रूसी टोही मिशन का हिस्सा थी।

वैश्विक आकर्षण का विषय बनी बेलुगा को दिया गया नाम ह्वाल्दिमीर व्हेल के लिए नॉर्वेजियन शब्द हवल और रूसी नाम व्लादिमीर का मिश्रण है। अन्य बेलुगाओं के विपरीत ह्वाल्दिमीर मनुष्यों के आस-पास सहज दिखाई देती थी। इसे देखकर विशेषज्ञों का मानना था कि वह अपने जीवन के अधिकांश समय कैद में रही है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 3 सितंबर को दो दिवसीय ब्रुनोई दारुस्सलाम की यात्रा पर पहुंचे

# भारत-ब्रुनोई के बीच 40 वर्षों के संबंध सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा व्यापार से प्रगाढ़ हुए हैं - प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 3 सितंबर 2024 को दो दिवसीय ब्रुनोई दारुस्सलाम की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली आधिकारिक यात्रा थी। प्रधानमंत्री श्री मोदी का ब्रुनेई दारुस्सलाम के क्राउन प्रिंस तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में वरिष्ठ मंत्री महामहिम प्रिंस हाजी अल-मुहतादी बिल्लाह ने स्वागत किया। महामहिम ने प्रधानमंत्री के साथ द्विपक्षीय बैठक की। यात्रा उपरांत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक यात्रा दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के स्थापना की 40वीं वर्षगांठ के अवसर पर हुई है। उन्होंने कहा कि ब्रुनेई दारुस्सलाम और भारत के बीच गहरी मित्रता पिछले चार दशकों के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में मजबूत हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ब्रुनेई दारुस्सलाम और भारत के बीच सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंध हैं जो सांस्कृतिक आदान-प्रदान और व्यापार से प्रगाढ़ हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 1984 में दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों ने एक स्थायी साझेदारी की शुरुआत को संभव बनाया।

### बहुमूल्य योगदान की सराहना की

इस अवसर पर महामहिम प्रिंस हाजी अल-मुहतादी बिल्लाह ने देश के



प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर ब्रुनोई पहुंचे

सामाजिक-आर्थिक और राष्ट्रीय विकास में विभिन्न व्यवसायों में संलग्न भारतीय समुदाय के बहुमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में द्विपक्षीय संबंधों में उत्कृष्ट प्रगति को रेखांकित करते हुए आपसी हित के सभी क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने और आगे बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट की।

### इन क्षेत्रों पर की चर्चा

बैठक के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी और महामहिम बिल्लाह ने रक्षा, कनेक्टिविटी, व्यापार एवं निवेश और नवीकरणीय समेत ऊर्जा, अंतरिक्ष, आईसीटी, स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, शिक्षा एवं क्षमता निर्माण, संस्कृति, पर्यटन, युवा तथा दोनों देशों के लोगों के बीच पारस्परिक आदान-प्रदान के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों सहित विभिन्न विषयों पर सहयोग बढ़ाने के बारे में चर्चा की। इस दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विदेश कार्यालय परामर्श एवं विभिन्न संयुक्त कार्य समूह की बैठकें नियमित ढंग से हों इसके साथ ही द्विपक्षीय व बहुपक्षीय मुद्दों पर नियमित चर्चा होनी आवश्यक है।

### एमओयू के संपन्न होने की सराहना की

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के टेलीमेट्री ट्रैकिंग और टेलीकॉममांड (टीटीसी) स्टेशन की मेजबानी जारी रखने के लिए ब्रुनेई दारुस्सलाम की बेहद सराहना की। जिसने अंतरिक्ष के क्षेत्र में वर्तमान में जारी भारत के प्रयासों में योगदान दिया है। दोनों नेताओं ने दोनों सरकारों के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत लंबे समय से चली आ रही व्यवस्था और एमओयू के तहत आपसी हित के क्षेत्रों में आगे सहयोग का स्वागत करते हुए नवीनीकृत एमओयू के संपन्न होने की सराहना की।

### समुद्री सहयोग बढ़ाने पर महत्व

प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच यात्राओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संयुक्त अभ्यास और नौसेना व तटरक्षक जहाजों के नियमित आदान-प्रदान सहित रक्षा और समुद्री सहयोग बढ़ाने के महत्व को स्वीकार किया गया है। इसके साथ ही बंदर सेरी बेगवान और चेन्नई के बीच योजनाबद्ध सीधी उड़ान कनेक्टिविटी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और दोनों देशों के बीच युवाओं के अधिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जायेगा।


# ईरान में हीटवेव के रिकॉर्ड टूटे

दक्षिणी ईरान में पिछले दिनों धरती पर सबसे ज्यादा गर्मी का रिकॉर्ड दर्ज किया गया। यहां 82.2 डिग्री सेल्सियस

- **ताप सूचकांक को स्पष्ट तापमान के तौर पर जाना जाता है।**
- **पश्चिम एशिया, ईरान, इराक में बहुत भीषण गर्मी झेल रहे लोग।**
- **ईरान-इराक के कई क्षेत्रों में तापमान 50 डिग्री के पार जा चुका।**

का ताप सूचकांक दर्ज किया गया।

दक्षिणी ईरान में डेरेस्टन हवाई अड्डे के पास मौसम केंद्र ने 82.20C (1800F) हीट इंडेक्स (ताप सूचकांक) दर्ज किया है। यूएस नेशनल वेदर सर्विस के आंकड़ों के मुताबिक हवा का तापमान 38.9 डिग्री सेल्सियस (102 डिग्री फारेनहाइट) और सापेक्ष आर्द्रता 85% थी। इन आंकड़ों पर अमेरिका स्थित मौसम वैज्ञानिक कॉलिन




मैक्कार्थी ने इसकी वैधता को सत्यापित करने के लिए आधिकारिक जांच का आह्वान भी किया है।

कॉलिन ने कहा कि यह निर्धारित करने के लिए, ये रीडिंग सटीक हैं, एक आधिकारिक जांच करने की आवश्यकता होगी। जानकारी के अनुसार ईरान के मौसम वैज्ञानिक भी दर्ज सूचकांक की वास्तविकता का पता लगाने में जुट गए हैं।

मैक्सिको ने

# अमेरिका और कनाडा से कूटनीतिक संबंधों को दिया अल्पविराम

मैक्सिको ने प्रस्तावित न्यायिक सुधार पर चिंता व्यक्त करने के कारण हुए अमेरिका और कनाडा के दूतावासों के साथ संबंधों में अल्पविराम का फैसला किया है। आलोचकों के अनुसार मैक्सिको में न्यायिक सुधार संबंधी कदमों से न्यायपालिका की स्वतंत्रता में कमी आने का खतरा है। मैक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर ने अल्प विराम के अर्थ के बारे में ज्यादा नहीं बताया है। औपचारिक कूटनीतिक भाषा में इस शब्द का इस्तेमाल नहीं किया जाता और मैक्सिको के विदेश मंत्रालय ने भी इस बारे में टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया।

मैक्सिको के राष्ट्रपति के न्यायिक



सुधार प्रस्तव में न्यायाधीशों को चुने जाने संबंधी प्रावधान शामिल हैं। विश्लेषकों, न्यायाधीशों एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को आशंका है कि इससे न्यायालयों में कम अनुभव वाले एवं राजनीतिक रूप से पक्षपाती व्यक्तियों की नियुक्ति हो सकती है। इस प्रस्ताव के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए हैं और इसकी व्यापक आलोचना हो रही है।

अमेरिकी राजदूत केन सालाजार ने इस प्रस्ताव को लोकतंत्र के लिए जोखिम बताते हुए पिछले सप्ताह कहा था कि इससे मैक्सिको के अमेरिका के साथ वाणिज्यिक संबंधों पर असर पड़ सकता है। ओब्राडोर ने राजदूत की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने मैक्सिको की संप्रभुता का उल्लंघन किया है। ओब्राडोर ने कहा कि उनका मानना है कि ये तीखी टिप्पणियां सालाजार की नहीं, बल्कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय की थीं।

मैक्सिको में प्रस्तावित न्यायिक सुधार पर दोनों देशों के दूतावासों की टिप्पणी को राष्ट्रपति ओब्राडोर ने संप्रभुता का उल्लंघन बताया है।

# पृथ्वी पर मौजूद है इलेक्ट्रिक फील्ड : नासा

हम लंबे समय से यह जानते रहे हैं कि हमारी पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण और चुंबकीय शक्तियां काम करती हैं, जिनका कारण पृथ्वी पर मौजूद ग्रेविटी फील्ड और मैग्नेटिक फील्ड है। अब वैज्ञानिकों ने पुष्टि की है कि गुरुत्वाकर्षण और मैग्नेटिक फील्ड की ही तरह पृथ्वी पर इलेक्ट्रिक फील्ड भी मौजूद है। इस तरह वैज्ञानिक अब इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि पृथ्वी पर दो नहीं, बल्कि तीन आधारभूत शक्तियां सक्रिय रहती हैं। यह तीसरी शक्ति है विद्युत शक्ति। वैज्ञानिकों ने पहली बार 60 साल पहले पृथ्वी पर ऐसे किसी विद्युत क्षेत्र की परिकल्पना की थी। वैज्ञानिकों की इस सोच के पीछे मुख्य कारण यह जिज्ञासा थी कि



कैसे हमारा वायुमंडल उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव पर पलायन कर सकता है। दरअसल, एंड्योरेंस मिशन के तहत 1960 से हमारी पृथ्वी के ध्रुवों पर उड़ रहे रॉकेट ने ऐसे कणों की मौजूदगी का पता लगाया था, जो पृथ्वी से स्पेस की ओर सुपरसोनिक गति से उड़ सकते थे। पर यह कण न तो ठंडे थे और न ही गर्म पाये गये।

### ध्रुवीय हवाओं ने दी सोच को दिशा

कोई शक्ति थी जो इन कणों को वायुमंडल से बाहर निकाल रही थी। शोध टीम के लेखक ग्लीन कोलिनसन ने 2016 में इसे मापने के लिए नया उपकरण बनाया, जिसके जरिए पृथ्वी पर इस एंबीपोलर विद्युत शक्ति (दोनों दिशाओं में सक्रिय) को मापा गया।

# काबुल में हुआ फिदायीन हमला

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में हुए फिदायीन हमले में 6 लोगों की जान चली गई। काबुल पुलिस के मुताबिक हमला काफी तेज था और इस हमले में 6 लोगों के क्षत-विक्षत शव मिले, जबकि घायल हुए 13 लोगों की हालत अभी ठीक है। काबुल पुलिस प्रमुख के प्रवक्ता खालिद जादरान ने बताया कि विस्फोट दक्षिण-पश्चिम काला बख्तियार इलाके से हुआ। उन्होंने बताया कि मृतकों में एक महिला भी शामिल है। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है।

इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी फिलहाल किसी संगठन ने नहीं ली है। खालिद ने बताया कि पुलिस फिलहाल इसकी जांच कर रही है कि इसके पीछे कौन लोग हैं। अफगानिस्तान के एक प्रमुख प्रतिद्वंदी इस्लामिक स्टेट समूह के सहयोगियों ने पूरे अफगानिस्तान के स्कूलों, अस्पतालों, मस्जिदों और शिया क्षेत्रों पर हमले किए हैं। पुलिस के मुताबिक इसमें भी इस्लामिक स्टेट का हाथ हो सकता है।

ज्ञात रहे कि 2021 में दो दशक तक अफगानिस्तान में डेरा जमाए बैठे अमेरिकी और नाटो फौजों की घर वापसी हुई थी। इन फौजों के अफगानिस्तान को छोड़ते ही तालिबान ने कुछ ही दिनों के अंदर फिर से अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा कर लिया और तत्कालीन राष्ट्रपति गनी को हेलीकॉप्टर से देश छोड़कर भागना पड़ा था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- डॉ. सुदाम खाड़े, मुद्रक- डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।